वर्ष-31, अंक- 212, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 08, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार
20 मई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर





## एक नजर

### चीन की राजधानी में भूकंप से हिली धरती

**हांगकांग/बीजिंग (हि.स.)।** चीन की राजधानी बीजिंग में रविवार की रात को भूकंप के झटके महसूस किए गए। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.5 दर्ज की गई। भूकंप स्थानीय समयानुसार आधी रात बाद 01:21 बजे पास के बंदरगाह शहर तियानजिन के उपनगर में 10 किलोमीटर (6.2 मील) की गहराई पर आया। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र ने भूकंप की तीव्रता 4.2 मापी और इसका केंद्र पड़ोसी हेबेई प्रांत के योंगकिंग काउंटी में बताया।

### ईडी ने यूको बैंक के पूर्व चेयरमैन एसके गोयल को किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली (हि.स)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यूको बैंक के पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (एमडी) सुबोध कुमार गोयल को कोलकाता स्थित एक कंपनी से जुड़े 6,200 करोड़ रुपए से अधिक के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन (मनी लांड्रिंग) के आरोप में गिरफ्तार किया है। विशेष न्यायालय (पीएमएलए) ने गोयल को ईडी की हिरासत में भेज दिया है।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### आज / कल




## आईसीएआर कैंपस का निरीक्षण करने पहुंचीं शिल्पी नेहा तिर्की, कहा-

# किसानों के बेहतर जीवन के लिए सरकार कर रही कार्य

**बोलीं कृषि मंत्री**

- यह समय कृषि क्षेत्र में ज्ञान-विज्ञान के सहारे कदम बढ़ाने का है
- कृषि उत्पाद को सही बाजार उपलब्ध कराने में जुटी है सरकार


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के गढ़खटंगा स्थित आईसीएआर (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) कैंपस का राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने बायोमास गैसीफायर सह बायोचर उत्पादन इकाई का उद्‌घाटन भी किया। संस्थान के द्वारा ज्ञान और विज्ञान के साझा प्रयास से उन्नत कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे बेहतर काम की उन्होंने सराहना की।
आईसीएआर द्वारा कृषि के क्षेत्र में कई तरह के नए प्रयोग किए जा रहे है। जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए फसल के चयन और उसके पैदावार को बढ़ाने की दिशा में संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्य की जानकारी मंत्री को दी गई।
आईसीएआर कैंपस में अनुसूचित जनजाति परियोजना एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस सह कृषि इनपुट वितरण का आयोजन किया गया था। इसमें करीब 300 किसानों के बीच कृषि सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज का दौर ज्ञान और विज्ञान से जुड़ कर कृषि के क्षेत्र में कदम बढ़ाने का है। आईसीएआर संस्थान किसानों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ उन्हें विकसित करने की दिशा में बेहतर काम कर रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि संस्थान के विकास के लिए राज्य सरकार ने 124 एकड़ भूमि मुहैया कराई है। इससे पहले बीएयू संस्थान को भी 700 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई जा चुकी है। आदिवासी-मूलवासी के पास जमीन ही सबसे बड़ी पूंजी है। समय-समय पर संस्थानों के विस्तार और विकास के लिए उन्होंने जमीन दिया। राज्य के लोग और राज्य का विकास ही संस्थान का उद्देश्य होना चाहिए।

शेष पेज 11 पर



### हेमंत सरकार ने किसानों के लिए चलाई हैं कई योजनाएं



मानव सभ्यता के विकास में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका है। और आज भी, अगर कृषि का आधार मजबूत है, तो देश कई समस्याओं से आसानी से बाहर निकल सकता है। इसलिए झारखंड में कृषि का विकास और यहां के किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना हेमंत सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के किसानों के विकास के लिए कई कदम उठाए हैं। किसानों को प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान की स्थिति में उन्हें राहत देने के लिए 'झारखंड फसल राहत योजना' शुरू की गई है। 'किसान समृद्धि योजना' से किसानों को 90 फीसदी सब्सिडी पर सोलर पंप दिए जा रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य खेत की सिंचाई के लिए वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराना है।
वहीं, वर्ष 2025-26 के बजट में भी कृषि कार्यों के लिए बड़ा बजटीय प्रावधान किया गया है।



### एफजेसीसीआई की टूरिज्म व सिविल एविएशन उपसमिति की बैठक में एक स्वर में कहा गया

# तुर्किये और अजरबैजान का ट्रेड व टूर बॉयकॉट जरूरी

- शैलेष अग्रवाल ने कहा ट्रेड और टेररिज्म एक साथ नहीं चल सकते
- आदित्य मल्होत्रा ने कहा दोनों देशों के उत्पादों का प्रचार नहीं करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत-पाकिस्तान तनाव के समय तुर्किये और अजरबैजान द्वारा खुलकर पाकिस्तान का समर्थन करने का विरोध जताते हुए चैंबर भवन में उपस्थित ट्रैवल एंड टूर इंडस्ट्री से संबंधित ट्रैवल एजेंट और टूर ऑपरेटर्स ने एक स्वर में कहा कि हम उन देशों से व्यापार और ट्रैवल का पूरी तरह बॉयकॉट करेंगे। फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की टूरिज्म और सिविल एविएशन उपसमिति की सोमवार को आयोजित संयुक्त बैठक में ट्रैवल एजेंट और टूर ऑपरेटर्स ने कहा कि हम उन दोनों देश के लिए कोई भी पैकेजेज और एयरलाइंस टिकट बुक नहीं करेंगे। साथ ही, यात्रियों को भी उन देशों की यात्रा करने से परहेज कराने के लिए प्रेरित करेंगे। टूरिज्म उपसमिति के चेयरमैन शैलेष अग्रवाल ने कहा कि ट्रेड और टेररिज्म एक साथ नहीं चल सकते। जो देश भारत के खिलाफ काम करते हों, हम उनके साथ किसी तरह का व्यापारिक संबंध नहीं रखेंगे। सिविल एविएशन उपसमिति के चेयरमैन श्रवण राजगढ़िया ने कहा, हमारे देश में ही कई ऐसे रमणीय स्थल हैं, जहां छुट्टियों में घूमा जा सकता है। राज्यवासी उन देशों में नहीं जाकर, अपने देश में ही घूमें। महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने सभी व्यापारियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे इन देशों के उत्पादों का प्रचार नहीं करें और न ही इनका स्टॉक रखें। भारत सरकार से भी आग्रह है कि पाकिस्तान को खुला समर्थन देने वाले दोनों देशों से कारोबार पर रोक लगाए। बैठक में उपस्थित लोहरदगा के ट्रैवल एजेंट कौशल मित्तल ने अवगत कराया कि लोहरदगा में सभी ट्रैवल एजेंट्स इन देशों का बॉयकाट कर रहे हैं।

शेष पेज 11 पर

# कांके में जमीन कारोबारी की चाकू मारकर हत्या, आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र के अंतर्गत कांके डैम मिलन चौक पर सोमवार को एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान रमेश उरांव के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, रमेश उरांव जमीन का कारोबार करते थे। आशंका जताई जा रही है कि जमीन विवाद के कारण हत्या की गई है।
घटना के संबंध में जो जानकारी सामने आ रही है, उसके अनुसार अज्ञात अपराधियों ने घर में घुसकर व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। इसके बाद वे मौके से फरार हो गए। इस पर आक्रोशित परिजनों ने सड़क जाम कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाया और इसके बाद सड़क जाम हटा दिया गया।



- आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम, पुलिस ने समझा कर जाम हटवाया
- मामला जमीन विवाद से जुड़े होने की जताई जा रही आशंका

### विक्रम मिसरी ने संसदीय समिति से कहा

# संघर्ष में पाक की ओर से नहीं मिले 'परमाणु संकेत'

**नई दिल्ली (हि.स.)**

विदेश मामलों से जुड़ी संसद की स्थायी समिति के समक्ष सोमवार को विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने स्पष्ट किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य तनाव पारंपरिक दायरे में ही रहा। पाकिस्तान की ओर से कोई परमाणु संकेत (न्यूक्लियर सिग्नलिंग) नहीं दिया गया।
सूत्रों के अनुसार, मिसरी ने समिति को बताया कि सैन्य कार्रवाई रोकने का निर्णय पूरी तरह से द्विपक्षीय था और इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं थी। उनका यह जवाब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के संदर्भ में भी था। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने की। इसमें रविशंकर प्रसाद, अभिषेक बनर्जी, राजीव शुक्ला, दीपेंद्र हुड्डा, असदुद्दीन ओवैसी, अपराजिता सारंगी और अरुण गोविल एवं अन्य शामिल हुए। यह बैठक पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' और उसके बाद भारत-पाक के बीच बढ़े तनाव के संदर्भ में बुलाई गई थी। बैठक में सदस्यों ने विदेश सचिव से कई सवाल किए। साथ ही, भारत को हुए नुकसान पर भी सवाल हुए। हालांकि, विदेश सचिव ने कुछ प्रश्नों का उत्तर नहीं दिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के कथन पर उठे सवालों पर मिसरी ने समिति को बताया कि जयशंकर के बयान को 'गलत' अर्थ में नहीं देखना चाहिए। कुछ सदस्यों ने यह भी पूछा कि क्या पाकिस्तान ने संघर्ष के दौरान चीनी सैन्य प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया। इस पर विदेश सचिव ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि भारत ने पाकिस्तान के एयरबेस को कुशलता से निशाना बनाया। शेष पेज 11 पर



- बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने की

### स्वर्ण मंदिर था पाकिस्तान के निशाने पर

**नई दिल्ली (हि.स.)।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान की ओर से भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों, धार्मिक स्थलों सहित नागरिक ठिकानों को निशाना बनाए जाने की आशंकाएं थीं, जिनमें अमृतसर का स्वर्ण मंदिर सबसे प्रमुख था। इसका मुकाबला भारत ने अपनी वायु रक्षा प्रणालियों से करके अमृतसर में स्वर्ण मंदिर और पंजाब के शहरों को पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन हमलों से बचाया। भारतीय सेना ने सोमवार को पंजाब के अमृतसर में एक डेमो दिखाया कि कैसे आकाश मिसाइल प्रणाली, एल-70 एयर डिफेंस गन सहित अन्य हथियारों के जरिए सेना के हवाई रक्षा गनर्स ने पाकिस्तान की सेना के नापाक इरादों को विफल करके स्वर्ण मंदिर पर लक्षित सभी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराया। इस प्रकार हमारे पवित्र स्वर्ण मंदिर पर एक खरोंच भी नहीं आने दी। 15 इंफैंट्री डिवीजन के जीओसी मेजर जनरल कार्तिक सी. शेषाद्रि ने बताया, हमने स्वर्ण मंदिर को एक समग्र हवाई रक्षा कवर देने के लिए अतिरिक्त आधुनिक वायु रक्षा संपत्ति जुटाई। 8 मई को तड़के अंधेरे में पाकिस्तान ने मानव रहित हवाई हथियारों में मुख्य रूप से ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइलों के साथ बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया।

शेष पेज 11 पर


### सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा

# 'वन रैंक वन पेंशन' के हकदार हैं हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज

**नई दिल्ली (हि.स.)**

सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जजों को समान और पूरी पेंशन देने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि जजों की नियुक्ति की तिथि और उनके कार्यकाल के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा।
कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के सभी सेवानिवृत्त जज, चाहे वे किसी भी तारीख में नियुक्त हुए हों, पूर्ण पेंशन के हकदार हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सेवानिवृत्त चीफ जस्टिस को सालाना 15 लाख रुपए की पूरी पेंशन का भुगतान करना होगा। कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार को हाईकोर्ट के सभी सेवानिवृत्त जजों के मामले में 'वन रैंक वन पेंशन' (ओआरओपी) के सिद्धांत का पालन करना होगा, भले ही जजों की नियुक्ति जिला अदालत या बार हो। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी जज की सेवा काल के दौरान मौत होती है, तो उनकी विधवा या परिवार के सदस्यों को ग्रेच्युटी का भुगतान करना होगा। जज द्वारा की गई सेवा अवधि में करियर अवधि जोड़कर ग्रेच्युटी का भुगतान करना चाहिए।
ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2004 में स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई शुरू की थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में जजों के पेंशन और रिटायरमेंट के बाद मिलने वाले लाभों को लेकर कई याचिकाओं को स्वतः संज्ञान लिए गए मामले के साथ टैग कर दिया।

शेष पेज 11 पर



- शीर्ष न्यायालय ने वर्ष 2004 में स्वत: संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई शुरू की थी

# राज्यपाल व सीएम करेंगे बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार (20 मई) को बीबीएमकेयू धनबाद में बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी के इस प्रतिमा अनावरण समारोह में भाग लेने के लिए तीन हजार से अधिक लोगों को आमंत्रित किया है। समारोह की तैयारी पूरी हो चुकी है। डीसी, एसएसपी सहित तमाम आला अधिकारियों ने समारोह स्थल का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कार्यक्रम को लेकर बीबीएमकेयू परिसर में तैयारियां जोरो पर हैं। परिसर को सजाया गया है और सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिला प्रशासन भी इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद है। सुरक्षा से लेकर ट्रैफिक और आमंत्रित अतिथियों की व्यवस्था तक की निगरानी स्वयं वरीय प्रशासनिक अधिकारी कर रहे हैं। कार्यक्रम में कई जन प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। सभी तैयारियों की कुलपति प्रो रामकुमार सिंह खुद निगरानी कर रहे हैं।



## इंडिया

# चौथे स्तंभ के मिशन से चौथे दर्जे की ओर बढ़ती ब्रेकिंग न्यूज पत्रकारिता



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत में पत्रकारिता का बहुत ही स्वर्णिम इतिहास रहा है जिससे स्वतंत्रता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने, राष्ट्रवादी विचारों से लोगों को एकजुट करने और राष्ट्रीय चेतना विकसित कर देश की स्थिति और ब्रिटिश शासन के अत्याचारों के बारे में जानकारी मिली और आजादी के प्रति जागरूकता बढ़ी। पत्रकारिता ने जनमत को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समाचार पत्रों में प्रकाशित लेख, संपादकीय और अन्य विचारोत्तेजक सामग्री ने लोगों को विभिन्न मुद्दों पर सोचने और अपनी राय बनाने के लिए प्रेरित किया जिसने स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने और स्वतंत्रता आंदोलन को संगठित करने और उन्हें एक मंच पर लाने में मदद मिली।पत्रकारिता ने औपनिवेशिक शासन की आलोचना करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अन्य के अलावा "प्रताप" समाचार पत्र ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । पंडित माखनलाल चतुर्वेदी, मुंशी प्रेमचंद, गणेश शंकर विद्यार्थी ना सिर्फ साहित्यकार थे बल्कि बड़े पत्रकार और संपादक भी थे। कुछ दशकों में भारत की पत्रकारिता बदली और सरकारों पर अंकुश रखने या देश की वास्तविक स्थिति से सभी को अवगत कराने के दौर में पत्रकारिता एक मिशन की तरह थी जिसमें आज की तरह सेलेब्रेटी करोड़पति पत्रकार नहीं थे पर कलम के धनी निर्भीक पत्रकारों से सत्ता डरती थी और अक्सर जनसभाओं में मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक को उनका अभिवादन करते देखा जाता था जो उनके स्वागत में खड़ी पब्लिक के विपरीत बैठे होते थे ! आज अनगिनत अनिबंधित मोबाइल पत्रकार हैं जो हर खबर को ब्रेकिंग न्यूज बताकर सोशल मीडिया में डालते हैं और सत्ता,फिल्म या व्यापार जगत के सेलेब्रेटी से लेकर मध्यमवर्गीय नेता तक उन्हें अपनी महंगी गाड़ियों के साथ माइक लेकर दौड़ाते हुए अहंकार और व्यंग्य से देखते हुए निकल जाते हैं दूसरी ओर नियमबद्ध गंभीर और जिम्मेदार पत्रकारिता में लगे टीवी और प्रिंट के लोगों को वर्तमान में घट रही घटनाएं चिंता में डाल रहीं हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरु किया जिसके बाद संदिग्ध गतिविधियों के कारण हरियाणा पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियों ने पाकिस्तानी जासूसी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के कर्मचारियों के साथ भारतीय सेना और अन्य सैन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करने के आरोप में अब तक ग्यारह लोगों को गिफ्तार किया गया है जिन्हें केंद्रीय जांच एजेंसियों से मिली सूचना के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। यह कथित तौर पर व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करके लंबे समय से संवेदनशील जानकारी साझा कर रहा था। उसके मोबाइल फोन की तलाशी के दौरान, पुलिस ने कहा कि उन्हें पाकिस्तानी फोन नंबरों के साथ साझा की गई बातचीत, तस्वीरें और वीडियो मिले।ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत के बाद से पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में जिन ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया गया है वे हैं-ज्योति मल्होत्रा (हरियाणा),अरमान (नूह, हरियाणा),तारीफ (नूह, हरियाणा),देवेंद्र सिंह ढिल्लों (कैथल, हरियाणा),मोहम्मद मुर्तजा अली (जालंधर, पंजाब),गजाला (पंजाब),यासीन मोहम्मद (पंजाब),सुखप्रीत सिंह (गुरदासपुर, पंजाब),करणबीर सिंह (गुरदासपुर, पंजाब),शहजाद (मुरादाबाद, यूपी),नोमान इलाही (कैराना, यूपी)। इसमें ज्योति मल्होत्रा सबसे अधिक चर्चित हैं जो तीन बार पाकिस्तान की यात्रा कर चुकीं हैं और वहां के फाइव स्टार होटल में उनका स्वागत सत्कार क्यों और किसने किया से लेकर ओडिशा के प्रसिद्ध पुरी मंदिर के आसपास प्रेस के नाम पर घूमकर इकट्ठा की गई सूचनाएं सुरक्षा एजिंसियों के लिए चिंता का विषय हैं ।ऐसे अनिबंधित और तकनीकी रूप से गैरकानूनी कथित पत्रकार सोशल मीडिया पर डॉलर कमाने या पाकिस्तान जैसे दुश्मन देशों के हनीट्रैप में फंसकर या लालच में कुछ भी सूचनाएं कहीं से इकट्ठी कर रहे हैं उस पर रोक लगाने के लिए चीन की तरह प्रतिबंध की आवश्यकता है ।पुलिस के पास उन लापता 28 पाकिस्तानी नागरिकों के बारे में कोई जानकारी नहीं है, जो साल 2005 भारत- पाकिस्तान का मैच देखने आए थे लेकिन इसके बाद गुम हो गए पर अभी भी किसी भी देशी विदेशी को हम रक्षा मंत्रालय के प्रतिष्ठानों को छोड़कर कहीं भी घूमने या फोटो वीडियो बनाने की आजादी देते हैं पर रांची के मेकॉन के एक अभियंता ने बताया था कि जब वे चीन में डिजाइनिंग और अभियंत्रण की अपनी सेवाओं से संबंधित कार्यों के लिए जाते थे तो उनके विमान के दिल्ली से उड़ते ही वहां के हवाई अड्डे पर एक व्यक्ति तैनात रहता था और जब तक वे वहां रहते छाया की तरह साथ रहता था ताकि वे चीन की तकनीक की नकल न कर सकें । जब वे दिल्ली पहुंच जाते तब वह उनसे बात करने के बाद अपने घर जाता था कि कहीं वे वापस न लौट जाएं । अभी गिरफ्तार 11 लोगों के अलावा अनेक गद्दार खुले घूम रहे हैं उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पैनी नजर रखनी चाहिए और पत्रकारिता की साख बची रहे इसके लिए या तो मोबाइल पत्रकारों को निबंधित कर मान्यता दी जाए जिससे उन्हें वैध रूप से काम करने का अवसर मिले या इन घटनाओं को चेतावनी मानकर स्पष्ट सीमा रेखा बनाई जाए।




### पाकिस्तान को दिया मुंहतोड़ जवाब

# हमारी सेना की वीरता को देख विश्व हतप्रभ




ज्योति सिंह मथारू, उपाध्यक्ष, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त)

भारतीय सेना की वीरता आज देश ही नहीं, पूरा विश्व देख रहा है। हमारी सेना रात को जगती है व हम देशवासी चैन की नींद सोते हैं। हमारी सेना देश की सुरक्षा के लिए 365 दिन तैयार रहती है। ठंड, गर्मी व बरसात का परवाह किए बिना जवान सुरक्षा में तैनात रहते हैं। हाल ही में पहलगाम हमले के बाद सेना ने जो वीरता दिखाई, इससे पूरा विश्व हतप्रभ रह गया। पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया गया। हमारी सेना विश्व में ऊंचा स्थान रखती है। मुगलों के शासन में भी देश के योद्धाओं ने मुगलों के नाकों में दम कर दिया था। हमारी सेना की कुर्बानी के बाद भी उनके परिजनों की इच्छा शक्ति बढ़ती जाती है। वहीं, परिवार के अन्य सदस्य जो सेना में हैं, उनका मनोबल बढ़ाते हैं और अन्य परिजनों को सेना में सेवा देने के लिए प्रेरित करते हैं। सेना के परिजनों को पैसा पर ध्यान नहीं जाता है, उनका ध्यान सिफ देश पर रहता है। सेना के जवानों को अपने परिवार से भी प्रेरणा मिलती है। देश के लिए शहीद होने पर परिवार के लोग दुखी होते हैं, पर उनका जज्बा कम नहीं होता है। परिवार का कोई सदस्य देश की सेवा के लिए फिर सेना में शामिल हो जाता है।

# अधूरे सड़क निर्माण पर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी, आंदोलन की चेतावनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। प्रखंड के पांकी लोहरसी रोड से बराज होते गोंगो के रास्ते तरहसी के सोनपुरा तक लगभग 14 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, लेकिन यह कार्य भगत सिंह चौक से लगभग 500 मीटर दूर स्थित पुराने कस्तूरबा विद्यालय तक ही पूरा कर आगे का कार्य बंद कर दिया गया। कस्तूरबा विद्यालय से लेकर मुख्य चौक तक सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है व

### पांकी से सोनपुरा तक बननी थी सड़क, 500 मीटर पहले ही बंद हो गया काम

सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे भी हो गए हैं। अधूरे सड़क की जानकारी जैसे ही प्रखंड के व्यवसाईयों सहित ग्रामीणों को मिली लोगों ने प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, जिला परिषद प्रतिनिधि मुकेश सिंह चंदेल, मुखिया प्रेम प्रसाद के नेतृत्व में स्थल पर पहुंच कर विरोध किया व सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण किए जाने की मांग विभाग के अधिकारियों से की, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि मुख्य बाजार चौक से लेकर कस्तूरबा गांधी विद्यालय तक सड़क के निर्माण नहीं होने से व्यवसाईयों सहित राहगीरों व स्थानीय लोगों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिस कारण बरसात में सड़क पर लगभग 2 फीट तक पानी जमा हो जाता है। इससे तालाब जैसी स्थिति बन जाती है। पानी सूखने के बाद उड़ती धूल से लोगों का जीना मुश्किल हो जाता है। हर रोज छोटी बड़ी दुर्घटनाएं होती है। ऐसे में यदि उक्त सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो मुश्किलें बढ़ जाएंगी। मौके पर मौजूद लोगों ने व्यवसाययों व ग्रामीणों की मांग को जायज बताते हुए कहा कि सड़क का निर्माण मुख्य चौक तक नहीं किया जाना दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि निर्माण के पूर्व विभाग के लोगों द्वारा आखिर कैसे इस सड़क का डीपीआर तैयार किया गया, जो सड़क लगभग 500 मीटर अधूरा रह गया यह जांच का विषय है। मौके पर उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, अबुल हसन, साजिद अंसारी, पूर्व मुखिया अब्दुल हसन, नरेंद्र सिंह, आफताब आलम, अखिलेश गुप्ता ,सगीर अंसारी, मिथिलेश यादव, नंदू सिंह, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। इस संबंध में विभाग के कार्यपालक अभियंता विशाल खलखो ने बताया कि अधूरे सड़क (आरसीडी) पथ निर्माण विभाग के अधीन आता है, जिस कारण कार्य वहीं तक किया गया है।अधूरा क्षेत्र उनके अधीन नहीं है। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण विभाग द्वारा टेंडर निकाला गया है वह अलग से बनेगा।

## एक नजर

### भाजपा प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने सामूहिक दुष्कर्म मामले में पीड़िता के परिजनों से की मुलाकात

**पांकी।** भाजपा उपाध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता सहित भाजपा प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने रविवार दोपहर पांकी स्थित सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास मामले में पीड़िता के परिवार से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा प्रतिनिधिमंडल के लोगों ने पीड़ित परिवार को मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को बताया कि घटना बेहद दु:खद है। दोषियों को सख्त सजा मिले और यह मामला फास्टट्रैक कोर्ट के तहत शुरू कर त्वरित न्याय सुनिश्चित कराने की मांग सरकार से की जायेगी। मौके पर भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह,शंकर प्रसाद, साधु मांझी, रिमा शर्मा व अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नगर क्षेत्र में जनसमस्याओं का समाधान शीघ्र हो : सुष्मा

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में व्याप्त जन समस्यओं के समाधान को लेकर वार्ड पांच की निवर्तमान पार्षद सुषमा गुप्ता मुखर हैं। इसे लेकर उन्होंने नगर प्रशासक को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा है। साथ ही समस्याओं का त्वरित समाधान की मांग की है। कहा है कि हुसैनाबाद नगर क्षेत्र के सभी नालियों की सफाई, चापाकल की मरम्मती व पेयजल सुविधा के लिए जलमीनार का रख रखाव, टैंकर द्वारा पेयजल की आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट मरम्मती व आवश्यकतानुसार लाइट की व्यवस्था, पीएम आवास योजना के चयनित लाभुकों की बकाए किश्तों का भुगतान करना एवं नगर पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय का भुगतान करना आदि शामिल है।

# केसीसी ऋण माफी योजना को लेकर पंचायत सचिवालय में कैंप का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के महुअरी पंचायत सचिवालय के सभागार में सोमवार को केसीसी ऋण माफी योजना को लेकर विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान किसान हित में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ लेने प्रेरित किया गया। साथ ही किसानों को नया केसीसी एवं केसीसी ऋण माफी, ब्लॉकचेन रजिस्ट्रेशन, सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र सोलर पंम्प उधान विभाग से संचालित योजना आदि के लिए किसानों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महुअरी पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी ने किया।मौके पर उपस्थित किसानों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुखिया सरिता कुमारी ने कहा की इस विशेष कैम्प का मुख्य उद्देश्य केसीसी ऋण माफी योजना के बारे में जानकारी देना और किसानों को योजना का लाभ उठाने में मदद करना है।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित मे कई जनउपयोगी योजना चलाया जा रहा है। इससे जागरूक होकर लाभ उठाने की जरूरत है। इस मौके पर बीटीएम जय गोविंद कुमार यादव, प्रखंड समन्वयक सतीश कुमार चतुर्वेदी, पैक्स अध्यक्ष बिमलेश पासवान ,कृषि मित्र नागेंद्र कुमार सिंह ,सुदर्शन सिंह ,जितेंद्र सिंह, नवल किशोर त्रिवेदी समेत किसान जमुना प्रसाद सिंह, सत्यनारायण सिंह, आरके मेहता ,शत्रुघ्न सिंह, भोला सिंह, सत्यनारायण चौहान, राजू मेहता, संजय सिंह ,गौरव कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, विक्की कुमार सिंह, मंटू कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### जल सहिया ने बच्चों को शौचालय उपयोग व हाथ धुलाई का महत्व बताया

**मोहम्मदगंज।** पंसा पंचायत अंतर्गत तेंदुआ कला स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को जल सहिया गुंजा देवी स्वच्छता का महत्व बताया। इस संबंध में जानकारी देते हुए ब्लॉक वाश को ऑर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि हर माह की 19 तारीख को विद्यालय स्वच्छता दिवस के रूप मनाया जाना है। इसी का अनुशरण करते हुए जल सहिया गुंजा देवी ने स्वच्छता के बारे में बच्चों को जानकारी दी। इसमें शौचालय के उपयोग और हाथ धुलाई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद बताया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापक रचना देवी और अन्य शिक्षक भी मौजूद थे। इसे लेकर बच्चों में उत्सुकता देखी गई। उन्होंने कहा कि इस दिवस पर स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की दिशा में इस जलसहिया का प्रयास अनुकरणीय और सराहनीय कदम है। उन्होंने अन्य सभी जलसहियाओं को भी इस दिवस पर बच्चों को स्वच्छता और स्वास्थ्य को लेकर जागरूक करने की जरूरत बताई।

# पुलिस ने स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा की दी जानकारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड़।** पुलिस ने सोमवार को यातायात जागरूकता अभियान के तहत स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में व्यवहारिक रूप से जानकारी दी। अभियान का आयोजन ऊंटारी रोड़ थाना में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत ऊंटारी रोड़ थाना प्रभारी प्रदीप दुबे ने किया, जिसमें छात्रों को सड़क सुरक्षा,यातायात नियंत्रण, डायल 112, थाना के ओडी, थाना हाजत,संधारण व नियमों के पालन के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों को यातायात सिग्नल, जेब्रा क्रॉसिंग, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग, ओवर स्पीड व मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने के खतरों की जानकारी दी गई। ऊंटारी रोड़ थाना प्रभारी प्रदीप दुबे ने आमजनों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की। सड़क पर धैर्य और अनुशासन का परिचय देने व यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग की बात कही।

# अनियंत्रित होकर टेंपो पलटा, एक की मौत, दो घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सोमवार को हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला छतरपुर मुख्य सड़क के कचरा गांव के समीप अनियंत्रिति होकर एक टेंपो पलट गई, टेंपो में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने के सहयोग से तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान विश्वसिया गांव निवासी शिवपूजन यादव (45) की मौत हो गयी। वही गंभीर रूप से घायल अमही गांव निवासी सन्नी कुमार, उमेश मेहता की पत्नी का प्राथमिक उपचार के बाद सन्नी कुमार की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार सभी लोग जपला टेंपो से अपने गांव लौट रहे थे, इसी क्रम में तेज रफ्तार बाइक से बचाने को लेकर टेंपो अनियंत्रति होकर पलट गई। बताया जाता हैं कि अनुमंडलीय अस्पताल की हेल्थ वर्कर ने घायल के परिजन से इलाज के नाम पर एक हजार रुपया ले लिया। इस घटना के बाद मरीजों को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचने पर अनुमंडलीय अस्पताल की हेल्थ वर्कर ने दो हजार रुपया की मांग की कहा की पैसा दो तो बेहतर इलाज होगा, एक हजार रुपया लेने के बाद घायल शिवपूजन यादव का इलाज में देरी होने के कारण उसकी मौत होने का आरोप लगाया है। वही इस मामले को लेकर अमही गांव निवासी राहुल कुमार ने हेल्थ वर्कर के खिलाफ लिखित शिकायत की हैं। ग्रामीणों ने किया हंगामा : पैसा को लेकर लेन देन में देरी होने के कारण शिवपूजन यादव की मौत होने पर ग्रामीणों ने जमकर हो हल्ला करने लगे। वहीं ग्रामीणों को आक्रोशित देखकर हेल्थ वर्कर अस्पताल परिसर में छुप गये, इसकी सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस अस्पताल पहुंचकर लोगों को शांत कराया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया।

## न्यूज बॉक्स

### सेना व शहीदों के सम्मान में पांकी में निकली तिरंगा यात्रा



**पांकी।** प्रखंड के मुख्य बाजार रोड स्थित भाजपा कार्यालय से सोमवार की सुबह सेना व शहीदों के सम्मान में भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने किया। कार्यक्रम में विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अजय तिवारी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडेय, लोहरसी मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह समेत अन्य लोग शामिल हुए। तिरंगा यात्रा की शुरूआत भाजपा कार्यालय से की गई। इस दौरान लोग हाथ में तिरंगा लिए भारत माता की जय के जोरदार नारे लगाते हुए श्री राम जानकी मंदिर व भगत सिंह चौक होते कर्पूरी ठाकुर चौक पहुंचे। वहां संबोधन कार्यक्रम के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने कहा हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा सेना को खुली छूट दी गई, जिसके परिणाम स्वरुप भारतीय सेवा ने पहलगाम हमला का बदला ऑपरेशन सिंदूर के जरिए लिया। हमारी सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन की पूरी दुनिया कायल है और पाकिस्तान को भी भारतीय सेना के पराक्रम को देखकर घुटनों पर आने पर मजबूर होना पड़ा। भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि देश की आजादी से लेकर अब तक किए सैनिकों के त्याग और बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता भारतीय सेना ने पहलगाम हमले का बदला ऑपरेशन सिंदूर के जरिए लेते हुए पूरी दुनिया को अपनी सैन्य ताकत का लोहा दिखाया। यह कार्यक्रम सेना व शहीदों के सम्मान के लिए समर्पित है। मौके पर भाजपा नेता सह विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, ललित मेहता, अरुण सिंह, सुनील शर्मा श्याम नंदन ओझा शेखर सिंह रीमा शर्मा नीलम सिंह शाहिद सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने प्रेमी युगल की शादी करायी



**छतरपुर।** अर्जुनडीड गांव में शादी समारोह में आई प्रेमिका व प्रेमी को गांव के लोगों ने 15 मई को आपत्तिजनक हालत में पकड़ने के बाद उनकी शादी रविवार की देर रात्रि छतरपुर स्थित ठाकुर बाड़ी मंदिर में करा दिया। मिली जानकारी के अनुसार प्रेमी युवक पिपरा बाजार थाना क्षेत्र के दलपतपुर निवासी राजदेव यादव का 21 वर्षीय पुत्र सूरजमल यादव और पिपरा थाना क्षेत्र के ही धुसरुआ निवासी विजय यादव की 21 वर्षीय पुत्री मुन्नी कुमारी के बीच पिछले सात माह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस संदर्भ में मुन्नी ने बताया कि सूरजमल द्वारा शादी का झांसा देकर उसके साथ पिछले सात माह से शारीरिक संबंध बना रहा था। शादी के नाम पर टाल मटोल करता था। उसने बताया कि सूरजमल यादव उसकी आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना कर उसे ब्लैकमेल कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। उसने बताया कि उसके अर्जुनडीह स्थित रिश्तेदार की बेटी की शादी हो रही थी, उसमें वह शामिल होने गई थी। उसी शादी में सूरजमल लड़के वालों की तरफ से बराती बनकर आया था और उसे वह सुनसान जगह बुलाकर जबरन उसके साथ संबंध बना रहा था। इस बीच गांव के लोग उन दोनों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिए। इसके बाद लड़की के परिजनों ने सूरजमल के परिजनों को बुलाकर दोनों की शादी करा देने का प्रस्ताव रखा। सूरजमल के परिजनों ने लड़की वालों से कहा कि उन्होंने सूरजमल की दूसरी लड़की से शादी तय कर दिया है। उसकी 16 मई को तिलक आने वाली है। इधर लड़की के घर वाले पैसा देने को तैयार नहीं हुए तो सूरजमल के परिजन उसे अर्जुनडीह में ही छोड़ कर चले गए जिसके बाद किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने दोनों प्रेमी युगल को थाना ले गई। चूंकि दोनों बालिग थे इस कारण पुलिस ने रविवार को पीआर बॉन्ड पर लड़के और लड़की को छोड़ दिया। समाज सेवियों और बुद्धिजीवियों द्वारा समझाने बुझाने के बाद शादी करने के लिए लड़का और लड़की राजी हो गए। इसके बाद रविवार की देर रात्रि छतरपुर के बस स्टैंड के समीप स्थित ठाकुर बाड़ी मंदिर परिसर में समाज सेवियों और परिजनों की मौजूदगी में शादी करा दी गई।

# जल सहियाओं ने सौंपी खराब नलकूप चापानल व जलमीनार की सूची



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** जिला जल स्वच्छता समिति पलामू के निर्देश के आलोक में सोमवार को तय समयानुसार हैदरनगर प्रखंड के सभागार में जल सहियाओं की विशेष बैठक हुई। बीडीओ ने क्षेत्र में खराब पड़े खराब नलकूप, चापानल व जलमीनारों की विस्तृत सूची सौंपने का निर्देश दिया गया था। प्रखंड वाश समन्वयक हरसु कुमर दयानिधि की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल 49 सहियाओं ने अपने क्षेत्र के पेयजल श्रोतों की अद्यतन स्थिति की जानकारी देने के बाद विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का कार्य किया है। इनकी शत प्रतिशत सर्वे रिपोर्ट व इस भीषण तपती गर्मी में इस कार्य के प्रति इनका योगदान बहुमूल्य बताया गया है। उन्होंने पंचायत क्षेत्र के गांवों में कुल घरों की संख्या, शौचालय व शौचालय विहिन घरों की संख्या, विभिन्न सरकारी मदों से स्थापित नलकूप, चापाकल, जलमीनार के चालू व खराब पड़े यूनिट की विस्तृत जानाकरी दी है। उन्होंने कहा कि इनकी रिपोर्ट को तत्काल जिला जल स्वच्छता समिति मेदिनीनगर को अग्रेत्तर कार्रवाई के लिये सौंपा जायेगा। हालांकि उपस्थित सहियाओं ने इस गर्मी में तत्काल खराब पड़े जलश्रोतों को अविलंब दुरुस्त कराने का आग्रह भी जनहित में किया है। इनके रिपोर्ट के बाद ग्रामीणों के हित में की गई प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार भी लोगों को है। प्रखंड वाश समन्वय ने जल संचयन व संरक्षण के कार्यों की समीक्षा के बाद सभी जल सहिया से सतत जागरुकता कार्यक्रम जारी रखने को कहा, जिससे उनकी कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण का भाव ग्रामीणों के बीच बनी रहे। साथ जल की गुणवत्ता की जांच कार्य को गंभीरता से लेने पर जोर दिया है। जरुरी बताया है। बैठक में मुशरत परवीन, निर्मला देवी, प्रमिला देवी, रिंकी देवी, गीता देवी, रीमा, पिंकी देवी, संगीता देवी, आरती देवी, सबाना परवीन सहित कई अन्य जल सहिया ने भाग लेकर।

# पंचायत सचिवालय निर्माण कार्य में सरकारी राशि का दुरुपयोग करने का मामला सामने आया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के लोटनिया पंचायत में वर्ष 2010-11 में एनआरईपी योजना से बना पंचायत सचिवालय निर्माण कार्य में सरकारी राशि का दुरुपयोग करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं निजी जमीन में बनाया गया सचिवालय पर ग्रामीण का अवैध कब्जा हो गया है, जबकि लोटनिया के ग्राम पंचायत के लोटनिया गांव में पंचायत भवन निर्माण के लिए वर्ष 2010-11में 21,26,500 राशि स्वीकृत हुआ था। जिसे ग्राम पंचायत के अधीन कार्यरत तत्कालीन जेई द्वारा बिना कार्य कराए ही राशि की निकासी कर ली गई। यह भवन आज भी अधूरा है। साथ ही इस पर निजी जमीन मालिक द्वारा कब्जा कर लिया गया है। इससे सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है। साथ ही उक्त भवन अब सरकारी नहीं रहा, बल्कि निजी भवन बन गया है। आखिर सरकार को बिना भूमि दान किये ही निजी जमीन पर पंचायत सचिवालय कैसे बना दिया गया। यह जांच का विषय है। ग्रामीणों व पंचायत के मुखिया विनोद कुमार सिंह द्वारा भी इसकी शिकायत पलामू डीसी से की गई थी, परंतु जांच नहीं हो सकी हैं। इतने राशि खर्च करने के बाद भी उसका सदुउपयोग नहीं हो सका हैं। अधूरे भवन निर्माण कार्य को पूरा दिखाकर राशि की निकासी कर ली गई। इस संबंध में बीडीओ सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि यह मामला बहुत पुराना हैं, इसका अभिलेख व एमभी के मिलने के बाद ही इस पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



**क्या कहते हैं वर्तमान मुखिया**

लोटनिया पंचायत के मुखिया विनोद कुमार सिंह उर्फ लाल सिंह ने बताया कि इस मामले की जानकारी होने पर अवैध कब्जा हटाने के लिए बीडीओ व पलामू डीसी से लिखित शिकायत की गई थी,परंतु इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई और ना ही भवन को खाली कराया गया। अभी वर्तमान में दूसरे जगह पर पंचायत सचिवालय का नये भवन का निर्माण कराया जा रहा हैं। वहीं पूर्व पंचायत सचिवालय का नाम राजीव गांधी सेवा केन्द्र रखा गया था। वहां आज भी अधूरा भवन पड़ा हुआ है, जिसपर जमीन मालिक के द्वारा कब्जा किया गया हैं। साथ ही इतने बड़े राशि की बंदरबांट की जांच से ही इसका खुलासा संभव है।

### शटल सवारी ट्रेन की लेट-लतीफी से बढ़ी यात्रियों की परेशानी, बोगियों की संख्या घटी

**मोहम्मदगंज।** डेहरी ऑन-सोन-बरवाडीह के बीच परिचालित शटल सवारी ट्रेन की लेट-लतीफी यात्रियों की परेशानी का कारण बन गई है। जबकि यही ट्रेन जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में कोर्ट-कचहरी, कार्यालय अस्पताल और व्यापार के लिहाज से इस क्षेत्र के यात्रियों के लिए आवागमन का उचित माध्यम है। बावजूद इसके इसे समय से और पर्याप्त बोगियों के साथ परिचालित करने की दिशा में सकारात्मक पहल नहीं किया जा रहा है। इससे यात्रियों में रोष व्याप्त है। यात्रियों ने बताया कि पहले से 4 बोगियों की संख्या कम कर दी गई है। कुंभ मेला को लेकर बोगियों की संख्या कम कर दी गई थी। मगर मेला के तीन माह बाद भी पर्याप्त बोगियों को नहीं लगाया गया है। इससे भीड़ के कारण आवागमन व्यस्थित नहीं मिल पा रहा है। जोखिम उठाकर सफर करना विवशता बन गई है। इसकी लेटलतीफी की समस्या खासकर, बरवाडीह की ओर से ही प्राय: होती है। बरवाडीह से हमेशा लेट खुलती है। रविवार की रात स्थानीय स्टेशन पर 11.44 बजे पहुंची थी। जबकि मेदिनीनगर 8.37 बजे में आयी थी। हमेशा 2 से 3 घंटे देरी से परिचालन इसकी नियती बन गई है।

# मोहम्मदगंज-दंगवार मुख्य पथ में अधिग्रहित भूमि का 5 साल बाद भी नहीं मिला मुआवजा, ग्रामीण नाराज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज-दंगवार वाया जपला मुख्य पथ निर्माण के 5 साल बाद भी इसमें अधिग्रहित भूमि का मुआवजा नहीं मिलने से ग्रामीण नाराज हैं। उनकी नाराजगी तब और बढ़ गई है, जब से इस सड़क के फिर से मजबूतीकरण और राइडिंग कार्य को लेकर आधारशिला रख दी गई। मगर इसमें अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान की दिशा में सकारात्मक परिणाम प्राप्त नहीं हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेता नर्वदेश्वर सिंह ने बताया कि इस सड़क निर्माण को लेकर तीन गांव भजनियां, पोटो और लटपौरी के ग्रामीणों की भूमि का अधिग्रहण करने के बाद भी अब तक मुआवजा का भुगतान नहीं हुआ है। अंचल कार्यालय के स्तर से आवश्यक कागजी कार्रवाई कर रिपोर्ट भेज दिया गया था। इसमें कुछ ग्रामीणों को इसके लिए नोटिस भी प्राप्त हुआ है। मगर, मुआवजा भुगतान अबतक नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में उन्होंने इस सड़क के कादलकर्मी से 15 किमी तक मजबूतीकरण और राइडिंग कार्य को मुआवजा भुगतान के बाद ही करने की जरूरत बताया है। उन्होंने कहा ऐसा नहीं हुआ, तो सड़क के मजबूतीकरण और राइडिंग कार्य का विरोध किया जाएगा। उन्होंने इस मामले में उपायुक्त से जरूरी कदम उठाने की मांग की है।

### सहार विहरा में शिवमंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य जल यात्रा

# जयकारे व ढोल-बाजा से गुंजायमान रहा वातावरण



**नवीन मेल संवादाता**

**मोहम्मदगंज।** कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत अंतर्गत सहार विहरा गांव में शिवमंदिर के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर सोमवार को भव्य रूप में जल यात्रा निकाली गई। इसमें भारी संख्या में कलशधारी श्रद्धालु नर-नारी जयकारे और ढोल-बाजा के साथ गांव के समीपवर्ती कोयल नदी तट पर पहुंचे। वहां झारखंड पीठाधीश्वर जगतगुरु गोविंदाचार्य स्वामी और वृद्ध खैरा मठ के महाराज विष्णुचित्त स्वामी ने अनुष्ठान पूर्वक कोयल नदी के पवित्र-पावन जल को कलश में भरने की रस्म अदायगी पूरी कराया। इस अनुष्ठान में सुरीष्ठ शर्मा और राजमुखी देवी बतौर मुख्य यजमान शामिल हुए। इसके बाद सभी ने कलश में पवित्र जल भरवाया और वापस शिव मंदिर प्रांगण में पहुंच कर कलश स्थापित किए। मौके पर बतौर आमंत्रित अतिथि सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, पूर्व मुखिया प्रमेन्द्र सिंह, वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि प्रशांत कुमार सिंह के अलावा धर्मेंद्र सिंह, रामकुमार सिंह, एसएन शर्मा, अखिलेश सहार, अरुण सहार, एसबी शर्मा और एमएल शर्मा सहित अन्य कई लोग शामिल थे। धर्मप्रेमी और आयोजकों में शामिल कौशलेंद्र शर्मा ने बताया कि मंगलवार से दिवाकाल में पूजा-पाठ और संध्याकाल में रात्रि 9 बजे तक नियमित रूप से गोरखपुर (उतरप्रदेश) के कथा वाचक बैकुण्ठ नाथ स्वामी के मुखारविंद से श्रीराम कथा का श्रवण कराया जाएगा। 23 मई को मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के बाद 24 मई को भंडारा और भजन संध्या के साथ इसकी पूर्णाहुति होगी। संपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम सनातन धर्मावलंबियों के पूज्य गुरुदेव त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य पूज्य लक्ष्मीप्रप्पन्न जीयर स्वामी महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। इस आयोजन को सफल बनाने में सभी ग्रामीणों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है। इसमें मुख्य रूप से केके शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, फुलेंद्र शर्मा, अमित सहार और मानिकचंद्र शर्मा सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष उमाशंकर शर्मा भट्ट, अजीत शर्मा भट्ट कोषाध्यक्ष के अलावा अन्य कई लोग शामिल हैं।

आवास योजनाओं की धीमी प्रगति पर डीडीसी सख्त

# प्रगति न दिखाने पर वेतन रोकने की चेतावनी

- कार्य में ढिलाई पर होगी सख्त कार्रवाई, एक सप्ताह में सुधार लाने का अल्टीमेटम

नवीन मेल संवाददाता





**मेदिनीनगर।** जिले में चल रही विभिन्न आवास योजनाओं की समीक्षा को लेकर सोमवार को उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने समाहरणालय के ब्लॉक-सी स्थित सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए और योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। उप विकास आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि हर जरूरतमंद को समय पर आवास मिल सके, लेकिन कार्य में ढिलाई से यह लक्ष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिन पंचायत सचिवों की कार्य प्रगति धीमी है, उन्हें एक सप्ताह के भीतर सुधार करना होगा, अन्यथा उनके वेतन को स्थगित कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि केवल निर्देश देने से काम नहीं चलेगा, जमीनी स्तर पर उसका प्रभाव भी दिखना चाहिए। बैठक में उन्होंने प्रखंड कर्मियों को यह निर्देश भी दिया कि वे टू डायरी (दैनिक कार्यवृत्त) जिला कार्यालय को समय पर समर्पित करें। इससे जिला स्तर से अनुमोदन मिलने के बाद वेतन भुगतान की प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सकेगी। साथ ही, उप विकास आयुक्त ने सभी बीपीओ (ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर) और ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों को निर्देशित किया कि वे अपने स्तर पर सभी कर्मचारियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति की विवरणी तैयार कर जिला कार्यालय को भेजें। इसके बाद ही उनके वेतन की स्वीकृति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अनुपस्थिति या कार्य में लापरवाही की स्थिति में जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में डीआरडीए निदेशक रतन सिंह, जिला प्रशिक्षण समन्वयक अभय कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, पंचायत सचिव और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। सभी को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वे जिम्मेदारी के साथ कार्य करें ताकि जनहित की योजनाएं लाभुकों तक समय पर पहुँच सकें।

पूर्व विधायक प्रतिनिधि ने थामा झामुमो का दामन, दर्जनों समर्थकों के साथ भाजपा को कहा अलविदा

# जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना प्राथमिकता : राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा

नवीन मेल संवाददाता

**भाजपा अब अपने सिद्धांतों पर नहीं चल रही : मनोज सिन्हा**



**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के पलामू जिला कार्यालय में एक सादे समारोह के दौरान पांकी प्रखंड के भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि ने दर्जनों समर्थकों के साथ झामुमो की सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा ने की। उन्होंने सभी नए सदस्यों को अंगवस्त्र व माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर झामुमो में शामिल हुए मनोज सिन्हा ने कहा कि उनकी राजनीतिक यात्रा लंबी रही है और उन्होंने झामुमो को एक ऐसी पार्टी बताया जो कहती है वही करती भी है।

उन्होंने कहा कि झामुमो के संस्थापक गुरुजी झारखंड की माटी से जुड़े हुए नेता हैं और राज्य का सर्वांगीण विकास केवल झामुमो ही कर सकती है। मनोज सिन्हा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अब पार्टी अपने मूल नीतियों और सिद्धांतों से भटक गई है। भाजपा में जमीनी कार्यकतार्ओं की कोई कद्र नहीं रह गई है, और दूसरे दलों से आने वाले नेताओं को प्राथमिकता दी जाती है, यहां तक कि टिकट भी उन्हें ही दे दिया जाता है। झामुमो जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि राजनीति का उद्देश्य सेवा होना चाहिए, न कि केवल सत्ता प्राप्त करना। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता गुरुजी के संघर्ष और वर्तमान सरकार के कार्यों को देख रही है, जिसके चलते अन्य दलों से भी लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि वह दिन दूर नहीं जब झारखंड के हर घर में झामुमो का झंडा लहराएगा। झामुमो में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से शिवपूजन सिंह, मोहम्मद हलीम अंसारी, बबलू आलम, भीम सिंह, संजय सिंह, वीरेंद्र मोची, पाचन प्रजापति, नंदू मोची, गणेश सिंह, संतोषी मोची, रामू पासवान, रजनीश सहाय, बैजनाथ सिंह, संतोष सिंह और तेतर मोची सहित अन्य समर्थक शामिल थे।

## मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में बंद पड़ा सामुदायिक शौचालय

- मरीजों और परिजनों को हो रही भारी परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में नगर निगम द्वारा संचालित निःशुल्क सामुदायिक शौचालय कई महीनों से बंद पड़ा है, जिससे अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह शौचालय खासतौर पर आमजन के लिए सुविधा स्वरूप स्थापित किया गया था, लेकिन रखरखाव के अभाव और नियमित साफ-सफाई न होने के कारण लंबे समय से इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। मरीजों के परिजनों ने बताया कि अस्पताल के भीतर सीमित संख्या में शौचालय हैं, जिनकी स्थिति भी बेहद खराब है। निःशुल्क सामुदायिक शौचालय बंद होने के कारण उन्हें अस्पताल परिसर से बाहर जाना पड़ता है या खुले में शौच के लिए मजबूर होना पड़ता है, जो स्वच्छता और सम्मान दोनों के लिहाज से गंभीर मुद्दा है। स्थानीय लोगों और अस्पताल में मौजूद लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि शौचालय को शीघ्र दुरुस्त कर चालू किया जाए ताकि मरीजों और परिजनों को राहत मिल सके। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो यह स्वास्थ्य और स्वच्छता दोनों के लिए खतरा बन सकता है।

## जिले में पशु टीकाकरण अभियान शुरू 5.75 लाख पशुओं को लगाने हैं टीके

- खुरहा-मुंहपका और लंपी स्किन डिजीज से बचाव को लेकर पशुपालन विभाग ने चलाया घर-घर अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** केंद्र सरकार की पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम योजना के तहत पलामू जिले में निःशुल्क पशु टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई है। पशुपालन विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुओं को खुरहा-मुंहपका (एफएमडी) और लंपी स्किन डिजीज जैसी घातक बीमारियों से सुरक्षित रखना है। अभियान के तहत जिले में कुल 5.75 लाख पशुओं का टीकाकरण किया जाना है। लंपी स्किन डिजीज का टीका केवल गायों को लगाया जा रहा है, जबकि खुरहा-मुंहपका रोग से बचाव के लिए गाय, भैंस समेत अन्य पशुओं का भी टीकाकरण किया जा रहा है। अभियान के दौरान विभाग के अधिकृत टीकाकर्मी गांव-गांव और घर-घर जाकर निःशुल्क टीकाकरण कर रहे हैं। सभी प्रखंडों में अभियान को सघन रूप से चलाया जा रहा है। साथ ही, टीकाकरण की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की जा रही है ताकि निगरानी और मूल्यांकन की प्रक्रिया पारदर्शी और सटीक बनी रहे। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर सिन्हा ने जिले के सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं और टीकाकर्मियों को सही जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखने के लिए यह टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर तिरंगा यात्रा आज

**चंदवा।** ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता पर पूरा देश सेना के साथ है, जिसे लेकर मंगलवार तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। उक्त यात्रा इंदिरा गांधी चौक से निकल कर शहर का भ्रमण कर सुभाष चौक पहुंचेगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंदवा मंडल प्रभारी राज कुमार पाठक उपस्थित रहेंगे। उन्होंने चंदवा की जनता,सभी जनप्रतिनिधि,सेवा निवृत्त समाज सेवी, कॉलेज व स्कूल में पढ़ रहे छात्र छात्राएं, मंडल चंदवा में निवास करने वाले प्रदेश व जिला के पदाधिकारी कार्यकर्ता, चंदवा मंडल के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता से ससमय उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## लहलहे गांव में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

- 19 से 25 मई तक होगा श्रीमद्भागवत कथा, 26 मई को विशाल भंडारा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के ग्राम लहलहे में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ की शुरूआत रविवार को गाजे-बाजे और भव्य कलश यात्रा के साथ की गई। कथा स्थल से शुरू हुई कलश यात्रा मलय नदी स्थित शिवाला मंदिर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरकर पुनः यज्ञ स्थल लाई गई। कथा पुरोहित विनय पांडे व उनके सहयोगी ब्राह्मणों द्वारा विधिविधान से पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विशेषकर महिलाएं शामिल हुईं। भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा आयोजक विवेकानंद त्रिपाठी ने सपत्नीक पूजन कर कलश में जल भरने की प्रक्रिया पूरी की। इस अवसर पर महिमानंद तिवारी, सुरेश्वर तिवारी, अभिमन्यु तिवारी, संजय त्रिपाठी, अनूप तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, अमित तिवारी, ब्रजेश तिवारी, दामोदर तिवारी, राजेंद्र चौधरी, विनोद तिवारी, जीतेंद्र चंद्रवंशी, अभिनाश तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पाटन में पुलिस ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम पर किया जागरूक



**पाटन।** थाना परिसर में पाटन उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और सामाजिक जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम, और डायन-बिसाही जैसे अंधविश्वासों के खिलाफ कानून की जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को थाना कार्यालय का भ्रमण भी कराया गया, जहां उन्होंने पुलिस के दैनिक कार्य, रिकॉर्ड संधारण और शिकायतों के निपटान की प्रक्रिया को करीब से देखा और समझा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में कानून के प्रति सम्मान, पुलिस के प्रति विश्वास और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना है। पलामू पुलिस समाज के सभी वर्गों, विशेषकर युवा पीढ़ी को जागरूक करने के लिए निरंतर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी।

## गर्मी की तपिश से सूखी मलय नदी

- ग्रामीणों की जिंदगी पर गहरा असर
- बाधित हो रहे पारंपरिक अंतिम संस्कार प्रक्रिया



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड की मलय नदी, जो दशकों से गांवों की जीवनरेखा रही है, इस बार भीषण गर्मी की मार से पूरी तरह सूख चुकी है। इस सूखे ने न केवल सिंचाई की उम्मीदों को ध्वस्त किया है, बल्कि स्थानीय लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी और धार्मिक अनुष्ठानों को भी संकट में डाल दिया है। मलय नदी के किनारे बसे दर्जनों गांवों के लोग जल के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। खेतों में पानी की कमी से फसलों को भारी नुकसान हो रहा है, वहीं मवेशी भी प्यास से बेहाल हैं। नदी सूखने के कारण दाह संस्कार के पारंपरिक अनुष्ठान भी पूरी तरह नहीं हो पा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों की सांस्कृतिक संवेदनाएं आहत हो रही हैं। स्थानीय लोग बता रहे हैं कि नदी के सूखने का यह सिलसिला पिछले तीन-चार वर्षों से लगातार बढ़ रहा है। मलय नदी पर बने सतबरवा डैम में तो पानी रहता है, लेकिन नदी के अंतिम हिस्से जमुने और उड़हुलिया में पानी न होने से जल संकट गहराता जा रहा है।

प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन की बैठक में उठी मांग

## निजी स्कूलों को संगठित कर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने पर हुआ जोर




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल, डालटनगंज में आयोजित की गई। बैठक में जिले भर के निजी विद्यालयों के संचालक, शिक्षाविद् व एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य राज्य की निजी शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना, नीति-निर्माण से जुड़े विषयों पर चर्चा करना और वर्तमान शैक्षिक चुनौतियों का समाधान निकालना रहा। बैठक की शुरूआत आयोजक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई, जिसके बाद दीप प्रज्वलन कर औपचारिक उद्घाटन हुआ। ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक प्रदीप नारायण ने अतिथियों को स्मृति-चिह्न प्रदान कर स्वागत किया। बैठक के दौरान अधिवक्ता संजीव नयन ने माननीय उच्च न्यायालय के एक हालिया फैसले की जानकारी दी तथा भावी रणनीति पर चर्चा की। बैठक में पांच नए स्कूल संचालकों ने एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यों ने सर्वसम्मति से संरक्षक अविनाश वर्मा को न्यायालय संबंधी निर्णयों के लिए अधिकृत किया और संगठन के हित में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया। इस मौके पर अविनाश वर्मा ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों के कम संसाधन वाले विद्यालयों को सरकार द्वारा सहायता दी जानी चाहिए ताकि वे भी मुख्यधारा से जुड़ सकें और कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने प्रदीप नारायण को एसोसिएशन का उपाध्यक्ष घोषित किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अजय श्रीवास्तव ने पनशाला संचालन के लिए सदस्यों की सराहना की और अन्य इकाइयों से भी पनशाला शुरू करने का आग्रह किया। संरक्षक राम अनुज सिंह, उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, प्रवक्ता सुनील कुमार समेत कई सदस्यों ने संगठन को मजबूती देने पर बल दिया। बैठक का संचालन सचिव सतीश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष आनंद कुमार ने किया। अंत में सूचना पदाधिकारी रमाशंकर उपाध्याय ने सभी के प्रति आभार जताया तथा अनुशासन पदाधिकारी वीरेंद्र दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। बैठक का समापन राष्ट्रगान और सामूहिक भोजन के साथ हुआ।

## लिलिपुट प्ले स्कूल में समर कैंप शुरू

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में सोमवार को समर कैंप का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या रेणु गोयल ने किया। गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक ढंग से बिताने के उद्देश्य से आयोजित इस कैंप में बच्चों के लिए विभिन्न रोचक और शिक्षाप्रद गतिविधियों की शुरूआत हो गई है। विद्यालय के निदेशक राजीव गोयल ने जानकारी दी कि समर कैंप में 26 मई को ह्यट्रेजर हंट नामक विशेष गतिविधि कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि 19 मई से कैंप की सभी गतिविधियां प्रारंभ हो चुकी हैं और रजिस्ट्रेशन अभी भी जारी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जो बच्चे पहले दिन किसी कारणवश भाग नहीं ले सके, वे आगामी दिनों में समर कैंप का भरपूर आनंद ले सकते हैं। कैंप के पहले दिन बच्चों में उत्साह साफ नजर आया। बच्चों ने प्राचार्या रेणु गोयल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें हर साल समर कैंप का हिस्सा बनने की खुशी होती है। समर कैंप के दौरान बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ विभिन्न नई चीजें सीखने का अवसर भी मिलेगा।

## वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस ने वसूले 17,485 का जुर्माना

**मेदिनीनगर।** शहर के व्यस्त छह मुहान चौक पर शनिवार को परिवहन विभाग व पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में व्यापक स्तर पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। दोपहिया वाहनों की जांच के क्रम में कई चालक बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और ट्रिपल लोडिंग करते पाए गए। इस दौरान कुल 11 दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। वहीं, शनिवार की रात एक चार पहिया वाहन चालक और एक मोटरसाइकिल चालक को शराब पीकर वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। इनका चालान फाइन हेतु जिला परिवहन कार्यालय भेजा गया। जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार, 19 मई 2025 को कुल 5 दोपहिया वाहनों पर 7,150 और एक पिकअप मालवाहक वाहन के शराबी चालक पर 10,335 का जुमार्ना लगाया गया। इस प्रकार कुल 17,485 का चालान फाइन विभाग को प्राप्त हुआ है।

राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा नीति की समीक्षा को लेकर पूर्व मंत्री त्रिपाठी ने सौंपा ज्ञापन

## मगध फाउंडेशन के तहत भारत सुरक्षा मंच के जरिए पूरे देश में चलाया जाएगा अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री कृष्णानंद त्रिपाठी ने रक्षा राज्य मंत्री सह लोकसभा सांसद संजय सेठ को शनिवार को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मगध फाउंडेशन के तत्वावधान में गठित शिष्टमंडल की ओर से सौंपा गया, जिसमें रक्षा नीति, विदेश नीति, व्यापार नीति की समीक्षा और राष्ट्रवाद व राष्ट्रीय एकता के प्रचार से संबंधित चार सूत्रीय मांगें शामिल थीं। पूर्व मंत्री त्रिपाठी ने जानकारी दी कि अब राष्ट्रीय एकता को लेकर एक व्यापक अभियान की शुरूआत की जा रही है, जो मगध फाउंडेशन के अंतर्गत गठित भारत सुरक्षा मंच के माध्यम से देशभर में संचालित किया जाएगा। इसकी विधिवत शुरूआत 18 मई 2025 से कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अगर राजनीति इस राष्ट्रहित अभियान में बाधा बनती है तो वे देशहित में राजनीति से संन्यास लेने को भी तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि श्री त्रिपाठी झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। त्रिपाठी ने कहा कि उनका उद्देश्य भारत के गौरवशाली मगध कालीन आदर्शों को पुनर्जीवित करना है। इसी सोच के तहत राष्ट्रीय एकता अभियान की शुरूआत की गई है, जिसका लक्ष्य है देश के हर जिले और राज्य में सुरक्षा व एकता की भावना को मजबूत बनाना। उनका मानना है कि केवल राजनीतिक नारों से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता से ही राष्ट्र को मजबूत किया जा सकता है। ज्ञापन में विदेश, रक्षा और व्यापार नीति की समीक्षा की मांग करते हुए उन्होंने भारत-पाक तनाव और चीन के आर्थिक दबाव की घटनाओं का हवाला दिया। उनका कहना है कि भारत को चीन से अनावश्यक वस्तुओं का आयात बंद करना चाहिए, क्योंकि वह पाकिस्तान जैसे शत्रु देशों का समर्थन करता है।

## वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने संत मरियम स्कूल में चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

- हजारों बच्चों ने सीखी सड़क सुरक्षा की जरूरी बातें, गीत और शपथ ने बांधा समा

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी को भी प्रमुखता देने वाले कजरी स्थित संत मरियम स्कूल में सोमवार को वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्कूल के हजारों बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सड़क सुरक्षा के नियमों की बारीक जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की शुरूआत ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा के संबोधन से हुई। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा केवल वाहन चालकों के लिए नहीं, बल्कि पैदल चलने वालों के लिए भी जरूरी है।

उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की टीम वर्षों से आम लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रही है। मशहूर ब्लॉगर अभिषेक तिवारी ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाना खतरनाक है। चाहे दूरी छोटी हो या लंबी, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग हमेशा करना चाहिए। समाजसेवी पंकज लोचन ने सभी बच्चों से इस अभियान को आगे बढ़ाने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। इस बीच, रिनू शर्मा द्वारा प्रस्तुत सड़क सुरक्षा गीत ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया।

गीत की प्रत्येक पंक्ति में सड़क पर सुरक्षित रहने का संदेश छिपा था। ट्रैफिक प्रभारी शमाल अहमद ने सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर मिलने वाले दंड की जानकारी दी और बच्चों से कहा कि वे नियमों का पालन कर खुद को सुरक्षित रखें। स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने वरदान टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन अनमोल है, छोटी-सी लापरवाही भी बड़ा नुकसान कर सकती है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे सड़क पर सतर्क रहें और दूसरों को भी नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम का समापन स्नेहा ओझा द्वारा दिलाई गई सड़क सुरक्षा शपथ और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर स्कूल के को-ऑर्डिनेटर अमरेंद्र सर, ललन प्रजापति, शिक्षिका सुधा कुमारी, प्रीति मैम समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## एक नजर

### जमीन विवाद में महिला घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के हुरका गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए लाठी से मारपीट में वृद्ध महिला नन्हकी देवी पति शंभू चौधरी घायल हो गई है। उसे माथा में चोट लगी है। घायल अवस्था में परिजनों द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहां डॉ. शैलेन्द्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर की दिया गया है। इस घटना की सूचना स्थानीय थाने को दे दी गई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गोतिया नंदू चौधरी से जमीन विवाद चल रहा है। अपने बन रहे मकान की साफ सफाई नन्हकी देवी कर रही थी। इस बीच नंदू चौधरी एक बांस का मोटा डंडा से माता में प्रहार कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। घटना के वक्त कोई भी पुरुष घर में नहीं था।


### शिशु विद्या मंदिर के नौ छात्र प्रांतीय खेलकूद में भाग लेंगे

**भवनाथपूर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर टाउनशिप के भैया-बहन 36वें प्रांतीय खेलकूद समारोह (कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता) में भाग लेने के लिए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली हजारीबाग रवाना हुए। यह प्रतियोगिता 20 से 22 मई तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम से कुल 9 भैया भाग ले रहे हैं, जिनका नेतृत्व संरक्षक आचार्य मनोज कुमार करेंगे। साथ ही निर्णायक की भूमिका में आचार्य अजय सिंह भी टीम के साथ मौजूद रहेंगे। ये सभी खिलाड़ी कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगे और विद्यालय का गौरव बढ़ाने के उद्देश्य से पूर्ण उत्साह व जोश के साथ रवाना हुए हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर न केवल खेल प्रतिभा दिखाने का है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को विजयी भव का आशीर्वाद देकर विदा किया। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह प्रांतीय खेलकूद समारोह छात्रों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। इस बार यह आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली हजारीबाग में किया जा रहा है।

# उपायुक्त ने बलियारी मुखिया को निलंबित करने की अनुशंसा की, पंचायत सचिव पर आरोप पत्र गठित

**15वें वित्त की राशि में जांच के बाद वित्तीय अनियमितता की बात आई**

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने कांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत बलियारी की मुखिया चंदा देवी को निलंबित करने की अनुशंसा पंचायती राज विभाग से की है। उनके विरूद्ध 15वें वित्त आयोग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में वित्तीय अनियमितता बरतते हुए सरकारी राशि के दुरुपयोग करने का आरोप है। मुखिया चंदा देवी की वित्तीय शक्ति भी जब्त करने की कार्रवाई की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय के जांच के बाद 3 वर्ष पूर्व बने नाली की मरम्मत कार्य में अनियमितता बरते जाने की बात सामने आई। डस्टबीन खरीद में 40 डस्टबीन का पैसा निकासी किया गया, जबकि स्थल पर मात्र 25 डस्टबीन ही पाया गया। डस्टबीन खरीदने में 1 लाख 50 हजार रुपए की फर्जी निकासी की बात भी सामने आई। इसके अतिरिक्त पंचायत में मात्र 15 सिमेंटेड कुर्सी क्रय कर 25 सिमेंटेड कुर्सी का बिल बनाकर 2 लाख रुपए का फर्जी निकासी किया गया। 20 चापानल मरम्मत के नाम पर 2 लाख रुपए की निकासी किया गया। जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि एक भी चापानल की मरम्मति हुई ही नहीं है। साथ ही जलमीनार मरम्मत के नाम पर भी 2 लाख की निकासी कर ली गई है और एक भी जलमीनार की मरम्मत नहीं कराया गया। अनुमडल पदाधिकारी गढ़वा की अध्यक्षता में गठित जांच दल ने 15वें वित्त की राशि का दुरूपयोग करने के कारण बलियारी पंचायत की मुखिया चंदा देवी, पंचायत सचिव राजेन्द्र राम से स्पष्टीकरण की मांग की गई, जिनका जबाब असंतोषजनक पाया गया। मुखिया के वित्तीय शक्ति जब्त करने के साथ ही दोषी पंचायत सचिव राजेन्द्र राम के विरूद्ध आरोप पत्र गठित करते हुए विभागीय कार्रवाई का संचालन करने का भी आदेश दिया गया। उपायुक्त शेखर जमुआर ने बताया कि 15वें वित्त सहित पंचायत में जो भी सरकारी राशि खर्च हो रहा है, उसमें वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। पंचायत में खर्च हो रहे राशि पर विशेष ध्यान रखें, ताकि जनहित की योजना में खर्च होने वाली राशि का किसी भी परिस्थिति में गलत इस्तेमाल न हो। सरकारी राशि में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा व दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## डीएसई से प्रधानाध्यापक की शिकायत

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के बीजडीह गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) को आवेदन देकर मध्य विद्यालय बीजडीह के प्रधानाध्यापक पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने आवेदन में उल्लेख किया है कि मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक 20 वर्षों से एक ही विद्यालय में कार्यरत हैं। प्रधानाध्यापक मनमानी तरीके से विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। इनके द्वारा प्रबंधन समिति का बैठक भी नहीं कराया जाता है, जिस कारण विकास फंड का समुचित उपयोग नहीं करने के वजह से विद्यालय व शौचालय की स्थिति दयनीय है। आवेदन देने वालों में मणि राम, उमेश राम, रीता देवी, प्रमोद सिंह , आशिष उरांव, ललू साह, ओमप्रकाश साह, चंदा देवी, राजपति देवी अमित कुमार, शीला देवी, अनिशा देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### आंधी-तूफान, बारिश से बिजली पानी की किल्लत, जनजीवन प्रभावित



**खरौंधी।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार शाम चार बजे अचानक आई तेज आंधी-तूफान और बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवाओं के साथ लगातार हो रही बारिश के कारण कई जगहों पर पेड़ और बिजली के पोल गिर गए, जिससे पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। बिजली नहीं रहने से सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की हो गई है, क्योंकि अधिकतर घरों और दुकानों में सबमर्सिबल पंप से पानी की आपूर्ति होती है, जो बिजली न होने के कारण बंद पड़े हैं। इससे आम लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।व्यवसायियों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। अचानक मौसम बिगड़ने से बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही बंद हो गई, जिससे दुकानदारों की बिक्री प्रभावित हुई है। वहीं मोबाइल चार्ज न हो पाने के कारण लोगों के बीच संपर्क भी टूटता जा रहा है।

### एमके इंटरनेशनल स्कूल का समर कैंप संपन्न

**श्री बंशीधर नगर।** बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उचित संस्कार के साथ तनाव मुक्त शिक्षा प्रदान करना विद्यालय का लक्ष्य है। उक्त बातें एमके इंटरनेशनल विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अभिमन्यु कुमार सिंह ने समर कैंप के समापन के अवसर कही। उन्होंने कहा कि एमके इंटरनेशनल स्कूल के स्थापना इस क्षेत्र के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को निर्धारित कर किया गया है। हमें खुशी है कि अपने निर्धारित लक्ष्य को विद्यालय बड़ी तेजी से प्राप्त कर जिले में ऊंची मुकाम को हासिल किया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में आधुनिक पद्धति द्वारा शिक्षा व्यवस्था की गई है। खेलकूद की सर्वोच्च व्यवस्था विद्यालय में किया गया है, जिसके अंतर्गत ट्रेंड खेल शिक्षकों के निगरानी में बच्चों को खेल की बारिकियों को समझाया जाता है। म्यूजिक व अन्य कार्यक्रम को विद्यालय समय-समय पर आयोजित करता आया है। यह कैंप कक्षा नर्सरी से कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। इसमें बच्चों को अलग-अलग प्रकार के चीजों को सीखने का मौका मिला। जिसके अंतर्गत म्यूजिक, आर्ट एंड क्राफ्ट, ब्यूटीशियन , मूवी और स्पोर्ट्स आदि शामिल है।

## एआईकेकेएमएस ने बेरोजगारी व सांम्प्रदायिक बढ़ावा के लिए सरकार को दोषी बताया




**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने मुख्य सड़क किनारे निजी सब्जी मंडी में नुककड़ सभा किया। जिसमें देश की वर्तमान शिक्षा व्यवस्था का व्यवसायिकरण, दयनीय चिकित्सा व्यवस्ता का स्तर, बढ़ती बेरोजगारी व पहलगाम में आतंकवादी हमले के लिए वर्तमान केंद्र सरकार की चूक और प्रसाशनिक व्यवस्था की विफलता को जिम्मेवार ठहराया है। नुक्कड़ सभा में अध्यक्ष महेन्द्र बैठा,सचिव अजय कुमार सिंह ने वर्तमान समय में सरकारी शिक्षा के गिरते स्तर और शिक्षा के व्यवसायिकारण के लिए वर्तमान सरकार को जिम्मेवार बताया। साथ ही शिक्षा के अंधाधुंध हो रहे व्यवसायी करण की निंदा की। देश के जनता को जनसमस्या से भटकाने और सत्ता की कुर्सी पाने के लिए नेताओं द्वारा देश की एकता अखंडता को समाप्त कर हिंसाक उन्माद को बढ़ावा देते है, जिससे जनता जनकल्याण की मुद्दे छोड़ कर जात-पात व धर्म मजहब की बातो में उलझी रहे। स्वास्थ्य, शिक्षा, बेरोजगारी और भ्रस्टाचार जैसे देश की विकट समस्या से अमजनों के ध्यान भटकाने के लिए आतंवादी घटना करवाते है। सरकार के पास खुफिया विभाग है, जो किसी घटना को अंजाम देने से पहले ही पता कर लेता है। मौके पर इस संगठन के सदस्य शिव कुमार सिंह, विद्युत प्रकश, संजीव कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, भगवान राम, रामप्रसाद राम, असरफी राम राम स्वरुप राम, विनय विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## वज्रपात से तीन लोगों की मौत, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेराल।** थाना क्षेत्र में सोमवार को दोपहर 4 बजे अचानक आई तेज आंधी, तूफान एवं हल्की बारिश के बीच हुई वज्रपात से मैट्रिक के छात्र 18 वर्षीय तरुण देव सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। प्रखंड मुख्यालय के पूवारी टोला निवासी विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन का एकलौता पुत्र तरुण कुमार देव 18 वर्ष लखेया गांव के शंभू बैठा 65 वर्ष, रेजो गांव के धर्मेंद्र राम 35 की मौत हो गई। परिवार वालों द्वारा तीनों को आनन फानन में मेराल सीएचसी लाया गया, जहां डॉ. दीपक कुमार सिन्हा, डॉ. अनिल साह ने चिकित्सकीय परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार तरुण कुमार देव गढ़वा के आरके पब्लिक स्कूल से मैट्रिक के परीक्षा पास किया था। वह आज अपनी मां के साथ खेत में भूसा लेने गया था, तभी तेज तूफान और बारिश से बचने के लिए वह महुआ पेड़ के नीचे गया। इसी दौरान वज्रपात के चपेट में आ गया। तरुण की मां भी बगल में ही थी। परिजनों द्वारा आनन फानन में उसे अस्पताल में लाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। लखेया गांव में शंभू बैठा, धर्मेंद्र राम, रमुना के टंडवा गांव निवासी 22 वर्षीय दिलीप कुमार तीनों शंभू के घर पर एस्बेस्टस सीट चढ़ा रहे थे। आंधी तूफान एवं वर्षा से बचने के लिए तीनों लोग छत से नीचे उतरे, लेकिन बगल में ही पेड़ पर वज्रपात हुआ और धर्मेंद्र व शंभू बैठा की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार व आसपास के लोगों द्वारा तीनों लोगों को अस्पताल लाया गया, जहां शंभू बैठा और धर्मेंद्र राम को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घायल दिलीप कुमार का इलाज किया जा रहा है। चिकित्सको के अनुसार वह खतरे से बाहर है। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद अंचल अधिकारी यशवंत नायक, बीडीओ सतीश भगत, थाना प्रभारी विष्णु कांत ने तुरंत अस्पताल पहुंच कर घटना से प्रभावित लोगों को हर संभव मदद पहुंचाने का प्रयास किया। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद विधायक प्रतिनिधि रिंकू तिवारी, संजय भगत, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, विकास सिंह कुशवाहा, मुखिया राम सागर महतो, विकास दुबे, मनोज जायसवाल, विजय शाह, रूपू महतो, सुषमा कुशवाहा, विनोद मेहता, यासीन अंसारी, रंजीत चौबे, विवेकानंद चौबे, विकास कुमार सहित बड़ी संख्या में लोगों ने अस्पताल पहुंच शोक संतप्त लोगों को ढांढस बंधाया।

## शिशु विद्या मंदिर के नौ छात्र प्रांतीय खेलकूद में भाग लेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपूर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर टाउनशिप के भैया-बहन 36वें प्रांतीय खेलकूद समारोह (कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता) में भाग लेने के लिए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली हजारीबाग रवाना हुए। यह प्रतियोगिता 20 से 22 मई तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम से कुल 9 भैया भाग ले रहे हैं, जिनका नेतृत्व संरक्षक आचार्य मनोज कुमार करेंगे। साथ ही निर्णायक की भूमिका में आचार्य अजय सिंह भी टीम के साथ मौजूद रहेंगे। ये सभी खिलाड़ी कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगे और विद्यालय का गौरव बढ़ाने के उद्देश्य से पूर्ण उत्साह व जोश के साथ रवाना हुए हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर न केवल खेल प्रतिभा दिखाने का है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को विजयी भव का आशीर्वाद देकर विदा किया।

## भोजपुर गढ़ के दीपक प्रताप देव ने जेएससीए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पूरी टीम को बधाई दी

**श्री बंशीधर नगर।** जेएससीए के लाईफ टाईम मेंबर और भोजपुर गढ़ के प्रमुख दीपक प्रताप देव उर्फ दीपक बच्चा ने झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव व उनकी पूरी टीम को बधाई दी है। जेएससीए के चुनाव परिणाम पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि इस बार जेएससीए की टीम में क्रिकेटर, क्रिकेट के जानकार के साथ युवा और ऊर्जावान लोगों को मौका मिला है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव के नेतृत्व क्षमता से पूरे राज्य के लोग परिचित हैं। क्रिकेट के प्रति उनके प्रेम और समर्पण से भी लोग वाकिफ हैं। उपाध्यक्ष संजय पांडेय, सचिव विस्फोटक बल्लेबाज सौरभ तिवारी, सह सचिव क्रिकेटर शाहबाज नदीम, कोषाध्यक्ष अमिताभ घोष समेत नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों के रग रग में क्रिकेट रचा बसा है। सभी पदाधिकारियों के अनुभव का लाभ झारखंड में क्रिकेट जगत और क्रिकेट खिलाड़ियों को मिलेगा। सबसे निचले स्तर गांव तक क्रिकेट का आधार मजबूत होगा। टीम शाहदेव की अगुवाई में झारखंड की नई खेल प्रतिभाओं को नई पहचान व गांव स्तर से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट के क्षेत्र में परचम लहराने का मौका मिलेगा। झारखंड राज्य में क्रिकेट नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेगा। उन्होंने नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को श्री बंशीधर मंदिर में दर्शन पूजन के लिए आमंत्रित किया है।

## खेल से बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता की भावना विकसित करना है: श्रीकांत चौबे

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में सोमवार को प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में खेल शिक्षक विजयानन्द तिवारी ने सभी प्रधानाध्यापकों को खेलो झारखंड, सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता, जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता के लिये विभाग द्वारा जारी निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सभी खेल प्रतियोगिताओं को विद्यालय, प्रखंड व जिला स्तर पर आयोजित करने के लिये तिथि निर्धारित है। उन्होंने कहा कि समय समय पर इसकी जानकारी सबों को दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि उक्त सभी खेल प्रतियोगिताओं में अंडर 14,17 व 19 आयु वर्ग के छात्र छात्राओं को अवसर प्रदान किया जाता है। उन्होंने इस प्रतियोगिता से सबंधित जानकारी विस्तार से दिया। बीआरपी श्रीकांत चौबे ने कहा कि खेल के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता,टीम भावना से कार्य करने की क्षमता, प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने का प्रयास करना है। इसलिये सभी शिक्षक बच्चों के पढ़ाई के साथ विभाग द्वारा निर्धारित खेल कार्यक्रम को अपने विद्यालयों में निष्ठा पूर्वक लागू करेंगे। बीपीओ तहमीना परवीन ने कहा कि खेल एक ऐसा सजग माध्यम है, जो बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के साथ उन्हें आर्थिक स्थिति सुधारने व समाज मे एक अलग पहचान बनाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने विभागीय निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, MEDININAGAR**

**e-Procurement Tender Notice, Two Envelope System**

Tender Reference No:- WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-01/2025-26

Letter no:- 188Date:- 17/05/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Jhari Solar Lift Irrigation Scheme |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,09,99,500=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | **Rs. 10,000=00** only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | **Rs. 1,10,000=00** only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (**http://jharkhand tenders.gov.in)** | Date:- 29.05.2025, Time- 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:- 13.06.2025, Time:- 03.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 29.05.2025, Time- 4.00 PM Last Date:- 13.06.2025, Time:- 3.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 14.06.2025, Time:-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Medininagar |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer ( (b) E-mail of e-Procurement Officer | 06562-240100 eemidmed-cemr-jhr@gmail.com |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

Note:-

- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps (**DC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- **Only e-Tender will be accepted.** Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,

PR 352964 Minor Irrigation(25-26)#D Minor Irrigation Division, Medininagar.


**पहली ही बार में हजारों की कमाई कर बने प्रेरणा स्रोत**

# किसान हदीस ने तरबूज की खेती से रच डाला सफलता की नई कहानी

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरिया।** प्रखंड मुख्यालय के एक साधारण किसान हदीस अहमद आज क्षेत्र के युवाओं और किसानों के लिए एक मिसाल बन चुके है। जहां अधिकतर किसान पारंपरिक खेती में ही उलझे रहते हैं, वहीं हदीस ने तरबूज की खेती कर यह साबित कर दिया कि जोखिम उठाकर नई सोच और मेहनत के बल पर खेती में भी क्रांति लाई जा सकती है। जब पहली बार तरबूज की खेती करने की बात सोची तब गांव के कुछ लोगों ने इसे जोखिम भरा कदम बताया, लेकिन आत्मविश्वास डगमगाया नहीं। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया। इंटरनेट और किताबों से तरबूज की आधुनिक खेती की जानकारी ली और बाजार की मांग को भी ध्यान में रखा। इसके बाद एक छोटे से खेत में उन्होंने तरबूज की बुवाई की। उन्होंने बताया कि तरबूज की फसल को तैयार होने में 70 से 90 दिन लगते हैं। जैविक खाद समय पर सिंचाई और पौधों की नियमित निगरानी से फसल को बेहतर तरीके से पाला। जब फल तैयार हुए तो देखने वालों की भीड़ लग गई। मीठे, रसीले और वजनदार तरबूजों की मांग स्थानीय बाजारों के साथ दूर के मंडियों में भी होने लगी। हदीस ने बताया कि सिर्फ एक सीजन में उन्होंने 70से 80 हजार रुपये की आमदनी की, जो उनकी उम्मीद से कहीं अधिक थी। इसे केवल खेती नहीं, बल्कि एक व्यवसाय के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने अगली बार के लिए खेत का रकबा बढ़ाने की योजना बनाई है। साथ ही वह अपने अनुभव के आधार पर ड्रिप इरिगेशन सिस्टम और प्लास्टिक मल्चिंग जैसी तकनीकों को ओर अधिक अपनाने का मन बना चुके हैं, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता में और सुधार हो सके। इस सफलता ने न केवल किसानों को, बल्कि युवाओं को भी प्रेरित किया है। बेरोजगारी से जूझ रहे गांव के कई युवाओं ने अब कृषि को विकल्प के रूप में देखना शुरू कर दिया है। हदीस के खेत अब सीखने की प्रयोगशाला बन चुकी है। वह खुले मन से हर आने वाले को जानकारी देते हैं और खेती को लेकर समाज में बने भ्रमों को दूर करने का प्रयास करते हैं। कहते हैं कि अगर सरकार किसानों को समय पर बीज, उर्वरक, सिंचाई की सुविधा और फसल खरीद की गारंटी दे, तो गांवों की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। वह स्थानीय प्रशासन से अपील करते हैं कि इस तरह के प्रगतिशील किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता देकर प्रोत्साहित किया जाए।


**कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर (खनन शाखा)**

**पलामू जिला के हरिहरगंज अंचल के Four Laning from KM 23.284 (Hariharganj) to KM 57.049 (Near pandwa More) on NH-139 old NH-98) on HAM in the state of Jharkhand & Bihar : Request for Auction of Boulder stock at site in Forest Area near Km 43+000 में उत्खनित/भंडारित पत्थर खनिज के आम नीलामी हेतु सूचना।**

निदेशानुसार एतद् द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक श्री सुधीर कुमार के पत्रांक 1135, दिनांक 23.01.2025 प्राप्त पत्र के आलोक में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला के हरिहरगंज अंचल के Four Laning from KM 23.284 (Hariharganj) to KM 57.049 (Near pandwa More) on NH-139 old NH-98) on HAM in the state of Jharkhand & Bihar : Request for Auction of Boulder stock at site in Forest Area near Km 43+000, Notification No- NHAI/PIU/DLYJ/2024-25/NH-139/HPHPL,Mining/1135, Date- 23.01.2025 में उत्खनित/भंडारित पत्थर खनिज अपशिश्ट पत्थर सहित (औपबंधिक NHAI के Project Director के प्रतिवेदनानुसार) **50000** घनमीटर (औपबंधिक) को झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधन नियमावली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समानुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत आम निलामी पुनः दिनांक 29.05.2025 को समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अपर समाहर्ता, पलामू की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। लोक निलामी की प्रक्रिया एवं शर्ते जिला खनन कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट एवं NIC के वेबसाईट पर प्रदर्शित है :–

जिला खनन पदाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर। — अपर समाहर्त्ता, पलामू

PR 352916 (District)25-26*D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, MEDININAGAR**

**e-Procurement Tender Notice, Two Envelope System**

Tender Reference No:- WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-03/2025-26

Letter no:- 190 Date:- 17/05/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Chhatapur Solar Lift Irrigation Scheme |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,09,94,700=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | **Rs. 10,000=00** only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | **Rs. 1,10,000=00** only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (**http:// jharkhand tenders.gov.in)** | Date:- 29.05.2025, Time- 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:- 13.06.2025, Time:- 03.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 29.05.2025, Time- 4.00 PM Last Date:- 13.06.2025, Time:- 3.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 14.06.2025, Time:-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Medininagar |
| 12 | Contact No. of Procurement Officer e-mail of Procurement Officer | 06562-240100 eemidmed-cemr-jhr@gmail.com |
| 13 | Help line No. of Procurement Cell | 0651-2214784 |

Note:-

- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps **(DC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work. **Only e-Tender will be accepted.** Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in

Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Medininagar.

PR 352958 Minor Irrigation(25-26)#D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, MEDININAGAR**

**e-Procurement Tender Notice Two Envelope System**

Tender Reference No:- WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-02/2025-26

Letter no:- 189 Date:-17/05/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Bakhari Solar Lift Irrigation Scheme |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,09,43,400=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | **Rs. 10,000=00** only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit(Rs.) | **Rs. 1,09,500=00** only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (**http://jharkhandtender s.gov.in)** | Date:- 29.05.2025, Time- 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:- 13.06.2025, Time:- 03.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 29.05.2025, Time- 4.00 PM Last Date:- 13.06.2025, Time:- 3.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 14.06.2025, Time:-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Medininagar |
| 12 | Contact No. of Procurement Officer e-mail of Procurement Officer | 06562-240100 eemidmed-cemr-jhr@gmail.com |
| 13 | Help line No. of Procurement Cell | 0651-2214784 |

Note:- ➢ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps **(DC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.

➢ **Only e-Tender will be accepted.**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Medininagar.

PR 352961 (Minor Irrigation) 25-26 (D)

# ब्रह्मणी साप्ताहिक बाजार से होती है 5 से 6 हजार रुपये की अवैध वसूली

**प्रशासन ध्यान दे तो सरकार को हो सकता है लाखों रुपए राजस्व की प्राप्ति**



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के सासंग पंचायत अंतर्गत ब्रह्मणी में प्रत्येक शनिवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार से हर सप्ताह लगभग पांच से छह हजार रुपये की अवैध वसूली की जाती है। अवैध वसूली का यह धंधा बीते कई सालों से फल फूल रहा है। ग्रामीणों द्वारा नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया गया कि ब्रह्मणी में प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। दिन प्रतिदिन इस बाजार का क्षेत्रफल बढ़ता ही जा रहा है। बाजार में हजारों की संख्या में ग्रामीण ताजी हरी सब्जियों समेत रोजमर्रा की वस्तुएं बेचने व खरीदारी करने के लिए पहुंचते हैं। बाजार क्षेत्र निवासी एक स्थानीय व्यक्ति के जमीन के कुछ हिस्से में भी दुकानदारों द्वारा दुकान लगाया जाता है। इसके एवज में उस व्यक्ति द्वारा पूरे बाजार क्षेत्र में दुकान लगाने वालों से अवैध वसूली की जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि दुकानदारों से सिर्फ वसूली की जाती है। सुविधा के नाम पर उन्हें कुछ नहीं दिया जाता है। बाजार के अगली सुबह चारो तरफ गंदगी का अंबार लगा रहता है, जिसे देखने वाला कोई नहीं है। वहां फैले कचरे की वजह से स्थानीय लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की माने तो अगर प्रशासन इस पर ध्यान दे तो सरकार को यहां से प्रत्येक वर्ष लाखों रुपये के राजस्व की प्राप्ति हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि लातेहार के तत्कालीन उपायुक्त द्वारा बाजार के समीप शेड का निर्माण कराया गया था, लेकिन फिलवक्त वह शेड भी जिन शीर्ण अवस्था में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन द्वारा बाजार का डाक कराया जायेगा तो इससे सरकार को यहां से प्रत्येक वर्ष लाखों रुपये के राजस्व की प्राप्ति होगी। साथ ही यहां के लोगों को साफ-सफाई, पीने का पानी की व्यवस्था,शेड का निर्माण समेत अन्य कई सरकारी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इस संबंध में पूछे जाने पर सीओ जयशंकर पाठक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में लगने वाले हाट बाजार पर स्थानीय मुखिया को पहल करनी चाहिए। स्थानीय जनप्रतिनिधि चाहे तो हाट बाजार से राजस्व की प्राप्ति कर बाजार क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं पर काम कर सकते हैं। इसके अलावा हाट बाजार को सरकार के अधीन लाया जा सकता है, लेकिन उसके लिए एक लंबी प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है।

## 22 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ आठ गिरफ्तार, भेजा जेल



**चतरा।** पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबा घाट मैदान स्थित अर्द्धनिर्मित घर में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री कर रहे आठ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर तत्काल करवाई कर राम भरोसे, वकील अंसारी, काशिफ राजा उर्फ रिंकू दादा, मोहम्मद आलम उर्फ मदन, मोहम्मद अब्दुल खालिद, मोहम्मद शाहबाज, मोहम्मद वकार, मोहम्मद आसिफ को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की इस करवाई में थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर विपिन कुमार, मनीष कुमार, सामी अंसारी, जयप्रकाश, सचिंद्र आदि जवान शामिल थे।

## आज के दौर में साइबर सिक्योरिटी का ज्ञान महत्वपूर्ण : प्राचार्य




नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी साहू महाविद्यालय में साइबर सिक्योरिटी प्रोग्राम ईएलपी कार्यक्रम के तहत सोमवार को महाविद्यालय परिसर में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता उपस्थिति थी। इस अवसर पर साइबर सिक्योरिटी के संदर्भ में छात्राओं को अधिक सजग रहने का आह्वान किया गया। प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने कहा कि आज के दौर में साइबर सिक्योरिटी का ज्ञान अति महत्वपूर्ण है। सेमिनार में छात्र आयुष कुमार ने साइबर सिक्योरिटी के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। महाविद्यालय के छात्र बबली कुमारी ने भी जानकारियां दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के व्याख्याता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने किया। माय भारत पोर्टल के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी व साइबर सिक्योरिटी के विषय में जानकारियां दी। कार्यक्रम 19 से 2 जून तक चलेगा।


**झारखण्ड सरकार**

**कार्यालयः–प्रमण्डलीय प्रबंधक, लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, गढ़वा,**
**कचहरी रोड, फॉरेस्ट कैम्पस गढ़वा।**
**(झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0)**

E-mail:dmgarhwa29@gmail.comContact Number : 06561-222269

**आम नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सभी टिम्बर डीपू स्वामियों, आरा मिल स्वामियों, जलावन डीपू संचालको, प्रकाष्ठ/जलावन के विक्रेताओं–क्रेताओं एवं आम जन को सूचित किया जाता है कि निम्न कार्यक्रम के अनुसार इस प्रमण्डल के वनागारों में प्रमण्डलीय प्रबंधक, गढ़वा द्वारा प्रकाष्ठ,/जलावन की बिक्री आम नीलामी के माध्यम से की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति, प्रतिष्ठान, टिम्बर डीपू एवं आरा मिल मालिक आदि विभिन्न वनोत्पादों के क्रय हेतु लॉट सूची प्रमण्डलीय कार्यालय से नीलामी की तिथि के एक दिन पूर्व तक कार्य अवधि में प्राप्त कर सकते हैं। विशेष जानकारी हेतु प्रमण्डलीय प्रबंधक, गढ़वा के कार्यालय में कार्यावधिकाल में संपर्क कर सकते है।

| क्रं0 | नीलामी स्थल/वनागार का नाम | नीलामी की तिथि | नीलामी का समय | प्रकाष्ठ/जलावन की किस्में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चेतना वनागार, गढ़वा | 26.05.2025 | पूर्वाह्न् 11:30 बजे से 01: 30 बजे तक। | विविध वन पदार्थ एवं जलावन |

ह0/–
प्रमण्डलीय प्रबंधक,
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल गढ़वा

PR 352857 Forest, Environment and Climate Changes(25-26)D


## शोभा यात्रा के साथ पंचमुखी हनुमंत प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया



नवीन मेल संवाददाता

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के समीप श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में चल रहे श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा, श्रीराम महायज्ञ के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ परिक्रमा व पूजन के लिए उमड़ पड़ी। यह धार्मिक अनुष्ठान स्वामी 1008 शेषनारायणाचार्य महाराज की सानिध्य में संपन्न हो रहा है। शाम पांच बजे श्री पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा का महास्नान कराया गया, जिसके बाद उन्हें भव्य रथयात्रा के माध्यम से गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। इसमें काफी संख्या में महिला, पुरुषों, श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रत्येक दिन रात्रि आठ बजे से श्रीरामचरित मानस का पाठ किया जा रहा है, जिसमें विद्वान व महात्मा शामिल होकर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश प्रदान कर रहे हैं। पाठ सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। समापन 20 मई को होगा।

## अफीम, गांजा की अवैध खेती को चिह्नित कर कार्रवाई करें: उपायुक्त



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय (एनसीओआरडी) समिति की बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने वर्तमान में अवैध अफीम की खेती नष्ट करने की जानकारी लेते हुए संबंधित अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी को संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मादक पदार्थ की बिक्री, सेवन, तस्करी, उपयोग पर सजगता के साथ लोगों को ऐसे कार्यों में संलिप्तता पर नजर रखने का निर्देश दिया। साथ ही जिन क्षेत्र में अफीम की खेती की सूचना मिलने पर खेती को नष्ट करने के साथ जिनके द्वारा खेती की गई है व जो लोग उसमें संलिप्त है उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मादक पदार्थों की तस्करी व इसकी खेती पर नियंत्रण, पहचान व नष्ट करने, एनडीपीएस एक्ट के प्रावधान के संबंध में जन जागरुकता संबंधित आवश्यक निर्देश दिया गया। थाना प्रभारियों के बैठक से अनुपस्थित रहने व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी नहीं जुड़ने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारी,अंचल अधिकारी सहित सभी पदाधिकारियों को जिला स्तरीय समिति की बैठक व अन्य किसी भी बैठक में जिला मुख्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामा रविदास, पुलिस उपाधीक्षक (मु) संजीव कुमार मिश्रा, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा अनिल मिंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा**

**E-mail - eercdgarhwa-jhr@nic.in**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा R.K. Infracorp Pvt. Ltd., Lumbini Enclave, Opp.NIMS, Hyderabad, Telangana, Gujrat को इस प्रेस विज्ञप्ती के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, गढ़वा अन्तर्गत पथ प्रमण्डल, गढ़वा अंतर्गत रमना से मझिआंव भाया विशुनपुर पथ (कुल लंबाई 29.30 कि0मी0) के सुदृढ़ीकरण/पुर्ननिर्माण कार्य, जिसका एकरारनामा सं0 01 SBD/23-24 एवं दिनांक 05.04.23 द्वारा आवंटित था एवं कार्य पूर्णता की तिथि दिनांक– 04.08.2024 था। परन्तु इतनी लंबी अवधि बीत जाने के बावजूद भी उक्त कार्य पूर्ण नहीं करते हुए वर्तमान अवधि तक कार्य को अवरूद्ध रखा गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा समय–समय पर विभिन्न पत्रों द्वारा दिये गये निर्देश के बावजूद भी पथ योजना कार्य को पूर्ण करने हेतु समुचित प्रयास नहीं किया गया एवं मनमाने ढंग से कार्य निष्पादन करते हुए कार्य को लगभग पाँच माह से अनाधिकृत रूप से बंद रखा गया है, जो अपने हीं द्वारा पूर्व में प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित कार्य–योजना (Revised Work Programme) का भी उल्लंघन कर कार्य एकरारनामा के शर्त्तों का उल्लंघन किया गया एवं अद्यतन दिवस तक वर्णित पथ कार्य को अवरूद्ध रखा गया है।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको अंतिम रूप से सूचित किया जाता है, कि यथाशीघ्र लंबित अवशेष पथ कार्य को हर–हाल में यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें, अन्यथा बाध्य होकर वर्णित कार्य की अंतिम मापी विभागीय अभियंताओं द्वारा लेते हुए योजना को Rescind कर दिया जाएगा एवं आपके विरूद्ध एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में तत्संबंधी समस्त कार्रवाई प्रारंभ कर, नियमानुसार जमानत की राशि जब्त कर लिया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 352967 Road (25-26)D


## एक नजर

### बाइक से गिरकर महिला घायल

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के रांची चतरा मुख्य मार्ग रेलवे ओवर ब्रिज के समीप सोमवार को बाइक से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि घायल महिला सीतामढ़ी मुरपा ओकिया ग्राम निवासी है, जो शादी समारोह में शामिल होकर नगर से अपने घर ओकिया पुत्र के साथ लौट रही थी। इस बीच रेलवे ओवरब्रिज के समीप बड़ी वाहन के चपेट आने से बाइक से गिरकर घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सक अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रांची रेफर कर दिया गया है।बता दें कि बालूमाथ में सड़क दुर्घटना में घायल होना आम हो गई है।

### वज्रपात से आठ पशुओं की मौत

**कुंदा(चतरा)।** प्रखंड के कुंदा पंचायत अंतर्गत मेदवाडीह मे रविवार को वज्रपात से एक पशुपालक की छह बकरिया व दो खस्सी की मौत हो गई। इस घटना से पशुपालक महेंद्र यादव को भारी नुकसान हुआ है। पशुपालक का कहना है कि वज्रपात की घटना से उनको काफी नुकसान हुआ है। पूरा परिवार का जीवका बकरी पालन पर ही निर्भर है। उन्होंने कहा कि परिवार का भरण-पोषण करने में परेशानी हो रही है। पशुपालक ने प्रशासन से नुकसान के लिए उचित मुआवजा की मांग की है।

### ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर निकाला तिरंगा यात्रा

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हेरहंज में ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर हेरहंज प्रखंड में प्रभारी बृजमोहन राम की उपस्थिति में भाजपा ने निकला तिरंगा यात्रा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कन्हाई साव के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम के प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष बृजमोहन राम, जिला कार्यसमिति सदस्य व पूर्व सांसद प्रतिनिधि रंजीत जायसवाल, कैलाश कुमार ठाकुर, जिला कार्यसमिति सदस्य मनीष जायसवाल, विजय गुप्ता, जास्मतिया देवी, मंडल महामंत्री श्यामलाल गोस्वामी, मनोज यादव, किसान मोर्चा अध्यक्ष गुड्डु वर्मा साथ ही स्कूली बच्चे एवं भारी संख्या मे कार्यकर्तायों ने भाग लिया।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, उपायुक्त ने दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा व निर्माण कार्य से संबंधित अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में एनएच 39 लातेहार से कुडू के बीच अमझरिया घाटी में घुमावदार सड़क के किनारे मजबूत गार्ड वाल, रबल स्ट्रिप, सड़क सुरक्षा साइनेज आदि जल्द लगाने का निर्देश भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को दिया गया। चंदवा से गोनिया तक के सड़क पर अति दुर्घटना संभावित क्षेत्र में सड़क सुरक्षा साइनेज लगाने का निदेश कार्यपालक अभियंता उच्च पथ प्रमंडल लातेहार सह रांची को दिया गया। लातेहार से भाया तुबेद हेरहंज जाने वाले नवादा चौक तक सड़क की स्तिथि अत्यंत खराब है। जगह जगह गड्ढे बन गए है। डीवीसी द्वारा बताया गया की अगले 1 माह के बाद नई सड़क बनाने के लिए अप्रूवल मिल जायेगा। इसके बाद कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटना के आंकड़ों की जानकारी लेते हुए जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कैसे कम किया जाए, इस संदर्भ में चर्चा कर दुर्घटना से बचाव संबंधित व्यवस्था दुरुस्त करने व सुरक्षा मानकों के पालन किए जाने को लेकर निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि प्रायः ऐसा देखा जाता है कि ऑटो चालकों द्वारा क्षमता से अधिक स्कूली विद्यालय के बच्चों को लेकर आते जाते दिखाई देते हैं। भविष्य में अप्रिय घटना होने की संभावना हो सकती हैं। जिला परिवहन पदाधिकारी को ऐसे ऑटो चालकों पर कारवाई करने का निर्देश दिया गया। स्कूल के ओपनिंग व क्लोजिंग समय में शहर में नो एंट्री लगाने का निर्देश नगर पंचायत लातेहार को दिया गया। बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत चौक चैराहों व सड़क के किनारे हॉस्पिटल गेट के पास सब्जी मार्केट से अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया गया। लगातार दुपहिया वाहन चेकिंग से सड़क दुर्घटना में कमी पाई गयी है। वाहन जांच में तेजी लाने को कहा गया। विशेषकर चंदवा, बालूमाथ थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में वृद्धि को लेकर नियमित हेलमेट, सीट बेल्ट की जांच करने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग को सभी विद्यालयों में नियुक्त नोडल पदाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को डीएमएफटी फंड से प्राप्त एंबुलेंस को जिले के विभिन्न प्रखंड में सही से इस्तेमाल करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (मु) संजीव कुमार मिश्रा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, सड़क सुरक्षा समिति लातेहार के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**कुंदा(चतरा)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर भारतीय सेना के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली।यह यात्रा कुंदा मेन चौक होते हुए, दुर्गा मंडप, नीचे टोला, बेल चौक होते हुए आंबेडकर चौक तक निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता समेत कई अन्य लोगों ने भाग लिया और भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के साथ आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्र की प्रतिबद्धता को दोहराना था। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरी दुनिया को भारतीय सेना की ताकत से रूबरू करा दिया है। मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता, भाजपा नेता मनोज यादव समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने पूरे देश को गौरवांवित किया है। मौके पर

## पंसस की बैठकः अपूर्ण योजनाओं को जल्द पूर्ण करने का निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय पंचायत समिति की बैठक में प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार ने पंचायत समिति के मद से विभिन्न पंचायतों में चल रहे व पूर्ण हुए योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बताया कि 10 लाख रुपया इस मद में है, जिससे इतनी राशि की योजनाएं ली जा सकती है। समिति के सदस्यों ने पंचायत वार पूर्ण व अपूर्ण योजनाओं की बारी-बारी से समीक्षा की। अपूर्ण योजनाओं को जल्द पूर्ण करने व बचे हुए 10 लाख रुपए की राशि से नए योजना लेने पर चर्चा की गई। कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने पिछले दिनों सांसद आदर्श ग्राम चटुआग के परहैया टोला में सड़क के अभाव में डोमन परहिया के घर तक एम्बुलेंस नहीं पहुंचने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि खटिया के सहारे एम्बुलेंस तक पैदल लाने अस्पताल में विलंब से पहुंचने के कारण आदिम जनजाति डोमन परहैया की मौत हो गई। परहैया टोला व अन्य गांव जहां एम्बुलेंस नहीं पहुंच पाती है वहां वहां सड़क निर्माण की मांग रखी। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसव कक्ष में एएनएम द्वारा बरती जा लापरवाही की ओर पंचायत समिति का ध्यान खींचा। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराने आते हैं लेकिन यहां एएनएम लापरवाही से प्रसव कराने के दौरान नवजात शिशु का हाथ की हड्डी फ्रैक्चर हो गया था।

## विधायक ने जनता दरबार मे सुनी समस्या, निष्पादन का दिया भरोसा

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय में सोमवार को स्थानीय विधायक प्रकाश राम ने जनता दरबार का आयोजन। जनता दरबार में बीडीओ अमित कुमार पासवान, सीओ नंद कुमार राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी,जिप सदस्य रमेश राम, बीपीओ केतन गुप्ता प्रखंड व अंचल कर्मी के अलावा कई विभागों के कर्मी मौजूद थे। जनता दरबार में सबसे अधिक जमीन संबंधित मामला आया। नया सर्वे में गड़बड़ी के कारण कई भूमिहानों को बंदोबस्त द्वारा मिला हुआ जमीन नया खतियान में दूसरे के नाम हो जाने से क्षेत्र मे विवाद का कारण बना हुआ है। अगस्त २०२४ को भाटचतरा बारा डहर में वन विभाग द्वारा तैयार हुए मक्का खेती को लाठी डंडे से पीटकर नष्ट किए जाने के बाद गरीबों को मुआवजा व वन पट्टा नहीं मिलने का भी मामला जनता दरबार में आया। जमीन संबंधित उमेश गंझू चेटूआग,सीमा देवी नवाडीह,सूरज यादव बालूभांग,मो. महबूब,बनवार ,जगदीश प्रसाद मनातू,सुदर्शन पांडेय बारवाडीह,दशरथ प्रजापति बचरा,लालो देवी फूलसु,निरंजन बैठा बरनी,गणेश महतो गाड़ी,सादिक मियां रबादाग,मो. जयाऊर रसीद टोटी,बारियातू के ग्रामीण, नन्द किशोर प्रसाद बारियातू, सुमित्रा देवी हिसरी,सहदेव यादव पिपराडीह, महेश यादव बारियातू, मुनेश्वर गंझू सिबला,गुड़न गंझू सिबला सहित अन्य ग्रामीणों ने नया सर्वे में गड़बड़ी,ऑनलाइन रसीद नहीं कटा, दूसरे के नाम पर चढ़ा हुआ है। रकबा शून्य हो गया है तो म्यूटेशन नहीं हुआ है। 2014 तक रैयती भूमि गैरमजूआ किया गया सहित जमीन संबंधित विभिन्न मामलों को लेकर आवेदन दिया गया।

**जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक**

## अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ सख्त एक्शन लें: उपायुक्त



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि 26 अप्रैल से अब तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण में 37 वाहनों को जब्त कर 2 प्राथमिकी दर्ज गई है। 7 लाख 69 हजार 925 जुर्माना राशि की वसूली की गई। उपायुक्त ने जिला अंतर्गत अवैध खनन, भंडारण, परिवहन रोकने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने व इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया। अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई करने की बात कही गई। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि मानसून को देखते हुए 10 जून से 15 अक्टूबर तक सभी बालू घाटों में उठाव बंद रहेगा। जिस पर उपायुक्त ने सभी संबंधित अंचल अधिकारी को अपने स्तर से पत्राचार कर मुखिया को इसकी जानकारी देने का निर्देश दिया। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि सभी संबंधित अंचल अधिकारियों द्वारा कैटेगरी 1 बालूघाटों से संबंधित प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है, जो त्रुटिपूर्ण है। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को त्रुटियों का निराकरण करते हुए 15 जून तक प्रस्ताव जिला खनन कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में जिला अंतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, जांच, रॉयल्टी संग्रहण की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण को लेकर टॉस्क फोर्स द्वारा की गई कार्रवाई की पूर्ण जानकारी लिया। उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों व थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में एक भी वाहन से अवैध खनन नहीं होने देने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने दोषियों को पकड़ते हुए तुरंत उन पर एफआईआर दर्ज करने व संबंधित पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, पुलिस उपाधिक्षक संजीव कुमार मिश्रा, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, सभी अंचल अधिकारी, संबंधित पदाधिकारी, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से थाना प्रभारी जुड़े थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Ref. No.-07/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 03.06.2025 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 05.06.2025 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 05.06.2025 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair of Middle School, Latpauri Under Block Mohammadganj, Palamu. | 17,56,350.00 | 36000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 2. | Construction of Boundary Wall in Girls High School, Panki | 34,91,300.00 | 70000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 3. | Construction of P.C.C Road From REO Beharatand Road to Dipauwa Road under Block Patan, Palamu. | 32,44,300.00 | 65000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4. | Construction of Washing Shed and Platform at Sadar Hospital at Daltonganj, Palamu. | 9,00,400.00 | 18500.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 5. | Construction of First Class Veterinary Hospital Building at Bishrampur, Daltonganj, Palamu. | 31,20,000.00 | 64000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 6. | Repairing Work of Perimeter Wall at Central Jail, Medininagar. | 23,33,550.00 | 48000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 7. | Laying of Paver Block from Office to Main Gate in District Forest Office, Daltonganj, Palamu. | 24,99,800.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 8. | Construction of Boundary Wall, Main Gate, Vehicles Shed and P.C.C Path in the Campus of Labour Office Building at Redma, Daltonganj, Palamu. | 24,99,100.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 9. | Construction of Guard Wall, Paver Block, Railing Work and Partition Wall at Campus of Fishery office Building Daltongnaj, Palamu. | 15,38,700.00 | 32000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 10. | Renovation of Old Circuit House, Palamu. | 40,60,200.00 | 81000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 11. | Construction of Gazebo with glass Enclosure in D.C Palamu Residence at Daltonganj. | 7,39,500.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 12. | Renovation of Server Room, Civil Court, Palamu at Daltonganj. | 7,33,800.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 13. | Renovation and Roof Treatment of PDJ, Palamu Residence at Daltonganj, Palamu. | 17,92,700.00 | 36000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 14. | Renovation of Barrack 1, Barrack 2 and Construction of Bike Shed in S.P, Palamu Residence Campus at Daltonganj. | 19,25,300.00 | 39000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 15. | Construction of Barrack Boundary Wall, Soak Pit, PCC Flooring, Landscaping and Deep Boring in IG, Palamu Residence at Daltonganj, Palamu. | 22,95,600.00 | 46000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 16. | Installation of Deep Bore Well with submersible in the Campus of SC/ST Welfare Hostel, Daltonganj, Palamu. | 2,93,500.00 | 6000.00 | 750.00 | 15 Days |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन करना अनिवार्य होगा।

- परिमाण विपत्र क्रय हेतु सत्यापित निबंधन पत्र, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अद्यतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के नाम से भुगतेय होगा, जो निविदा सूचनापरांत तिथि से निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिमाण विपत्र क्रय की जाती है तो इस आशय का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

PR 352921 (Building)25-26*D

# लोहरदगा के सड़क पर जलजमाव से राहगीरों की जान जोखिम में




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा नगर क्षेत्र की सड़कों की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है। सोमवार को हुई हल्की बारिश ने नगर परिषद की व्यवस्थाओं की कलई खोल दी।

शहर की प्रमुख सड़कों पर जलजमाव के साथ-साथ गड्ढों ने आमजन की परेशानी और बढ़ा दी है।अधिकांश सड़कों पर पहले से ही गहरे गड्ढे बने हुए हैं। बारिश का पानी उनमें भर जाने से ये दिखाई नहीं देते, जिससे रोजाना राहगीर और वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं। कभी बाइक गिर जाती है तो कभी साइकिल सवार गिर जाता है। स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे अधिक प्रभावित हैं।

## मिशन चौक से महावीर चौक तक की हालत सबसे खराब

शहर के सबसे व्यस्त इलाके-मिशन चौक से महावीर चौक तक की सड़क पर सैकड़ों की संख्या में छोटे-बड़े वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं। इस मार्ग में राणा चौक जैसे महत्वपूर्ण स्थल भी आते हैं जहाँ ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी और बैंकिंग कार्यों के लिए पहुंचते हैं। यहां प्रसिद्ध दुकानें, बैंक, फाइनांस कंपनियां, मेडिकल शॉप, गाड़ियों के शोरूम और कृषि उपकरण की दुकानें हैं, जिससे दिनभर भीड़ बनी रहती है। इन सड़कों के किनारे और बीचोबीच बने गहरे गड्ढों के कारण पैदल चलना मुश्किल हो गया है और दोपहिया, चारपहिया चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालक अक्सर गड्ढों से बचने के लिए किनारे की ओर वाहन मोड़ते हैं, जिससे आम राहगीरों को भी असुविधा होती है।

## प्रशासन से मरम्मत व जल निकासी की मांग

स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर सड़क मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन को दुरुस्त करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते स्थिति पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो मानसून में हालात और गंभीर हो सकते हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**

पत्रांक .................... दिनांक ....................

**रद्द सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत ई–निविदा कोटेशन (N.I.Q) जिसका PR 351653 District(25-26)D है को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।

PR 352919 (Building) 25-26 (D)


# मारपीट में दो घायल, 7 के खिलाफ प्रथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**




**कुडू (लोहरदगा)।** कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलसिमरी बालू घाट में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाने के दौरान हुई मारपीट की घटना में दो लोग घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने सात नामजद आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि चार अन्य की तलाश जारी है। घटना 18 मई की रात की है। दोबा बर टोली निवासी आरिफ अंसारी ने कुडू थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी (कांड संख्या 56/25) में बताया कि 17 मई को कुडू पुलिस द्वारा अवैध बालू खनन के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत कोलसिमरी निवासी अमित महतो के ट्रैक्टर को जब्त किया गया था। ट्रैक्टर नदी में फंसा हुआ था, जिसे आरिफ ने अपने ट्रैक्टर से टोचन कर थाना तक पहुंचाया। इसी बात को लेकर अगली रात कोलसिमरी गांव के अमित महतो, प्रमोद पासवान, मिथलेश भंडारी, सुबोध गोप और नदी नगड़ा के दिनेश यादव, वीरेंद्र यादव तथा भीम उरांव ने आरिफ अंसारी और उसके चचेरे भाई तारिक अंसारी पर हमला कर दिया। इस हमले में तारिक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके सिर में गहरी चोटें आईं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपियों में से अमित महतो, प्रमोद पासवान और मिथलेश भंडारी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा। बाकी चार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। यह घटना न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल उठाती है, बल्कि अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई करने वालों को सुरक्षा देने की आवश्यकता को भी उजागर करती है।

## गाय ने दिए जुड़वां बछड़े, बना कौतूहल का केंद्र



**कुडू।** कुडू प्रखंड के उडुमुडु बारीडीह गांव में एक गाय ने जुड़वां बछड़े (एक बछड़ा और एक बछिया) को जन्म देकर सबको चौंका दिया है। यह असामान्य प्रसंग गांव में चर्चा का विषय बन गया है और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में इन्हें देखने महिंदर राम के घर पहुंच रहे हैं। महिंदर राम ने बताया कि दोनों बछड़े पूरी तरह स्वस्थ हैं और जन्म के समय से ही चंचल व सक्रिय हैं। उन्होंने इस प्रसंग को ईश्वर का आशीर्वाद बताते हुए कहा कि इस तरह की घटना जीवन में पहली बार देखने को मिली है, जिससे पूरा परिवार अत्यंत प्रसन्न है। गांव के बुजुर्गों का भी कहना है कि यह घटना बहुत दुर्लभ है। आमतौर पर इंसानों और कुछ जानवरों में जुड़वां संतानें होती हैं, लेकिन गाय में ऐसा बहुत ही कम देखने को मिलता है।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

**e-NIT Tender Notice**

e-Tender in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm/agency/contractors for the following work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Name of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.) (non-refundable) including GST@18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 107/PR/JUSNL/2025-26 | Repair & maintenance,sanitary work,painting of Control Room, Office Room, DG Room and Store Room etc. and other miscellaneous work at 132/33 kV GSS Latehar. | 04 Months | 5900/- | 31500/- | 15,73,566.00 |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e -Tender website | 17.05.2025 at 12.00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 17.05.2025 at 12.00 PM |
| End date and time of upload of BID | 09.06.2025 at 12.00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 10.06.2025 at 12.30 PM |
| BID Opening date for Price Part (Part-II) | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone -IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

NOTE:-
1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 352893 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)25-26*D


## सड़क दुर्घटना मामले में फरार टेंपो चालक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र में घटी एक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत के मामले में फरार चल रहे आरोपी टेंपो चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह गिरफ्तारी रविवार रात्रि लगभग 8 बजे पतलो गांव से की गई। घटना 15 जनवरी 2025 की है, जब चितरी घाघ मेला से लौट रहे झालजमीरा बड़का टोली निवासी स्वर्गीय बिगन लोहरा के पुत्र अजय लोहरा और एक अन्य युवक को एक टेम्पू ने जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दूसरा घायल इलाज के दौरान चल बसा। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार की शिकायत पर सेन्हा थाना में कांड संख्या 06/25 दर्ज किया गया था। घटना के बाद से टेम्पू चालक फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पतलो गांव निवासी स्वर्गीय तेहान चिक बड़ाइक के 29 वर्षीय पुत्र रामदेव चिक बड़ाइक को उसके घर से गिरफ्तार किया।

## अज्ञात चोरों ने सात बिजली खंभों से केबल तार चुराया

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। थाना के पीछे किसानों को सिंचाई के लिए बिजली विभाग द्वारा लगाए गए सात खंभों से केबल तार काट कर चोरी कर लिया गया है। यह घटना फुलझर नदी के पास नव-निर्मित पुल के समीप घटी। स्थानीय किसान भोला साहू ने बताया कि जब वह अपने खेत की ओर गया, तो देखा कि खंभों से बिजली के तार पूरी तरह से गायब थे। ये तार ट्रांसफॉर्मर से लेकर किसानों के सिंचाई मशीन तक बिजली पहुंचाने के लिए लगाए गए थे। इस चोरी से किसानों को लाखों रुपये की क्षति हुई है और भीषण गर्मी के इस मौसम में सिंचाई बाधित होने से खेतों में खड़ी फसलें सूखने की कगार पर हैं। बड़ी बात यह है कि समाचार लिखे जाने तक न तो बिजली विभाग और न ही किसी किसान की ओर से सेन्हा थाना में कोई लिखित सूचना दी गई है।


**OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PANCHAYAT SHRI BANSIDHAR NAGAR URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT**

**e-Procurement Notice**

Tender Reference No.- SBD/NPSBN/01/2025-26(5th Call), Dated- 17-05-2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | **Rejuvenation of Babhni Khand Dam at Ward No. 05, Nagar Panchayat, Shri Banshidhar Nagar** |
| 2 | Tender Value (Rs.) | INR 4,01,85,233 (Rupees Four Crore One Lakh, Eighty Five Thousand, Two Hundred Thirty Three and Paisa Zero ) |
| 3 | Time of Completion | 18 Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on Website | 19-05-2025 |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bids | 04-06-2025 03.00 PM |
| 6 | Name & address of office Inviting tender | Executive Officer, Nagar Panchayat, Shri Bansidhar Nagar |
| 7 | Contact no. of Procurement officer | 6209395021 |
| 8 | Helpline number of e-Procurement cell | 8340682537 9905601861 |

**Note- Cost of Bidding Document (Not Refundable) & Bid Security (Security Deposit) shall be payable online through** http://jharkhandtenders.gov.in
**Any change can be seen on Website** http:// jharkhandtenders.gov.in
***Any other information can be seen on*** http://jharkhandtenders.gov.in

PR 352849 (Urban Development) 25-26 (D)

Sd/-
(Rajkamal )
Executive Officer
Nagar Panchayat,
Shri Bansidhar Nagar.



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभाग, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा**

**शैक्षणिक सत्र–2025–2026–2027 में नामांकन से सबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एंव प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभाग, रांची के पत्रांक–639, दिनाकं–07/05/2025 के अनुपालन में सूचित किया जाता है कि **NCVT** से मान्यता प्राप्त व्यवसायों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा के शैक्षणिक सत्र–2025–2026–2027 में योग्य आवेदकों (महिला सहित) से जो झारखण्ड़ राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी के श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाइन (https://iti.jharkhand.gov.in के Admission tab) में आवेदन –पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

**1. न्युनतम शैक्षणिक योग्यता–** सभी व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। केवल वेल्डर व्यवसाय में (आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।)

**2. आयु अहर्ता:–** 01 जुलाई 2025 को न्युनतम आयु 14 वर्ष एंव अधिकतम 40 वर्श के बीच होनी चाहिए। सैन्य कार्रवाई में मारे गये सैन्य कर्मियों के विधवाओं के मामले में अधिकतम 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

**3. ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि:–**

| क्र0.सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एंव आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20 मई 2025 |
| 02 | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एंव आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13 जून 2025, अपराह्न 5:00 बजे |
| 03 | औपबंधिक मेघा सूचियों (आठवीं एंव दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 16 जून 2025, अपराह्न 5:00 बजे |
| 04 | औपबंधिक राज्य मेघा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एंव अन्य प्रविष्टियों में त्रूटि में सुधार | 17 जून 2025, 19 जून 2025 |
| 05 | अंतिम मेधा सूची का प्रकाशन | 21 जून 2025 |

**4.** डी0जी0टी के पत्राकं **–DGT-MIS 011/1/2025-O/o DIR(TC) [71015]**, दिनाकं–08/04/2025 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने वाले अभ्यथियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई0डी एंव आधार नम्बर आवश्यक है तथा **National Trade Certificate (NTC)** उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी।डी0जी0टी का पत्र https://iti.jharkhand.gov.in के **Download section** के **Notification Tab** में देखा जा सकता है।

**5.** नामांकन सबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in )के Download section के **Notification Tab** में **देखा/Download** किया जा सकता है।

**6. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में संचालित व्यवसायों की विवरणी :–**

| 02 वर्षीय व्यवसाय | सीटें | 01 वर्षीय व्यवसाय | सीटें |
|---|---|---|---|
| फिट्र | 40 | मेकेनिक ड़ीजल | 24 |
| इलेक्ट्रीशियन | 20 | | |
| टर्नर | 20 | वेल्डर | 20 |
| मेकेनिक मोटर वेहिकल | 24 | | |
| इलेक्ट्रोनिक्स मेकेनिक्स | 24 | कोपा | 24 |
| आई0 टी0 | 24 | | |

HELP DESK IN ITI CAMPUS
RITESH KUMAR YADAV, COMPUTER OPERATOR
INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE, GARHWA
MOB- 7992311265

ह0/-
प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा।

PR 352957 (Labour Employment and Traning) 25-26 (D)


# आमदरी गांव में हाथियों का तांडव एक घर ध्वस्त, परिवार हुआ बेघर



**भंडरा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत गडरपपो पंचायत के आमदरी गांव में बीती रात करीब 12 बजे 13 हाथियों के झुंड ने आसीर केरकेट्टा के घर पर हमला कर उसे पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। घटना के समय घर में 8 लोग मौजूद थे, जिनमें से 6 किसी तरह जान बचाकर पहाड़ी की ओर भाग गए, जबकि दो लोग घर में ही दुबक गए। पीड़ित आसीर केरकेट्टा ने बताया कि हाथियों ने घर को चारों ओर से घेर कर तोड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान चौकी, पलंग, बक्सा और अलमारी को भी नष्ट कर दिया गया। साथ ही घर में रखा सारा राशन भी हाथियों ने बर्बाद कर दिया। घटना के बाद पूरा परिवार बेघर हो गया है और असुरक्षा की स्थिति बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पंचायत सचिव को पीड़ित परिवार को राहत सामग्री उपलब्ध कराने और रात में ठहरने के लिए नजदीकी विद्यालय भवन में अस्थायी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। गांव में हाथियों की लगातार हो रही आवाजाही से दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से शीघ्र हस्तक्षेप और हाथियों को दूर भगाने की मांग की है।

# डीसी व एसपी ने हरी झंडी दिखाकर दो युवाओं को 5 धाम के लिए किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा की पुण्यभूमि से आध्यात्मिकता, साहस और समर्पण का संगम लिए दो युवा श्रद्धालु पांच धाम बाइक यात्रा पर निकले हैं। सोमवार को समाहरणालय परिसर से डोढ़ा टोली निवासी वेद प्रकाश साहू और सीठीओ गांव निवासी सूरज महली को डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्णा, एसपी हरीश बिन जमा एवं डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने विधिवत रूप से हरी झंडी दिखाकर तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया। यह यात्रा मात्र एक मार्ग नहीं, बल्कि आस्था, साधना और सेवा भाव की प्रतीक है। युवाओं का यह संकल्प न केवल उन्हें भारत के पवित्र तीर्थों की यात्रा कराएगा, बल्कि उनके भीतर आध्यात्मिक चेतना, आत्मानुशासन और राष्ट्रभावना को भी प्रबल करेगा। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्णा ने कहा कि लोहरदगा के युवाओं में धार्मिक जागरूकता और समाज के प्रति संवेदनशीलता सराहनीय है। हर वर्ष यहां से बाइक यात्रियों का इस तरह तीर्थों की ओर निकलना एक सशक्त सांस्कृतिक परंपरा बनती जा रही है। एसपी हरीश बिन जमा ने युवाओं के जज़्बे की प्रशंसा करते हुए कहा कि आध्यात्मिक यात्राएं मन, मस्तिष्क और चरित्र को नई दिशा देती हैं। यह पहल युवाओं में आत्मबल और नेतृत्व का विकास करती है। वहीं डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि पांच धाम यात्रा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि जीवनदृष्टि को गहराई देने वाली एक आत्मिक यात्रा है। यह भारत की आध्यात्मिक एकता, विविधता और सांस्कृतिक गौरव को महसूस करने का अनूठा माध्यम है। करीब 16 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान दोनों युवा श्रद्धालु देश के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थलों का दर्शन करेंगे और अंततः लोहरदगा लौटेंगे। यह यात्रा न केवल उनके जीवन में आध्यात्मिक अनुभवों का संचार करेगी, बल्कि लोहरदगा जिले के लिए भी गौरव का विषय बनेगी। युवाओं की यह पहल निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ियों को धर्म, संस्कार और समाजसेवा की राह पर चलने की प्रेरणा देगी।


**ई० प्रोक्योरमेंन्ट सेल कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।**
ई–मेल :– eebcdlohardaga-jhr@nic.in

**ई० प्रोक्योरमेंन्ट नोटिस**

ई०-टेन्डर रेफरेन्स नं०-01/2025-26/EE/BCD/LOHARDAGA (2nd Call) Date :- 19/05/2025

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Construction of Boundary Wall with Concertina Coil Fencing at ITI Kairo, Lohardaga. | 80,23,500=00 | 06 (Six) Months |

1). वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 26/05/2025 को 11:00 बजे
2). बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 02/06/2025 को 11:00 बजे
3). निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।
4). निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 03/06/2025 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई०-प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल सं०-02, भवन निर्माण विभाग, राँची।
5). प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 7765846250
6). ई०-प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 9199192828
7). परिमान विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8). सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई०-गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03/10/2023 के द्वारा SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229, दिनांक 06/10/2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9). निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई०-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note :- UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 352959 Lohardaga(25-26)D



**District Legal services Authority, Chatra**
**E-mail Id-dlsachatra@gmail.com**

**(Corrigendum)**
**Advertisement No.01/2025** **Dated:- 15/05/2025**

**Advertisement for Contractual engagement of Deputy Chief Legal Aid defence Counsel**

In Light of Letter No.- JHALSA/2184 dated 07.05.2025 applications are invited from the eligible lawyers having requisite qualification for the contractual full time engagement for the post of Deputy Chief, Legal Aid Defence Counsel in the Legal Aid Defence Counsel System(LADCS) in the District Legal Services Authority Chatra. The duly filled application form along with self attested copies of documents must be addressed to the Secretary, District Legal Services Authority, Civil Courts, Chatra. Application may be submitted either through speed post or in person in envelope which must reach in the office of the Secretary DLSA, Chatra, on or before 31st of May, 2025 by 05:00 PM. Any Applications received after due date and time shall not be considered.

| Name of Post | Number of Vacancy |
|---|---|
| Deputy Chief Legal Aid defence Counsel | 01 |

2. Honorarium:-55,000/- per month.
3. Qualifications:-
- Practice in Criminal Law for at least 07 years.
- Excellent understanding of criminal law.
- Excellent oral and written communication skill.
- Skill in legal research,
- Thorough understanding of ethical duties of a defence counsel.
- Ability to work effectively and efficiently with others
- Must have handled at least 20 criminal trials in Sessions Courts, may be relaxed in exceptional circumstances, by Hon'ble executive Chirman, SLSA,
- IT Knowledge with proficiency in work.
4. The scheme of engagement along with application may be downloaded from officialwebsite of Civil Court, Chatra https://chatra.dcourts.gov.in and can be obtained from the office directly.
5. The selection would be on the basis of performance in the interview which will be held on date to be announced later and it would be available in the website of DLSA, Chatra and also in the Civil Court website.
6. The shortlisted candidates shall be called for the interview individually through email address/mobile number provided by them and if candidate does not receive the call, he/she may contact the Secretary, DLSA, Chatra, at least two days before the scheduled date of interview.

Applying for engagement does not create any right/assurance whatsoever.

PR 352637 Law (25-26)_D

**Note :- Any further detail may be obtained from the office of D.L.S.A., Chatra.**
**Read Dated. 15.05.2025 in place of Dated. 15.05.2024**

Tarkeshwar Das
Secretary, DLSA, Chatra

PR 352902 Law(25-26).D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**प्राचार्य का कार्यालय- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झगड़ाटाँड़, गढ़वा 822112**
**Email:- govitijhagratand@gmail.com**

**नामाकंन सुचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, द्वारा NCVT से मान्यता प्राप्त गढ़वा जिला के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झगड़ाटाँड़, गढ़वा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/ स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन (https://iti. Jharkhand.gov.in- Admission Tab) आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।

सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झगड़ाटाँड, गढ़वा में निम्न व्यवसायों की प्रशिक्षण दी जा रही है।

2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:–

| क्र0 सं0 | व्यवसाय | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Electrician | 02 वर्ष | 40 | 10th |
| 02 | Fitter | 02 वर्ष | 40 | 10th |
| 03 | Mechanic Diesel | 01 वर्ष | 48 | 10th |
| 04 | Welder | 01 वर्ष | 40 | 8th/10th |

3.महत्वपूर्ण तिथियाँ:–

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13.06.2025 (5:00 PM) |
| 03 | औपबंधिक मेघा सूचियों (अठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 16.06.2025 (5:00 PM) |
| 04 | औपबंधिक मेघा राज्य सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/ प्राप्तांक प्रतिशत कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि में सुधार की अवधि | 17.06.2025 से 19.06.2025 |
| 05 | अंतिम मेघा सूचियों (अठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 21.06.2025 |

4.डी0 जी0 टी0 के पत्रांक–DGT-Aff011/01/2025-00 DIR (TC) Part(2)[63756], दिनांक–03/05/2025 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झगड़ाटाँड़, गढ़वा में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैद्य मोबाईल नं0,ई–मेल आई0 डी0, एवं आधार नं0 आवश्यक है तथा NTC उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। डी0 जी0 टी0 का पत्र https://iti. Jharkhand.gov.in के Download Section के Notification Tab में देखा जा सकता है।

5.नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड आई0टी0आई0 Web Portal (https://iti. Jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है।

6.किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु आई0टी0 आई0 मो0 नं0–9709259437 एवं 8210089235. से सर्म्पक किया जा सकता है।

HELP DESK IN ITI CAMPUS
AJEET KUMAR YADAV, COMPUTER OPERATOR
INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE, GARHWA
MOB- 8210089235

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
झगड़ाटाँड़, गढ़वा

PR 352963 Labour Employment and Traning (25-26)_D

## न्यूज बॉक्स

### वज्रपात की चपेट में आई छात्रा, झुलसी

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के आरंगी कच्चा पाड़ा गांव में सोमवार को वज्रपात की चपेट में आने से एक 13 वर्षीय छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल छात्रा की पहचान बाबूराम तुरी की पुत्री प्रिया कुमारी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रिया अपने गांव के समीप मवेशी चरा रही थी। इस दौरान हल्की बारिश शुरू हुई, जिससे बचने के लिए वह पास के करंज के पेड़ के नीचे चली गई। उसके साथ मौजूद एक अन्य लड़की, एक लड़का और एक वृद्ध महिला भी पास के आम के पेड़ के नीचे जाकर बारिश से बचने लगे। तभी अचानक तेज बिजली कड़की और वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में आकर प्रिया झुलस गई और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ी। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घाघरा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद प्रिया की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सदर अस्पताल, गुमला रेफर किया गया। वर्तमान में सदर अस्पताल में उसका इलाज जारी है, जहां उसे सीने में तेज दर्द की शिकायत है।

### सर्पदंश से युवती हुई घायल

**गुमला।** चैनपुर प्रखंड के कुकरुंजा गांव में एक युवती सर्पदंश की शिकार हो गई। पीड़िता की पहचान 21 वर्षीय प्रीति कुमारी के रूप में हुई है। घटना रात करीब 10:30 बजे की है, जब वह अपने पिता को देखने घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान उसके पैर के नीचे एक हरे रंग का पतला सांप आ गया और अचानक उसे डस लिया। सांप के डसते ही युवती ने मोबाइल की रोशनी में देखने की कोशिश की, लेकिन सांप झाड़ियों की ओर भागकर छिप गया। थोड़ी ही देर में प्रीति के पैर में तेज जलन और लहर महसूस होने लगी, जिसकी जानकारी उसने अपनी मां को दी। परिजनों ने तत्काल उसे गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। फिलहाल युवती की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार चल रहा है। समय पर इलाज मिलने से उसकी जान बचाई जा सकी।

### आंधी-तूफान के कहर से कई किसानों के एस्बेस्टस उड़े

**गुमला।** जारी प्रखंड में आई तेज आंधी-तूफान और बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। कई जगहों पर पेड़ सड़कों पर गिर गए, जिससे यातायात बाधित हुआ। वहीं, पेड़ों की डालियां बिजली के तारों पर गिरने से विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हुई। मौसम की इस मार से मेराल पंचायत के कई ग्रामीण परिवार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। विशेषकर आमगांव के बिलचूस लोहरा, रिजु लोहरा और सकतार गांव के पटवारी देवी, हबील तिग्गा, राजन नायक, नंदू कोरबा, पुने उरांव, मोहन कुम्हार और दयाराम रौतिया के घरों का एस्बेस्टर तेज आंधी में उड़ गया, जिससे घर क्षतिग्रस्त हो गए। सभी पीड़ित किसान आर्थिक रूप से कमजोर हैं और मजदूरी व खेतीबाड़ी कर जीवनयापन करते हैं। अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा ने कई गरीब परिवारों को बेघर कर दिया है। जानकारी मिलने पर मेराल पंचायत की मुखिया चाजरेन मिंज पीड़ितों के घर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से पीड़ित परिवारों को शीघ्र मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से मांग की है कि नुकसान का तत्काल सर्वे कराकर उन्हें राहत प्रदान की जाए, ताकि वे फिर से अपने घरों का निर्माण कर सकें और सामान्य जीवन में लौट सकें।.

### असामाजिक तत्वों ने बोलेरो में लगाई आग



**डुमरी (गुमला)।** जैरागी गांव में देर रात एक सनसनीखेज घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। रात करीब 12 बजे अज्ञात असामाजिक तत्वों ने संजय साहू की बोलेरो गाड़ी को आग के हवाले कर दिया। घटना के वक्त पूरे गांव में बिजली नहीं थी, जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बोलेरो संजय साहू के घर के बाहर खड़ी थी। अचानक आग की लपटें उठने लगीं और धमाके की आवाज से ग्रामीणों की नींद खुल गई। लोग बाहर निकले तो देखा कि बोलेरो धू-धू कर जल रही है। बिजली न होने की वजह से न तो आग बुझाने में मदद मिल सकी और न ही किसी को पहचान पाना संभव हो सका। ग्रामीणों ने मिलकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गाड़ी पूरी तरह खाक हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही डुमरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और शरारती तत्वों की संलिप्तता की आशंका जताई है।

### तेज रफ्तार बाइक ने छात्र को मारी टक्कर, घायल

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र के देवगढ़ा पुल के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक 9 वर्षीय छात्र यीशु मिंज गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस वक्त हुआ जब यीशु अपने पिता फिरु मिंज के साथ मवेशी चराने के बाद उन्हें लेकर घर लौट रहा था। सड़क पार करते समय अचानक एक तेज रफ्तार बाइक ने छात्र को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मवेशी आगे-आगे चल रहे थे और पीछे से यीशु सड़क पार कर रहा था, तभी बाइक पर सवार दो युवक तेज गति में आए और बच्चे को रौंदते हुए निकल गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छात्र सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया और उसके कमर में गंभीर चोट आई। घटना के तुरंत बाद बाइक सवार युवक बाइक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। घायल छात्र को परिजनों ने तत्काल गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।

### रामरेखा धाम मेला संचालन समिति का पुनर्गठन, सूरज सिंह बने नए अध्यक्ष

**रायडीह (गुमला)।** सुरसांग थाना अंतर्गत रमजा गांव में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में रामरेखा धाम मेला संचालन समिति का पुनर्गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष गणेश सिंह ने की। सर्वसम्मति से पुरानी समिति को भंग कर नई समिति का गठन किया गया, जिसमें मेला संचालन को और अधिक प्रभावी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए समिति का विस्तार भी किया गया। पुनर्गठित समिति में सूरज सिंह को अध्यक्ष, जय राम सिंह को सचिव और विश्वनाथ सिंह कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं शंकर सिंह व जीत वाहन सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया। संरक्षक मंडल में अशोक सिंह, लक्ष्मीनारायण सिंह, गणेश सिंह, सच्चिदानंद पांडा, विनय कुमार लाल, बहादुर सिंह, मोहन चंद्र सिंह व लक्ष्मण सिंह को शामिल किया गया। सदस्य के रूप में शिवनारायण सिंह, शोभित सिंह, मंगल सिंह, प्रताप सिंह, रामदेव सिंह, रंजीत नाग, राजन मुंडा समेत अन्य लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में समिति के पूर्व पदाधिकारीगण और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### युवक बाइक हादसे में गंभीर रूप से घायल, एक की हालत नाजुक

**गुमला।** गुमला जिला के कामडारा प्रखंड अंतर्गत कुरकुरा थाना क्षेत्र के टाटी गांव के पास रविवार को एक कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान सरारोमबा गांव निवासी सुमित डोंग और प्रदीप डोंग के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक टाटी बाजार से बाइक द्वारा अपने घर लौट रहे थे, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल कोनवीर अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को सदर अस्पताल गुमला रेफर किया गया।

## डीसी ने पहाड़िया परिवारों की समस्याएं सुनीं

# त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**





**गुमला।** जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने क्षेत्रीय भ्रमण के क्रम में बिशुनपुर प्रखंड के निरासी पंचायत स्थित जमटी गांव के बुकी कोना टोला का दौरा किया। पहाड़िया जनजाति के लगभग 15 परिवारों वाले इस सुदूरवर्ती गांव में पहुंचकर उपायुक्त ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सड़क, पेयजल और बिजली जैसी आधारभूत सुविधाओं का अभाव है। कच्ची सड़क होने के कारण बरसात में आवागमन में कठिनाई होती है। गांव में न तो चापाकल है और न ही जलमीनार, जिससे पेयजल की गंभीर समस्या है। बिजली पोल लगे हैं, पर अब तक तार और कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। इन समस्याओं पर उपायुक्त ने सभी विभागों को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

पेंशन, राशन और अधूरे आवास निर्माण से जुड़ी शिकायतों पर भी उपायुक्त ने तत्परता से संज्ञान लिया और सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीणों के जॉब कार्ड की स्थिति की भी समीक्षा की। बांस उत्पाद जैसे सूप, टोकरी व झाड़ू बनाकर जीविकोपार्जन कर रहे ग्रामीणों की सराहना करते हुए उपायुक्त ने बांस शिल्प में प्रशिक्षण देने और बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की बात कही, ताकि इन उत्पादों से ग्रामीणों को अधिक आय हो सके। राशन वितरण को लेकर डाकिया योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और अंतिम छोर तक खाद्यान्न पहुंचाने के निर्देश दिए गए। साथ ही जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड और अन्य योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही गई। ग्रामीणों द्वारा तालाब व चेकडैम निर्माण की मांग पर भी कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया।

महिला और शिशु स्वास्थ्य को लेकर उपायुक्त ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने की अपील की तथा मातृ वंदना योजना और जननी शिशु सुरक्षा योजना की जानकारी साझा की। मोबाइल मेडिकल वैन द्वारा लगाए जाने वाले स्वास्थ्य शिविरों में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने को भी कहा गया।

गांव की सभी महिलाएं एक स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं, जिसे लेकर उपायुक्त ने प्रसन्नता जताई

### सुब्रतो कप और नेहरू हॉकी टूर्नामेंट की तैयारी शुरू

**गुमला।** वर्ष 2025-26 में खेलो झारखंड, सुब्रतो फुटबॉल कप और नेहरू हॉकी टूर्नामेंट के सफल संचालन को लेकर जिला स्तरीय बैठक का आयोजन गुमला प्रखंड कार्यालय सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ज्योति खलखो ने की। इसमें जिले के सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी, खेल शिक्षक और विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में बताया गया कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद को नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है, जो विद्यालय, प्रखंड, जिला और राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन की जिम्मेदारी निभाएगी। खेलो झारखंड के अंतर्गत एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, तीरंदाजी, हॉकी, वुशु, ताइक्वांडो, रेसलिंग, शतरंज, रस्साकसी और बैंड प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। 10 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ी इन प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकेंगे।

## फुटबॉलर सुमति कुमारी के घर पहुंचे भरनो सीओ

# योजनाओं का लाभ दिलाने में प्रशासन प्रतिबद्ध : अविनाश



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के करोंदाजोर पंचायत स्थित लौंडरा गांव की बेटी और अंतर्राष्ट्रीय महिला फुटबॉलर सुमति कुमारी के घर सोमवार को भरनो अंचल अधिकारी (सीओ) अविनाश कुजूर और बीस सूत्री कार्यक्रम के प्रखंड अध्यक्ष जॉनसन बाड़ा पहुंचे। सीओ ने सुमति के पिता फिरू उरांव से मुलाकात की और उनके घर व गांव से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। फिरू उरांव द्वारा उठाई गई मांगों पर सीओ ने तत्परता दिखाते हुए आश्वासन दिया कि जल्द ही उनके घर के समीप खराब पड़े सोलर जलमीनार की मरम्मत कराई जाएगी। साथ ही शौचालय निर्माण, आयुष्मान कार्ड बनवाने और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त घर के मुआवजे की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। सीओ अविनाश कुजूर ने कहा कि सुमति कुमारी ने अपनी खेल प्रतिभा से न सिर्फ गुमला जिला बल्कि राज्य और देश का नाम भी रोशन किया है। ऐसे में उनके परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि फिरू उरांव के पास राशन कार्ड और पीएम आवास योजना का लाभ पहले से है, लेकिन कुछ अन्य योजनाएं जो अब तक नहीं मिल सकीं थीं, उन्हें जल्द उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है। इस दौरान गांव के कई अन्य ग्रामीण भी उपस्थित थे और उन्होंने भी अपनी समस्याएं सीओ के समक्ष रखीं। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निवारण का भरोसा दिलाया।


## न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।

**CCA वाद संख्या–02/2025**

नोटिस

बनाम्

विक्की कुमार उर्फ विक्की कुमार रवि, पिता–जुगल राम,

सा0–कसमार, थाना–हेरहंज, जिला–लातेहार।

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि झारखण्ड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा–3(1)(a),3(1)(b) के तहत् गठित आरोप पत्र में पक्ष रखने के लिए नोटिस का तामिला कराए जाने के बावजूद भी आप लगातार अनुपस्थित है।

अतएव अंतिम रूप से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.05.2025 को उपस्थित होकर स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख को एक पक्षीय करते हुए उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर आदेश पारित कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR 352847 District(25-26)D



## जिला परिवहन कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

गढ़वा जिला अन्तर्गत कई जगहों पर बिना व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त किये बिक्री केन्द्र खोलकर वाहन की बिक्री की जा रही है। कुछ डीलरों द्वारा एक जगह का व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त कर बिना किसी कागजात तथा अनुमति के जिला तथा जिला से बाहर भी कई बिक्री केन्द्र खोलकर वाहन की बिक्री की जा रही है जो मोटरवाहन अधिनियम के धाराओं का उल्लंघन है तथा इससे सरकारी राजस्व की हानी हो रही है।

अतः अवैध रूप से संचालित सभी बिक्री केन्द्र संचालकों को सूचित किया जाता है कि व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त कर ही वाहन बिक्री केन्द्र का संचालन करे तथा यदि आपकों व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त हो तो मात्र उसी स्थान पर वाहन बिक्री केन्द्र का संचालन करेंगे जिस स्थान के लिए व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त हों।

एक सप्ताह के अंदर अवैध रूप से संचालित वाहन बिक्री केन्द्र बंद करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा औचक निरीक्षण के क्रम में अवैध रूप से बिक्री करते हुए पाये जाने पर बिक्री केन्द्र को सील करते हुए आपके विरूद्व मोटरवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

इसे अत्यावश्यक समझे।

ह0/–
जिला परिवहन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 352872 Transport (25-26)_D


# समर कैंप बना बच्चों की प्रतिभा का उत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिले के घाघरा प्रखंड अंतर्गत कुहीपाठ पंचायत और गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, बृंदा नयकटोली में आयोजित समर कैंप बच्चों के लिए रचनात्मकता, आनंद और सीखने का एक प्रेरणादायक मंच बनकर सामने आया। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस कैंप में पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों और पिरामल फाउंडेशन की टीम के सहयोग से गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित किया गया।

**कुहीपाठ पंचायत में 194 बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा**

मुखिया फगवा उराँव की अगुवाई में हुए समर कैंप में कक्षा एक से आठवीं तक के 194 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने चित्रकला, क्विज प्रतियोगिता, बाल गीत, चेतना गीत और कविता पाठ जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित शिक्षकों और ग्रामीणों को प्रभावित किया। प्रधानाध्यापक परशुराम प्रजापति और अन्य शिक्षकों के साथ पिरामल फाउंडेशन की टीम ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।


## जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू

पलामू समाहरणालय परिसर (सी) ब्लॉक, मेदिनीनगर– 822101
ई–मेलः–palamau.mdm@gmail .com

**आवश्यक–सूचना**

सरकार के संयुक्त सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 651 दिनांक 15.05.2025 के द्वारा विभागीय संकल्प संख्या 2093 दिनांक 06.08.2019 यथासंशोधित अधिसूचना संख्या 1556 दिनांक 08.06.2022 एवं अधिसूचना संख्या 1522 दिनांक 14.05.2025 के क्रम में राज्य के सरकारी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक/प्रधानाध्यापक के अंतर जिला स्थानांतरण के लिए निम्न रूपेण समय–सीमा निर्धारित की गई है।

| | |
|---|---|
| शिक्षकों द्वारा ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने की तिथि | दिनांक 19.05.2025 से 14.06.2025 तक |
| जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा ऑनलाईन आवेदनों का सत्यापन | दिनांक 20.06.2025 तक |
| जिला शिक्षा स्थापना समिति का अनुमोदन एवं राज्य स्तरीय समिति के लॉगिन पर ऑनलाईन अग्रसारण | दिनांक 21.06.2025 से 05.07.2025 तक |

ऑनलाईन आवेदन का लिंक https://teachertransfer.jharkhand.gov.in/ में आवेदन करने संबंधी विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक निदेश उपलब्ध है।

जिला शिक्षा अधीक्षक
पलामू

PR 352829 District(25-26)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा**

**ई-मेल :- eebcdlohardaga-jhr@nic.in**

अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या – 01/2025-26

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पुरानी भवनों को तोड़कर स्थल से हटाने हेतु नीलामी मुहरबन्द लिफाफे द्वारा दिनांक 27/05/2025 को 03:00 बजे अपराह्ण तक इस कार्यालय में प्राप्त की जाएगी एवं उसी दिन 03:30 बजे अपरह्ण में खोली जाएगी। नीलामी दाता/उनके द्वारा प्रधिकृत प्रतिनिधि यदि चाहें, तो उपस्थित रह सकते है।

| क्र० सं० | योजना का नाम | न्यूनतम सुरक्षित राशि | अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 15 (पंद्रह) प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | Salvage Value of Old 04 Court Building in Premises of Civil Court, Lohardaga. | 1,42,787=00 | 21,500=00 |

नीलामी की शर्ते निम्नवत् हैं :–

1). नीलामी दाता को अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 15 (पंद्रह) प्रतिशत (न्यूनतम राशि) राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (आठवाँ निर्गम) या तीन/पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा पासबुक या राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत FDR, के रूप में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर संलग्न करना होगा।

2). आदेश निर्गत होने के तीन दिनों के अंदर उच्चतम नीलामी दाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा के पदनाम से निर्गत बैंक ड्राफ्ट (जो भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा लोहरदगा में भुगतेय हो) के माध्यम से जमा कर देना होगा।

3). आदेश की तिथि से पंद्रह दिन के अन्दर भवन को तोड़कर एवं कचरा/मलवा (Rubbish) को स्थल से हटाकर स्थल को समतल कर देना होगा एवं इसके पश्चात ही अग्रधन की राशि वापस की जाएगी।

4). तोड़ने के क्रम में हुई किसी दुर्घटना की जिम्मेवारी विभाग की नहीं अपितु नीलामी दाता की होगी।

5). नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति भाग लेने के पूर्व भवन का निरीक्षण कर लें।

6). बिना कारण बताए नीलामी रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

7). अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 352899 Lohardaga (25-26)_D



## झारखण्ड सरकार

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (पशुपालन प्रभाग)**

**LHDCP योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी**

**जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा**

**–ः आम सूचना ः–**

भारत सरकार के केन्द्र प्रायोजित योजना LHDCP योजनान्तर्गत गढ़वा जिला में FMD & LSD टीकाकरण कार्यक्रम दिनांक 19.05.2025 से दिनांक 18.07.2025 तक गढ़वा जिला में निःशुल्क टीकाकरण चलाया जाना है। इस कार्यक्रम अन्तर्गत पशुपालकों के घर–घर जाकर खुरहा–मुँहपका (FMD) रोग के रोकथाम हेतु सुयोग्य गौ जाति एवं भैंस जाति के पशुओं को FMD का निःशुल्क टीकाकरण एवं गॉठदार त्वचा रोग (LSD) के रोकथाम हेतु केवल गौ जाति के सुयोग्य पशुओं को LSD का निःशुल्क टीकाकरण किया जाना है।

टीकाकरण के पूर्व सभी गौ वंशीय एवं भैंस प्रजाति के पशुओं को 12 अंकों के (UID) टैग से चिन्हितीकरण करते हुए भारत पशुधन ऐप में निबंधन किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि अपने–अपने आधार नं0 एवं मोबाईल नं0 इस कार्य हेतु विभाग द्वारा प्राधिकृत टीकाकर्मियों को उपलब्ध कराकर अपने पशुओं का पंजीकृत, टैगिंग एवं टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें एवं इस कार्य में विभाग को सहयोग प्रदान करें।

जिला के सभी मुखिया, वार्ड सदस्य, जिला परिषद्, पंचायत समिति सदस्य एवं अन्य सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध है कि इस कार्यक्रम को अपने–अपने क्षेत्र में बृहत प्रचार–प्रसार कर पशुओं का टैगिंग एवं टीकाकरण के लिए पशुपालकों को प्रेरित करें।

**नोट** :–अधिक जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के पशुचिकित्सा पदाधिकारियों से सम्पर्क करें।

टैग नही तो टीका नही।, जन–जन तक संदेश पहुँचाना है।
खुरहा–मुँहपका एवं गॉठदार त्वचा रोग को जड़ से मिटाना है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा

PR 352868 Animal Husbandry(25-26)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
(डी0एम0एफ0टी0 मद)

**संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/8/2025-26**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लतेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के धर्मपुर में स्टेडियम के समीप स्वच्छता/SLRM कार्य हेतु अवस्थित भवन का जिर्णोद्धार। | 1794127 | 36000 | 5000 | 1 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20.05.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.05.2025 से दिनांक 26.05.2025 को अपराहन 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –28.05.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लातेहार

PR 352889 Rural Development(25-26).D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

गर्व अंधा करने वाला है, यह महान आत्माओं की विशालता की दृष्टि से हमें वंचित रखता है। विनम्रता वह खुला द्वार है जिससे होकर ईश्वर की दया एवं शक्ति की दिव्य बाढ़, ग्रहणशील आत्माओं में प्रेमपूर्वक प्रवाहित होती है। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# संयुक्त संसदीय दल का वैश्विक दौरा बड़ा संदेश

ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ एकजुट भारतीय दृष्टिकोण को सशक्त ढंग से प्रस्तुत करने के लिए सरकार द्वारा सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडलों को प्रमुख देशों की राजधानियों में भेजने का जो फैसला किया गया है, वह रणनीतिक-कूटनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक कार्रवाई को दर्शाया, तो अब यह सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडलों की पहल भारत की स्थिति को और मजबूत करेगी। ये प्रतिनिधि मंडल, जिनमें विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद शामिल हैं, न केवल भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रदर्शित करेंगे, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सभी राजनीतिक दलों की एकजुटता को भी उजागर करेंगे। इस संदर्भ में शशि थरूर को लेकर कांग्रेस में जो सुगबुगाहट है, वह अनावश्यक ही है, जिसे टाला जा सकता था। अगर राजनीतिक दल साथ में आ रहे हों, तो इसमें संशय नहीं होना चाहिए। नहीं भूलना चाहिए कि इस बीच कई लोगों ने विभिन्न स्तरों पर ऐसे बयान दिए, जो भारत के खिलाफ इस्तेमाल किए गए। पाकिस्तान सोशल मीडिया पर जो झूठ फैला रहा है, वे तो खतरनाक हैं ही, सोशल मीडिया पर तैर रही टिप्पणियों का भी पाकिस्तान और उसके समर्थकों ने अपने ढंग से इस्तेमाल किया। हरियाणा पुलिस ने ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तान तक खुफिया जानकारियां पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया है, लेकिन उनसे अलग भी प्रकारांतर से पाकिस्तान की दुष्प्रचार मशीन का हिस्सा बनने वाले देश के विरुद्ध ही काम करते हैं, जिनका सिरा जब कहीं और मिलता है, तभी वह खबरों में आ पाता है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि लोग भी समुचित सतर्कता बरतें। इंटरनेट के युग में सूचनाओं के असीम प्रवाह को देखते हुए तो यह और भी जरूरी हो जाता है। दुष्प्रचार का जवाब तो हमीं को देना होगा। ऐसे में, भारत के पक्ष को स्पष्ट करने का एक बेहतर राजनीतिक तरीका निकाला गया है। इसमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सबको साथ आना ही चाहिए। सर्वदलीय पहल का एक अन्य अहम पहलू यह भी है कि यह भारत को वैश्विक मंच पर अपनी बात रखने का अवसर देगा। पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को बढ़ावा देने के ठोस सबूतों को प्रस्तुत करके, भारत अतंरराष्ट्रीय समुदाय को यह समझाने में भी सक्षम होगा कि आतंकवाद न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए खतरा है। यह कदम उन देशों को भी दबाव में लाएगा, जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आतंकवाद का समर्थन करते हैं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल भारत की नहीं है, अलबत्ता यह तो वैश्विक शांति की लड़ाई है और सर्वदलीय पहल यही बताती है कि भारत इस दिशा में नेतृत्व करने को तैयार है। कुछ लोगों की स्थानीय राजनीति को छोड़ दिया जाए तो पूरा भारत एक है और पाकिस्तान तथा उसके समर्थकों को कड़ा संदेश दिया है।

*दुष्प्रचार का जवाब तो हमीं को देना होगा। ऐसे में, भारत के पक्ष को स्पष्ट करने का एक बेहतर राजनीतिक तरीका निकाला गया है।*

# जीईएम - सार्वजनिक खरीद को आकर्षक बनाने का सार्थक प्रयास




सार्वजनिक खरीद के लिए पारदर्शी, समावेशी एवं कुशल मंच प्रदान करने के एक अग्रणी उपाय के रूप में, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पूरी दुनिया में तेजी से उभरा है। यह प्लेटफॉर्म 1.6 लाख से अधिक सरकारी खरीदारों को 23 लाख विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं से जोड़ता है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का एक प्रमुख वाहक बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस परिवर्तनकारी डिजिटल पहल को शुरू किए जाने के बाद से नौ वर्षों के दौरान, जीईएम ने भ्रष्टाचार को खत्म करके और स्टार्टअप, एमएसएमई, महिलाओं एवं छोटे शहरों के व्यवसायों को व्यावसायिक अवसर प्रदान करके सरकार द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। उपयोगकर्ताओं के अनुकूल माना जाने वाला यह प्लेटफॉर्म एक ऐसा सच्चा रत्न है, जिसने कुख्यात आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सप्लाइज एंड डिस्पोजल्स) की जगह ले ली है। इस महानिदेशालय की अपारदर्शी और गैर-प्रतिस्पर्धी प्रणालियां कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को अनुचित लाभ प्रदान करती थीं। इसलिए यह उचित ही है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का नया कार्यालय, वाणिज्य भवन, उस भूमि पर बनाया गया है जिस पर कभी यह पुराना निकाय स्थित था। शानदार प्रगति – वर्ष 2016 में स्थापना के बाद से, जीईएम पोर्टल पर 13.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर का लेन-देन किया गया है। वर्ष 2024-25 के दौरान, इस प्लेटफ़ॉर्म पर सार्वजनिक खरीद बढ़कर रिकॉर्ड 5.43 लाख करोड़ रुपये की हो गई। जीईएम का लक्ष्य वर्तमान वित्त वर्ष में अपने वार्षिक कारोबार को बढ़ाकर 7 लाख करोड़ रुपये करना है। जीईएम निस्संदेह सार्वजनिक खरीद से जुड़े परिदृश्य में एक असाधारण तकनीकी उपाय के रूप में उभरा है। कारोबार के आकार की दृष्टि से, जीईएम निकट भविष्य में दुनिया का सबसे बड़ा सार्वजनिक खरीद पोर्टल बन जाएगा और दक्षिण कोरिया के कोनेप्स जैसी सुप्रतिष्ठित संस्थाओं को पीछे छोड़ देगा। जीईएम ने ईमानदारी से व्यावसाय करने प्रतिष्ठानों को व्यापक अवसर प्रदान किए हैं, नौकरियां सृजित की हैं और भारत के आर्थिक विकास को प्रोत्साहित किया है। इस संदर्भ में, जीईएम का महत्व वित्तीय दृष्टि से इसकी अभूतपूर्व प्रगति से कहीं बढ़कर है जो अपने आप में ई-कॉमर्स से जुड़ी किसी भी बड़ी कंपनी को हैरान कर देने के लिए काफी है।

न्यायसंगत विकास का वाहक - जीईएम प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' मिशन के अनुरूप न्यायसंगत विकास के एक महत्वपूर्ण वाहक के रूप में कार्य करता है। यह स्टार्टअप, छोटे व्यवसायों और महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को बिना किसी बिचौलियों के सरकारी खरीदारों के सामने अपने उत्पादों एवं सेवाओं को प्रदर्शित करने का एक आसान रास्ता प्रदान करता है। प्रवेश की सभी बाधाओं को दूर करके, यह प्लेटफॉर्म छोटे घरेलू व्यवसायों को ई-टेंडर में भाग लेने और अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अधिकार देता है। समावेशिता के सिद्धांत से प्रेरित, जीईएम ने छोटे व्यवसायों के विकास को समर्थन देने के उद्देश्य से विभिन्न रणनीतिक पहलों का समावेश किया है। इनमें सरकारी खरीदारों को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) और महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों द्वारा पेश किए जाने वाले उत्पादों एवं सेवाओं की पहचान करने तथा उनका चयन करने में मदद करने वाली प्रणालियां शामिल हैं। लक्ष्य से आगे - जीईएम पर "स्टार्टअप रनवे" और "वुमनिया" जैसे समर्पित स्टोरफ्रंट ने इन व्यवसायों की दृश्यता के साथ-साथ सार्वजनिक खरीद में उनकी हिस्सेदारी को भी प्रभावी ढंग से बढ़ाया है। इससे सरकार को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) से 25 प्रतिशत खरीद और महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों से 3 प्रतिशत खरीद के अपने लक्ष्यों को पूरा करने और उससे आगे निकलने में मदद मिली है। जीईएम पर किए गए कुल कारोबार का लगभग 38 प्रतिशत हिस्सा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) को दिया गया है और महिला उद्यमों द्वारा खरीद की हिस्सेदारी लगभग 4 प्रतिशत है। अप्रैल 2025 तक 30,000 से अधिक स्टार्टअप ने जीईएम के ज़रिए 38,500 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है। इसके अलावा, 1.81 लाख उद्यम-सत्यापित महिला उद्यमियों ने जीईएम पोर्टल पर लगभग 50,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर हासिल किए हैं। बड़ी बचत - इन बदलावों से कुछ खास आकार के ऑर्डरों के लिए 33 प्रतिशत से लेकर 96 प्रतिशत तक की बचत हुई है। यह उल्लेखनीय कमी देश के आम नागरिकों के हित में व्यापार करने में आसानी (ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस) और जीवन-यापन में आसानी (ईज ऑफ लिविंग) को बढ़ाने के मोदी सरकार के मिशन के अनुरूप एक स्वागत योग्य बदलाव है।

विश्व बैंक द्वारा किए गए एक स्वतंत्र मूल्यांकन से यह पता चला है कि जीईएम पर खरीदार औसत कीमत पर लगभग 9.75 प्रतिशत की बचत करते हैं। इससे करदाताओं के पैसे का उपयोग करके की जाने वाली सार्वजनिक खरीद में अनुमानित रूप से 1,15,000 करोड़ रुपये की भारी बचत हुई है।

जीईएम पर खरीद ने सरकारी कंपनी एनटीपीसी को 20,000 करोड़ रुपये के अनुबंध में रिवर्स नीलामी का उपयोग करके 2,000 करोड़ रुपये बचाने में मदद की। जीईएम ने रक्षा उपकरणों, टीकों, ड्रोन और बीमा जैसी सेवाओं की पारदर्शी एवं किफायती खरीद में भी मदद की है। छोटे उद्यमों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए, जीईएम ने हाल ही में अपने लेनदेन शुल्क में उल्लेखनीय कमी की है। 10 लाख रुपये से अधिक के ऑर्डर पर 0.30 प्रतिशत का कम लेनदेन शुल्क लगेगा, जबकि 10 करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर पर 3 लाख रुपये का सीमित शुल्क लगेगा - जोकि पहले के 72.50 लाख रुपये के शुल्क से काफी कम है। प्रौद्योगिकी, एआई - एक ठोस तकनीकी बुनियादी ढांचे से लैस, यह प्लेटफॉर्म विभिन्न तकनीकी उपायों का उपयोग करके व्यापार करने के नए एवं आसान तरीके पेश करते हुए लगातार विकसित होता जा रहा है। जीईएम ने "जीईएम एआई" नामक एक एआई-संचालित चैटबॉट का समावेश किया है - यह संवादात्मक विश्लेषण और व्यावसायिक बुद्धिमत्ता में प्रशिक्षित एक उपकरण है। यह स्मार्ट चैटबॉट आठ स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध है और जीईएम पोर्टल पर व्यापार करने में आसानी को और बढ़ाने के लिए वॉयस कमांड कार्यक्षमता सहित नवीनतम तकनीकों से लैस है। जीईएम सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) विक्रेताओं के लिए वित्तपोषण संबंधी उत्पाद भी प्रदान करता है। यह पात्र खरीद आर्डरों के लिए 10 मिनट से भी कम समय में गिरवी-मुक्त वित्तपोषण प्रदान करता है। इस प्लेटफॉर्म ने जीईएम सहाय 2.0 पेश किया है, जो 10 लाख रुपये तक के ऋण को हासिल करने के लिए एकल खिड़की के रूप में कार्य करता है। इस प्लेटफॉर्म को और अधिक समावेशी एवं प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु पहले की अपेक्षा अधिक पहलों एवं तकनीकी उपायों पर काम चल रहा है।

जीईएम पोर्टल भारत के आर्थिक विकास और प्रधानमंत्री मोदी के प्रगति संबंधी उद्देश्यों को आगे बढ़ाने वाले एक महत्वपूर्ण वाहक के रूप में सक्रिय है। यह समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों को सशक्त बनाने एवं उनका उत्थान करने तथा उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए हमेशा अतिरिक्त प्रयास करेगा और साथ ही यह भी सुनिश्चित करेगा कि करदाताओं के पैसे का कुशलतापूर्वक उपयोग प्रतिस्पर्धी मूल्य पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की खरीद के लिए किया जाए।

आज की बात



**पीयूष गोयल**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, भारत सरकार।

# डिजिटल फास्टिंग करें स्वस्थ रहें

आज का युग डिजिटल युग है। मोबाइल, लैपटॉप, इंटरनेट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। एक ओर जहाँ इनका उपयोग ज्ञान, रोजगार और सूचना के लिए किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर यही माध्यम अब युवाओं के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक स्वास्थ्य को निगलने लगे हैं। आज का युवा वर्ग "डिजिटल डिवाइसेज़" के अति प्रयोग से न केवल अपनी दिनचर्या, स्वास्थ्य और व्यवहार को प्रभावित कर रहा है, बल्कि संबंधों, भावनाओं और मूल्यों से भी कटता जा रहा है। ऐसे समय में "डिजिटल फास्टिंग" की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गई है। डिजिटल फास्टिंग का अर्थ है कुछ समय के लिए स्वेच्छा से डिजिटल माध्यमों (जैसे मोबाइल, लैपटॉप, सोशल मीडिया आदि) से दूरी बनाना। यह आत्म-अनुशासन, आत्म-चिंतन और मानसिक शांति का माध्यम बन सकता है। जैसे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भोजन में संयम और उपवास आवश्यक होता है, वैसे ही मन और मस्तिष्क की स्वच्छता के लिए डिजिटल उपवास भी जरूरी हो गया है। आज का युवा सुबह उठते ही सबसे पहले मोबाइल स्क्रीन देखता है, और रात को उसी के साथ सोता है। "लाइक", "शेयर", "कमेंट", "स्टोरी", "फॉलोअर्स" और "वायरल" की दुनिया ने उसकी आत्मा पर कब्ज़ा जमा लिया है। वह हर समय दूसरों के जीवन को देख कर अपने जीवन को तौल रहा है। स्वयं की तुलना करने की प्रवृत्ति से अवसाद, हीन भावना, आत्महत्या जैसी प्रवृत्तियाँ बढ़ रही हैं। सोशल मीडिया के 'डिजिटल डोपामिन' ने उसे आभासी दुनिया का बंदी बना दिया है। सोशल मीडिया का प्रभाव में संबंधों से दूरी, अकेलापन और अवसाद एक बहुत बड़ी चुनौती साबित हो रही है। युवाओं के लिए सोशल मीडिया अब संवाद का नहीं, प्रतिस्पर्धा और प्रदर्शन का माध्यम बन गया है। परिवार से दूरी बढ़ रही है। पारिवारिक संवाद, मूल्य, आत्मीयता, भाईचारा सब कुछ स्क्रीन के पीछे छिप गया है। घरों में मौन बढ़ गया है, रिश्तों में गर्माहट कम हो गई है। आत्मीय संबंधों की जगह 'वर्चुअल रिश्ते' ले चुके हैं, जो केवल दिखावा हैं। डिजिटल डिवाइसेज़ से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव धीरे-धीरे बड़ी समस्या होती जा रही है। मानसिक प्रभावः डिप्रेशन, चिंता, नींद न आना, ध्यान की कमी, आत्महत्या की प्रवृत्ति। शारीरिक प्रभावः आंखों की रोशनी कमजोर होना, सिरदर्द, मोटापा, रीढ़ की समस्याएं, फिजिकल इनएक्टिविटी। सामाजिक प्रभावः सामाजिक एकांत, परिवार से कटाव, संस्कारों की क्षीणता, आभासी दिखावे की दौड़।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ. दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक सहायक आचार्य

# विकास का अर्थ विकल्प देना है विवशता को वैध बनाना नहीं

शराब से आजीविका नहीं, सम्मानजनक रोज़गार चाहिए : महिला सशक्तिकरण की दिशा में दो टूक सवाल

हाल ही में एक पोस्टर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ, जिसमें एक महिला को पहले 'हड़िया' बेचते हुए और फिर एक "सरकारी मान्यता प्राप्त शराब दुकान" में मुस्कुराते हुए दिखाया गया। इसके साथ यह संदेश लिखा था— "हड़िया से आजीविका तक, सम्मान से जीने का हक़।" इस चित्र ने कई सवालों को जन्म दिया है, विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण और सरकार की नीति-निर्माण की दूरदर्शिता को लेकर। सर्वप्रथम यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि किसी भी महिला का आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ना स्वागत योग्य है। लेकिन जब सरकार स्वयं महिलाओं को शराब बेचने जैसे व्यवसाय में शामिल करने को "सम्मानजनक आजीविका" की संज्ञा देती है, तो यह उसकी दृष्टिकोण पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

आपकी बात



**अमित गुप्ता**

### क्या यह सही दिशा है?

यह सत्य है कि भारत के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं परंपरागत रूप से हड़िया या महुआ जैसे देसी पेय बनाकर अपने परिवार का पालन करती रही हैं। लेकिन इसका समाधान यह नहीं कि उन्हें वैधानिक शराब विक्रेता बनाकर स्थायी रूप से उसी व्यवसाय में समाहित कर दिया जाए। यह किसी भी रूप में सशक्तिकरण नहीं, बल्कि उनकी विवशता का शोषण है।

### महिला सशक्तिकरण का असली अर्थ

सशक्तिकरण का अर्थ है— महिलाओं को शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी प्रशिक्षण, उद्यमिता, स्वास्थ्य सेवाएं और निर्णय लेने की क्षमता से लैस करना। महिलाओं की भूमिका केवल "घरेलू सीमाओं" तक ही सीमित नहीं होनी चाहिए, परंतु यह भी नहीं कि उन्हें ऐसे कार्यों में लगाना शुरू कर दें जो सामाजिक दृष्टि से विवादास्पद हैं।




**सरकार अगर सच में उन महिलाओं की मदद करना चाहती है जो परंपरागत व्यवसाय में फंसी हुई हैं, तो उसे चाहिए कि**

- कौशल विकास केंद्र खोले जाएं जहाँ महिलाएं सिलाई, बुनाई, खाद्य प्रसंस्करण, कंप्यूटर, डिजिटल विपणन जैसे कार्यों में दक्ष हो सकें।
- स्व-सहायता समूहों को वित्तीय सहायता दी जाए जिससे वे छोटे उद्योग चला सकें।
- शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की वास्तविक दिशा दी जाए, जिससे वे बैंकिंग, प्रशासन, शिक्षण, स्वास्थ्य सेवा जैसे सम्मानजनक क्षेत्रों में कार्य कर सकें।
- स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प को बाजार से जोड़ा जाए, जिससे महिलाएं अपनी पहचान बना सकें।

सार्वजनिक नीति में नैतिक दृष्टिकोण आवश्यक है कोई भी नीति केवल आर्थिक मापदंडों पर नहीं बनती, उसमें सामाजिक नैतिकता और दूरदर्शिता का समावेश होना चाहिए। अगर महिलाएं मजबूरी में शराब बेचने को ही रोजगार मानने लगेंगी, तो यह हमारे सामाजिक ढांचे के लिए खतरनाक संकेत होगा। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह महिला विकास को मात्र रोजगार नहीं, बल्कि सम्मान और गरिमा से जोड़े। सरकारें आती जाती रहती हैं, लेकिन समाज में जो प्रभाव नीति-निर्माण छोड़ता है वह पीढ़ियों तक असर करता है। इसलिए आज यह आवश्यक है कि सरकार केवल तात्कालिक समाधान के बजाय दीर्घकालिक सुधार और सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए। महिलाओं को शराब नहीं, अवसर चाहिए। हाथ में बोतल नहीं, कलम होनी चाहिए। छोटे गिलास नहीं, बड़े सपने चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

प्रश्नों के मुंह खुल गये, उत्तर के मुख बंद।
सभ्य हुए हम जिस तरह, और बढे छल छंद।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# स्लिप डिस्क से पैरालायसिस का खतरा, बचाव के लिए करें योग

वर्तमान समय की बदलती दिनचर्या व अस्त-व्यस्त जीवन शैली के कारण वर्तमान समय में हम विभिन्न प्रकार के रोगों से घिरते जा रहे हैं उन्हीं में से एक है स्लिप डिस्क कमर के निचले हिस्से में दर्द होना, योगाचार्य महेशपाल बताते हैं कि हर्नियेटेड डिस्क या स्लिप डिस्क रीढ़ की हड्डी में होने वाली चोट है जिसमें रीढ़ की हड्डी में हड्डियों (कशेरुक) की एक श्रृंखला शामिल होती है, जो खोपड़ी के आधार से लेकर टेलबोन तक फैली होती है। कशेरुकाओं के बीच डिस्क के रूप में जाने जाने वाले गोलाकार कुशन होते हैं, जो हड्डियों के बीच बफर के रूप में काम करते हैं और लचीले मूवमेंट को सुविधाजनक बनाते हैं। जब कोई डिस्क फट जाती है या लीक हो जाती है, तो इसे हर्नियेटेड डिस्क कहा जाता है,स्लिप डिस्क के मुख्य तीन प्रकार हैं, सर्वाइकल डिस्क स्लिप, थोरैसिक डिस्क स्लिप और लम्बर डिस्क स्लिप, सर्वाइकल डिस्क स्लिप यह गर्दन में होता है और आमतौर पर C5/6 और C6/7 कशेरुका के बीच होता है,इससे सिर के पिछले भाग, गर्दन, कंधे, बांह और हाथ में दर्द होता है,सर्वाइकल डिस्क स्लिप के लक्षणों में गर्दन में दर्द, हाथ में सुन्नता या झुनझुनी, या कंधे में दर्द शामिल हो सकता है, थोरैसिक डिस्क स्लिप यह रीढ़ की हड्डी के मध्य भाग में होता है और T1 से T12 कशेरुका के क्षेत्र को प्रभावित करता है,इससे पीठ के मध्य और कंधे के क्षेत्र में दर्द होता है,और कभी-कभी दर्द गर्दन, हाथ, उंगलियों, पैरों, कूल्हे और पैर के पंजे तक भी जा सकता है, थोरैसिक डिस्क स्लिप के लक्षणों में पीठ में दर्द, सुन्नता या झुनझुनी शामिल हो सकती है,लम्बर डिस्क स्लिपयह पीठ के निचले हिस्से में होता है और लम्बर क्षेत्र की कशेरुकाओं (L1 से L5) के बीच होता है, इससे पीठ के निचले हिस्से में दर्द होता है,और यह दर्द जांघ, पैर और पैर के तलवे तक भी फैल सकता है, लम्बर डिस्क स्लिप के लक्षणों में पीठ में दर्द, सुन्नता, झुनझुनी, या पैर में कमजोरी शामिल हो सकती है, स्लिप डिस्क को हर्नियेटेड डिस्क या प्रोलैप्स्ड डिस्क भी कहा जाता है,तब होती है जब आपकी रीढ़ की हड्डी के बीच के कुशन (डिस्क) का बाहरी आवरण फट जाता है और अंदर का पदार्थ बाहर निकल जाता है, जो नसों पर दबाव डाल सकता है, स्लिप डिस्क का मुख्य कारण उम्र के साथ डिस्क का घिसाव और फटना है, लेकिन चोट या अत्यधिक तनाव भी इसका कारण हो सकता है,जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, डिस्क का निर्जलीकरण शुरू हो जाता है जिससे उसका लचीलापन कम हो जाता है और वह कमज़ोर हो जाती है। समय के साथ डिस्क की रेशेदार परत में दरारें आने लगती हैं जिससे उसके अंदर का द्रव या तो बाहर आने लगता है या उससे बुलबुला बन जाता है। न्यूक्लिअस का एक भाग टूट जाता है परन्तु फिर भी वह डिस्क के अंदर ही रहता है डिस्क के अंदर का द्रव (न्यूक्लियस पल्पोसस) कठोर बाहरी परत से बाहर आने लगता है और रीढ़ की हड्डी में उसका रिसाव होने लगता हैं,हमारी पीठ हमारे शरीर के भार को बांटती है और रीढ़ की हड्डी में मौजूद डिस्क अलग-अलग गतिविधियों में लगने वाले झटकों से हमें बचती हैं इसीलिए वे समय के साथ कमज़ोर हो जाती हैं। डिस्क की बहरी कठोर परत कमज़ोर होने लगती है जिससे उसमें उभार आता है जिससे स्लिप डिस्क हो जाती है। स्लिप डिस्क चोट लगने की वजह से भी हो सकती है। अचानक झटका या धक्का लगना या किसी भारी वस्तु को ग़लत ढंग से उठाने के कारण आपकी डिस्क पर असामान्य दबाव पड़ सकता है जिससे स्लिप डिस्क हो सकती हैं, ऐसा भी हो सकता है कि उम्र के साथ आपकी डिस्क का क्षरण इतना अधिक हो गया हो कि हलके से झटके (जैसे कि छींकना) के कारण भी आपको स्लिप डिस्क हो जाए। 35 से 50 वर्षों के बीच की उम्र के लोगों को स्लिप डिस्क होने की संभावनाएं अधिक होती हैं। शरीर का ज्यादा वज़न आपके शरीर के निचले हिस्से में डिस्क पर तनाव का कारण बनता है। कुछ लोगों को स्लिप डिस्क अनुवांशिक वजह से होती है। शरीर का अतिरिक्त वजन पीठ के निचले हिस्से की डिस्क पर अतिरिक्त दबाव डालता है, शारीरिक रूप से कठिन काम करने वाले व्यक्तियों को पीठ संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है, विशेष रूप से बार-बार होने वाली गतिविधियों जैसे उठाने, खींचने, धकेलने, बगल की ओर झुकने और मुड़ने से, ऐसा माना जाता है कि धूम्रपान से डिस्क में ऑक्सीजन की आपूर्ति कम हो जाती है, जिससे उनका टूटना तेज हो जाता है। लंबे समय तक बैठे रहने और मोटर वाहन के इंजन के कंपन के कारण रीढ़ की हड्डी पर दबाव पड़ सकता है,नियमित व्यायाम की कमी से हर्नियेटेड डिस्क का खतरा बढ़ सकता हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

सेहत की बात



**योगाचार्य महेश पाल**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)




## विदिशा की बेटियों को जीने दो टीम की महिला प्रमुख ने पोस्ट ऑफिस से भेजा पार्सल

# बिहार की सिंदूरी बेटी को भेजे मध्यप्रदेश से कपड़े

- भारतीय सेना की जांबाज बेटियां कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह की वीरता को किया सैल्यूट
- भारतीय सेना ने 7 मई 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया

**एजेंसी। भोपाल/पटना**

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बिहार में जन्म लेने वाली सिंदूरी बेटी को विदिशा से कपड़े भेजे गए हैं। सोमवार को कपड़े भेजकर भारतीय सेना की जांबाज बेटियां कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह की वीरता को सैल्यूट किया है। विदिशा, मध्यप्रदेश की बेटियों को जीने दो टीम की महिला प्रमुख चित्रा– दीपसिंह कुशवाह ने कपड़े भेजकर देश की सेवा करने में छोटा सा कदम उठाया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में चलाए गए सिंदूर ऑपरेशन के समय 7 मई 2025, मंगलवार को संतोष मंडल की पत्नी राखी कुमारी ने बेटी को जन्म दिया। मंडल दंपती ने ऑपरेशन सिंदूर से प्रेरित होकर बेटी का नाम भी सिंदूरी रखा है। टीम की महिला प्रमुख ने विदिशा पोस्ट ऑफिस से बिहार के कटिहार जिले के कुर्सेला थाने के गांव बालथी महेशपुर में बेटी के घर कपड़े का पार्सल स्पीड पोस्ट किया है। टीम की कपड़े फ्री सेवा मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, झारखंड के बाद अब बिहार तक पहुंचने वाली है। अब तक निजी खर्चे से देशभर की 1802 से ज्यादा बेटियों के लिए कपड़े सेवा की जा चुकी है। 2021 से बेटी बचाओ आंदोलन के लिए बेटियों को जीने दो टीम का बेटी के जन्म पर बेटी को देशभर में कपड़े फ्री देना जारी है।

### 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज, चंद दिनों में 700 प्लस फॉलोअर्स

बेटियों को जीने दो टीम के प्रमुख दीपसिंह कुशवाह ने बताया की बेटी भूमि कुशवाह के चौथे जन्मदिन 2 सितंबर 2021 से पहल को शुरू किया है। फेसबुक पर बेटियों को जीने दो की आईडी 2022 में बनाई थी। चंद महीनों में ही 5 हजार फ्रेंड बन चुके थे। लेकिन जब सिंदूरी बेटी को कपड़े भेजेंगे की पोस्ट की तो चंद दिनों में ही 2 मिलियन से ज्यादा बार पोस्ट को देशभर में देखा गया है। और 700 से ज्यादा फॉलोअर्स बढ़ चुके हैं। यह क्रम अब भी जारी है।

# यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के पाकिस्तान जाने की जानकारी से उसके पिता ने किया इनकार

**हिसार (आईएएनएस)**



हरियाणा के हिसार की 33 वर्षीय यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा के पिता ने बताया कि वह कुछ काम है ऐसा बोलकर चार- पांच दिनों के लिए दिल्ली जाने की बात कहकर जाती थी। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि वह पाकिस्तान कब गई। यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के पिता हरीश मल्होत्रा ने बताया कि रविवार की रात ज्योति को पुलिस लेकर घर आई थी और कुछ कपड़े लेकर यहां से गए।समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान ज्योति के पिता ने बताया कि उन्हें नहीं मालूम था कि ज्योति क्या करती थी। उन्होंने कहा कि वह कभी भी आर्थिक रूप से घर में मदद नहीं करती थी, भाई के पेंशन से घर का गुजारा चलता है। हिसार से किसी अन्य के वीडियो बनाने में ज्योति की मदद करने के सवाल पर उन्होंने बताया कि हिसार का कोई भी व्यक्ति उसके साथ वीडियो बनाने में नहीं लगा हुआ था। गौरतलब है कि हरियाणा के हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ( आईएसआई ) के लिए जासूसी करने और संवेदनशील जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। हिसार पुलिस ने 17 मई को उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, जांच में पता चला कि उसने 2023 में कमीशन एजेंटों के माध्यम से वीजा प्राप्त कर पाकिस्तान की यात्रा की थी।

### यूट्यूबर ज्योति का इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड

**हिसार।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी (आईएसआई) के लिए जासूसी करने और जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार हरियाणा के हिसार की 33 वर्षीय यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा का इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। उनके इंस्टाग्राम पर 1.31 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स थे। हिसार पुलिस ने 17 मई को ज्योति को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। हिसार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) शशांक कुमार सावन ने रविवार को मीडिया को बताया था कि आधुनिक युद्ध अब केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंट सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को भर्ती कर अपने प्रचार को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं। केंद्रीय एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर ज्योति को न्यू अग्रसेन कॉलोनी, हिसार से गिरफ्तार किया गया। ज्योति कई बार पाकिस्तान और एक बार चीन की यात्रा कर चुकी है।

# पाकिस्तानी व चीनी दोनों एयर डिफेंस सिस्टम की खुली पोल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत ने 7 से 10 मई के बीच 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में घुसकर ड्रोन, मिसाइल और बम से हमले किए, जिससे पाकिस्तान के कमजोर एयर डिफेंस सिस्टम के साथ-साथ चीन के बनाए हथियारों की नाकामी भी पूरी दुनिया के सामने आ गई। इस ऑपरेशन ने साबित कर दिया कि पाकिस्तान के पास मौजूद चीनी हथियार और लड़ाकू विमान गंभीर संकट के समय कुछ खास असर नहीं दिखा सके। पाकिस्तान अपने कुल रक्षा आयात का लगभग 82 प्रतिशत हिस्सा चीन से खरीदता है। इनमें रडार, एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल और फाइटर जेट्स शामिल हैं, लेकिन भारत के हमलों के सामने ये सब बिलकुल बेअसर साबित हुए। जहां पाकिस्तान चीनी तकनीक के सहारे भारत को रोकने की कोशिश कर रहा था, वहीं भारत ने अपनी स्वदेशी तकनीक और कुछ पश्चिमी रक्षा उपकरणों के सहारे न केवल खुद को बचाया, बल्कि  लगाई। प्रसिद्ध रक्षा विशेषज्ञ जॉन स्पेंसर ने कहा, "भारत ने यह दिखा दिया कि आधुनिक रक्षा प्रणाली सिर्फ हमले रोकने के लिए नहीं, बल्कि दुश्मन की रक्षा में भी सेंध लगाने की ताकत रखती है। यह सब एक मजबूत रणनीति और सिस्टम के सही इस्तेमाल का नतीजा है।"अब सबको पता चल चुका है कि चीन के बनाए हथियार और सिस्टम जमीनी हकीकत में फेल हो गए। पाकिस्तान की सुरक्षा में गंभीर खामियां सामने आईं। वहीं, भारत की तकनीक और रणनीति ने एक बार फिर खुद को सक्षम और भरोसेमंद साबित किया। बतौर हथियार निर्यातक देश चीन की साख पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

'ऑपरेशन सिंदूर' ने साबित कर दिया कि हथियारों की गुणवत्ता और उनका सही इस्तेमाल युद्ध में सबसे ज्यादा मायने रखते हैं और इसमें भारत ने बाजी मार ली। यह ऑपरेशन भारत के लिए एक बड़ी सफलता रही और इससे पाकिस्तान के साथ-साथ चीन की तकनीक की कमजोरी खुलकर सामने आ गई।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' : पाकिस्तान की सुरक्षा में लगी गहरी सेंध




### भारत की सर्जिकल स्ट्राइक 2.0: लाहौर में चीन-पाक गठजोड़ की करारी हार

लाहौर में चीन का बना एयर डिफेंस रडार भारतीय हमले में गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुआ। पंजाब के चुनियां एयरबेस में तैनात चीन का वाईएलसी-8ई एंटी-स्टील्थ रडार पूरी तरह तबाह कर दिया गया। चीन से मिले ड्रोन और एआर-1 लेजर गाइडेड मिसाइलें, जो पाकिस्तान ने भारत पर दागीं, भारतीय डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान ने चीन का बना एचक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम तैनात किया था ताकि भारतीय मिसाइलों और विमानों को रोका जा सके, लेकिन भारत ने इन सिस्टम्स को आसानी से जाम कर दिया और बिना रुकावट पाकिस्तान के अंदर तक हमला किया। इन सिस्टम्स की विफलता पर चीन में भी चर्चा हुई और कई चीनी सोशल मीडिया अकाउंट्स ने इसके लिए पाकिस्तान की कम ट्रेनिंग और खराब ऑपरेशन प्लानिंग को जिम्मेदार ठहराया। चीन की पीएल-15 मिसाइल को अमेरिका की एआईएम-120डी जैसी आधुनिक मिसाइलों का मुकाबला करने वाली बताया गया था, लेकिन यह अपने लक्ष्यों को छू भी नहीं सकी। भारतीय अधिकारियों ने होशियारपुर में एक पीएल-15 मिसाइल का टुकड़ा बरामद किया, जो जमीन पर गिरा मिला था। पाकिस्तान ने चीन के जे-10सी और जेएफ-17 ब्लॉक- III जैसे लड़ाकू विमानों को तैनात किया था, लेकिन ये भारतीय हमलों को रोक पाने में असफल रहे। इन जेट्स के पास पीएल-15 मिसाइलें थीं, फिर भी वे भारत की एयर स्ट्राइक को न तो रोक पाए और न ही कोई प्रभावशाली जवाब दे पाए। इस हार के बीच पाकिस्तान ने प्रोपेगेंडा फैलाते हुए दावा किया कि उसने भारत के कई विमान, जिनमें राफेल भी शामिल हैं, गिरा दिए, लेकिन इन दावों को कोई सबूत नहीं मिला, न ही किसी भारतीय विमान का मलबा पाकिस्तान दिखा सका।

**कर्नल सोफिया कुरैशी टिप्पणी मामला**

## सुप्रीम कोर्ट को मंजूर नहीं विजय शाह की 'माफी', एसआईटी करेगी जांच

**ब्यूरो**



मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री कुंवर विजय शाह को सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस मामले में आईपीएस अधिकारियों की विशेष जांच समिति (एसआईटी) बनाने का आदेश दिया है। साथ ही पीठ ने विजय शाह की याचिका पर मध्य प्रदेश सरकार को भी नोटिस जारी किया है।दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी मामले में सुनवाई करते हुए विजय शाह के वकील से पूछा कि हाई कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। उसके बाद इस मामले में क्या हुआ? क्या जांच हुई है? उन्होंने यह भी पूछा कि आपने क्या क्षमा याचना की है? इस पर विजय शाह के वकील ने कहा कि वे माफी मांग चुके हैं। इसके बाद सर्वोच्च अदालत ने पूछा कि आपने किस तरह की माफी मांगी है। कई बार लोग नतीजे से बचने के लिए माफी का दिखावा करते हैं। हम जानना चाहते हैं कि आपने किस तरह की माफी मांगी है।

कोर्ट ने विजय शाह के वकील से पूछा कि आपने बताया कि उन्होंने (विजय शाह) माफी मांग ली है, तो वह माफी कहां है, वह वीडियो कहां है? कोर्ट ने आगे कहा कि कुछ लोग तो इशारों से माफी मांगते हैं। कुछ घड़ियाली आंसू बहाते हैं। लेकिन, हम जानना चाहते हैं।

पीठ ने कहा कि हमें ऐसी माफी नहीं चाहिए। आप पहले गलती करते हैं, फिर कोर्ट चले आते हैं। आप जिम्मेदार राजनेता हैं। आपको सोच-समझकर बोलना चाहिए, लेकिन आपने बहुत घटिया भाषा अपनाई है। इस पर विजय शाह के वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि वह माफी मांग चुके हैं और माफी का वीडियो भी जारी कर चुके हैं।

इस पर कोर्ट ने कहा, "माफी किस तरह से मांगी गई है, इस पर निर्भर करता है। आपकी भाषा और अंदाज से नहीं लग रहा कि आप लज्जित हैं। आप कह रहे हैं कि किसी को ठेस पहुंची हो तो आप क्षमा चाहते हैं। हम आपकी माफी की अपील खारिज करते हैं। आपने सिर्फ इसलिए माफी मांगी है, क्योंकि कोर्ट ने कहा है। आपने 12 मार्च को ये बयान दिया, आपको पता था कि जब जनता की भावनाएं सेना के पराक्रम और देश के साथ थीं, तब आपने ऐसी घटिया भाषा सार्वजनिक तौर पर अपनाई।

कोर्ट ने मध्य प्रदेश से बाहर के तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की विशेष जांच समिति (एसआईटी) बनाने को कहा है। साथ ही अदालत ने मध्य प्रदेश सरकार को इस मामले में नोटिस भी जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर निगरानी भी रखेगा। साथ ही उन्होंने स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने इस मामले में 28 मई तक स्टेटस रिपोर्ट जमा करने को कहा है।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मिथुन :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें।

**कर्क :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है, अत:वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।

**सिंह :** नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। स्थान परिवर्तन की संभावना हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**कन्या :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**तुला :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

**वृश्चिक :** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी।

**धनु :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**मकर :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा व हर्ष पूर्ण माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। धार्मिक यात्रा शुभ है।

**कुंभ :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**मीन :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**राहुल ने फिर साधा विदेश मंत्री पर निशाना, पूछा**

# भारत ने कितने विमान खोए देश को सच जानने का हक

**एजेंसी। नई दिल्ली**



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर पर फिर से सवाल उठाए और आरोप लगाया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने कितने विमान खोए, इस पर वे चुप हैं। उन्होंने कहा कि देश को सच्चाई जानने का हक है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, "विदेश मंत्री जयशंकर की चुप्पी सिर्फ़ बयानबाजी नहीं है, बल्कि यह निंदनीय है। इसलिए मैं फिर से पूछूंगाः हमने कितने भारतीय विमान खो दिए, क्योंकि पाकिस्तान को पता था? यह कोई चूक नहीं थी। यह एक अपराध था। और देश को सच्चाई जानने का हक है।" राहुल गांधी ने 17 मई का विदेश मंत्री जयशंकर का एक वीडियो शेयर किया जिसमें उन्होंने कहा कि ऑपरेशन की शुरुआत में हमने पाकिस्तान को संदेश भेजा था कि हम बुनियादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं और हम सेना पर हमला नहीं कर रहे हैं, इसलिए सेना के पास इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप न करने का विकल्प है। उन्होंने अच्छी सलाह नहीं मानने का विकल्प चुना। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि युद्ध सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि राजनीति के रणनीतिकारों द्वारा भी लड़े जाते हैं। खेड़ा ने कहा कि सेनाएं बहादुरी से सीमाओं पर अपना काम करती हैं, तो युद्ध में बहुत अहम् भूमिका उन रणनीतिकारों की भी होती है जो राजधानी में बैठे होते हैं। इन तमाम लोगों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। जो सेना के पराक्रम को या तो बूस्ट कर सकती है या सेना के पराक्रम को नुकसान पहुंचा सकती है। यह बहुत महत्वपूर्ण इसलिए हो जाता है, क्योंकि पिछले एक हफ्ते में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अलग-अलग देशों में एक बात दोहराते रहे कि उन्होंने युद्ध रुकवाने में मध्यस्थता की।

### पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में यूपी का व्यापारी गिरफ्तार

**लखनऊ।** जासूसी के आरोप में गिरफ्तारी हुई हरियाणा की यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा के बाद अब उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के लिए जासूसी करने के आरोप में रामपुर से एक व्यवसायी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान शहजाद के रूप में हुई है। उसे एसटीएफ की ओर से पाकिस्तान के लिए सीमा पार तस्करी और जासूसी गतिविधियों में शामिल होने की खुफिया जानकारी के आधार पर मुरादाबाद से गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के अनुसार, शहजाद पाकिस्तान में अपने आकाओं को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी दे रहा था। एसटीएफ ने एक बयान में कहा कि शहजाद हाल के वर्षों में व्यापार के बहाने कई बार पाकिस्तान गया था। वह कथित तौर पर सीमा पार से कॉस्मेटिक का सामान, कपड़े, मसाले और अन्य सामान की तस्करी में लिप्त था। एजेंसी ने खुलासा किया कि शहजाद अवैध व्यापार की आड़ में आईएसआई के गुप्त अभियानों के लिए काम करता था।


## कार्यालय:-जिला परिषद, लातेहार

ज्ञापांक:– **सूचना** दिनांक:–

दिनांक 26.07.2024 को सम्पन्न जिला परिषद की मासिक बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक 518 दिनांक 21.08.2024 के कण्डिका संख्या 89 में जिला परिषद, लातेहार के मासिक बैठक में लिए गए निर्णयानुसार मॉडल डाक बंगला, महुआडांड एवं माकोडाक बंगला, लातेहार हेतु निम्न सामग्री की क्रय किया जाना आवश्यक है।उक्त सामग्री आपूर्ति हेतु निबंधित/अधिकृत दूकानदारों से दिनांक 26/05/2025 को 05:00 बजे अपराह्न तक सभी कर सहित कोटेशन निबंधित डाक या स्पीडपोस्ट से अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो कर भेजेंगे/जमाकरेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त कोटेशन दिनांक–27/05/2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में उप विकास आयुक्त, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ट में क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी जिसमें कोटेशन दाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अवश्य उपस्थित रहेंगे।

1. किसी भी समय कोटेशन को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। जिसके विरूद्ध किसी भी न्यायालय में वाददायर नहीं किया जायेगा।
2. सूचना प्रकाशन संबंधित जानकारी अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

**सामग्री का विवरणी**

| क्र0 | सामग्री का नाम | संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | हैण्डल युक्त जेनरेटर (Kirloskar Generator) 5 HP | 02 Pc | |

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार

PR 352865 Rural Development(25-26).D



## कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर (खनन शाखा)

पलामू जिला के छतरपुर अंचल अंर्तगत नवनिर्मित स्तरोन्नत उच्च विधालय, सिलदाग के परिसर में अवस्थित बड़े बोल्डर/पत्थर को हटाने के लिए कुल उत्खनित/भंडारित पत्थर खनिज की कुल मात्रा **3623.46** घनमीटर पत्थर खनिज के आम नीलामी हेतु सूचना।

निदेशानुसार एतद् द्वारा कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल डालटनगंज के पत्रांक 540, दिनांक 06.05.2025 द्वारा प्राप्त पत्र के आलोक में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला के छतरपुर अंचल अंर्तगत नवनिर्मित स्तरोन्नत उच्च विधालय, सिलदाग के परिसर में अवस्थित बड़े बोल्डर/पत्थर को हटाने के लिए कुल उत्खनित/भंडारित पत्थर खनिज की कुल मात्रा **3623.46** घनमीटर को झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधन नियमावली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत आम निलामी दिनांक 29.05.2025 को समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अपर समाहर्ता, पलामू की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष ब्लॉक–ए में सम्पन्न की जायेगी। लोक निलामी की प्रक्रिया एवं शर्ते जिला खनन कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट एवं NIC के वेबसाईट पर प्रदर्शित है :–

जिला खनन पदाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर

अपर समाहर्त्ता, पलामू

PR 352918 District(25-26).D



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय एन०आर०ई०पी०, लातेहार

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा संख्या :– 02/2025-26/EE/NREP/LATEHAR दिनांक : 19.05.2025

| क्र0 | आईडेंटीफिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | NREP/LATEHAR/2/ 2025-26 | प्रखंड–हेरहंज, मौजा– घुर्रे में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण। | 81,09,553.00 | एकासी लाख नौ हजार पांच सौ तीरपन रु0 | 06 माह | प्रथम |
| 2. | NREP/LATEHAR/3/ 2025-26 | प्रखंड–बरवाडीह, मौजा–बरवाडीह में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण। | 81,09,553.00 | एकासी लाख नौ हजार पांच सौ तीरपन रु0 | 06 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 26.05.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 09.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 11.06.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार पिन– 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –6205174469

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 352873 Rural Development (25-26)_D

## आईएएनएस मैटराइज सर्वे

# ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सरकार और सेना पर बढ़ा जनता का विश्वास

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इस आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया और पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। ऐसे में जब भारत पाकिस्तान के खिलाफ मजबूत स्थिति में था, ठीक उसी वक्त सीजफायर की घोषणा कर दी गई। सरकार के सीजफायर के फैसले पर कई सवाल भी उठे। विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की, जबकि पाकिस्तान की तरफ से सोशल मीडिया में भारत की हार और पाकिस्तान की जीत का प्रोपगेंडा भी फैलाया गया। इन सबके बीच अब आईएएनएस मैटराइज सर्वे ने भारतीय सेना की पाकिस्तान के खिलाफ की गई कार्रवाई, सीजफायर का ऐलान और पाकिस्तानी प्रोपेगेंडा पर देश की जनता की सोच को लेकर पोल किया है, जिसमें कई चौंकाने वाले तथ्य सामने हैं। जो बताते हैं कि विश्व पटल पर प्रधानमंत्री मोदी की धाक और भी बढ़ी है। आईएएनएस मैटराइज ने ये सर्वे 9 मई 2025 से 15 मई 2025 तक के बीच किया है। इस सर्वे में कुल 7,463 लोगों की राय ली गई है, जिनमें पुरुषः 4,702 और महिलाः 2,761 शामिल हैं। इस सर्वे में सभी राज्यों को शामिल किया गया है और इसमें गलती की संभावना (मार्जिन ऑफ एरर) +/- 3 प्रतिशत है। आईएएनएस मैटराइज ने अपने सर्वे में लोगों से ये सवाल किया कि क्या भारत 'ऑपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान को सबक सिखाने में सफल रहा है? इस सवाल पर 66 प्रतिशत लोगों ने 'हां' में इसका जवाब दिया, जबकि 18 प्रतिशत लोग मानते हैं कि 'कुछ हद तक सफल' रहा है। इसके अलावा, 9 प्रतिशत लोगों का कहना है कि बिल्कुल सफल नहीं रहा। वहीं, 7 प्रतिशत लोग 'पता नहीं/कह नहीं सकते' के बीच फंसे दिखाई दिए।




### 'ऑपरेशन सिंदूर' ने बढ़ाई पीएम मोदी की धाक पाक को सबक सिखाने में सबसे ज्यादा सक्षम नेता

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आम जनता का भरोसा भारतीय सेना और सरकार पर और भी मजबूत हुआ है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और आतंकियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के लिए न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर सशक्त नेता के तौर पर उभरे हैं बल्कि उन्होंने राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी जैसे नेताओं को लिस्ट में काफी पीछे छोड़ दिया है। इस बात की पुष्टि आईएएनएस मैटराइज के हालिया सर्वे में की गई है। 9 मई से 15 मई 2025 तक के बीच किए गए आईएएनएस मैटराइज के सर्वे में लोगों से सवाल किया गया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत की गई कार्रवाई में देश का कौन सा नेता पाकिस्तान को सबक सिखाने में सबसे सक्षम है? इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सबसे ज्यादा समर्थन मिला है।



### लोगों ने माना, पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की तुलना में पीएम मोदी में है सशक्त फैसले लेने की क्षमता

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि को और मजबूत किया है। पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के बाद पीएम मोदी और पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की निर्णायक नेतृत्व शैली और सशक्त फैसले लेने की क्षमता को लेकर तुलना भी हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी और पूर्व पीएम इंदिरा गांधी में से कौन सा नेता अधिक सशक्त फैसले लेने में सक्षम रहा है, इस पर आईएएनएस मैटराइज सर्वे में नतीजे सामने आए हैं। आईएएनएस मैटराइज सर्वेक्षण में 42 प्रतिशत लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी को अधिक सशक्त फैसले लेने वाला नेता माना है, जबकि 29 प्रतिशत ने इंदिरा गांधी के पक्ष में राय दी है। दरअसल, आईएएनएस मैटराइज के सर्वे में 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर लोगों से सवाल किया गया।

## मिस्र ने गाजा में तत्काल युद्ध विराम की मांग की



**काहिरा (आईएएनएस)**

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी ने एक अमेरिकी अधिकारी के साथ बैठक के दौरान गाजा पट्टी में तत्काल युद्ध पर रोक लगाने और युद्धग्रस्त क्षेत्र में मानवीय सहायता के प्रवाह को आसान बनाने का आग्रह किया। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है, "राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने काहिरा में अफ्रीका के लिए अमेरिका के वरिष्ठ सलाहकार और अरब, मध्य पूर्वी मामलों पर राष्ट्रपति के सलाहकार मासाद बौलोस के साथ बैठक में 'गाजा' पर युद्ध विराम का आग्रह और मानवीय सुविधाओं को सुगम बनाने की अपील की। बयान के मुताबिक, दोनों पक्षों ने मध्य पूर्व में नवीनतम घटनाक्रमों और क्षेत्रीय स्थिरता को बहाल करने के तरीकों पर चर्चा की। राष्ट्रपति सिसी ने 'गाजा' में युद्ध विराम के लिए मिस्र, अमेरिका और कतर की संयुक्त मध्यस्थता प्रयासों की सराहना की और समन्वय जारी रखने के लिए मिस्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## पीएम मोदी ने बाइडेन के स्वास्थ्य पर जताई चिंता



**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के स्वास्थ्य के प्रति चिंता व्यक्त की है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन को प्रोस्टेट कैंसर हुआ है, इसकी जानकारी खुद पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ने दी। डॉक्टरों के मुताबिक यह तेजी से फैलने वाली बीमारी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "जो बाइडेन के स्वास्थ्य के बारे में सुनकर बहुत चिंतित हूं। वह शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ हों, इसके लिए हमारी शुभकामनाएं। हमारी संवेदनाएं डॉ. जिल बाइडेन और उनके परिवार के साथ हैं। जो बाइडेन के कार्यालय ने एक बयान में बताया, "पिछले हफ्ते पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन को यूरीन से जुड़ी कुछ समस्याएं बढ़ गई थीं। जांच में उनके प्रोस्टेट में एक गांठ पाई गई। शुक्रवार को उनके प्रोस्टेट कैंसर की पुष्टि हुई। यह कैंसर हड्डियों तक फैल चुका है और इसे काफी गंभीर माना जा रहा है।

### आईएमएफ के जरिए ट्रंप का नया दांव

# पाकिस्तान पर बढ़ा चीन और अमेरिका का जबरदस्त दबाव

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति अपने चरम पर थी। तब भारत के लाख विरोध के बावजूद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को लोन की मंजूरी दे दी। 2.3 बिलियन डॉलर की रकम पाकिस्तान को दी जानी थी। लेकिन अब इसमें आईएमएफ ने नई शर्त रख दी है। आईएमएफ की तरफ से पैसा रिलीज किए जाने की सूरत में पाकिस्तान को ये 11 शर्तें माननी होंगी। इससे पहले भी आईएमएफ ने पाकिस्तान को कर्ज दिया था उस वक्त भी अपनी शर्तें पाकिस्तान पर थोपी थी। उसके बाद पाकिस्तान में बेरोजगारी और महंगाई के लिए आलम को पूरी दुनिया ने देखा था। अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपनी कर्ज राहत योजना की अगली किस्त जारी करने के लिए 11 नई शर्तें जोड़ दी है। अब तक कुल 50 शर्तें आईएमएफ पाकिस्तान पर थोप चुका है। इसके अलावा आईएमएफ ने भारत-पाकिस्तान के बीच के तनाव को कार्यक्रम के लिए खतरा बताया है।

एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच में अगर तनाव बढ़ता है कि तो पड़ोसी देश के आर्थिक सुधार, बजट संतुलन और विदेशी लेन-देन से जुड़े सभी लक्ष्यों पर असर पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में भारत की आतंकवादी ठिकानों पर की गई स्ट्राइक और पाकिस्तान की जवावी कार्रवाई ने माहौल को और ज्यादा संवेदनशील बना दिया है। आईएमएफ ने अनुमान लगाया है कि वित्त वर्ष के लिए पाकिस्तान का रक्षा बजट 2.414 लाख करोड़ रुपए हो सकता है, जो 12% ज्यादा है। वहीं, पाकिस्तानी सरकार ने 2.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा आवंटित करने का संकेत दिया है, जो भारत के साथ संघर्ष के बाद 18% की वृद्धि दशांता है।




### कौन-कौन सी नई शर्तें जोड़ी गईं?

- पाकिस्तान को अपनी संसद से वित वर्ष 2026 के लिए 17.6 लाख करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दिलानी होगी।
- बिजली बिल में लगने वाला डेट सर्विस सरचार्ज 3.21 रुपये प्रति यूनिट की अधिकतम सीमा में नहीं रहेगा। लोगों पर बोझ बढ़ेगा।
- अब 5 साल पुरानी कारों तक के आयात की इजाजत दी जाएगी। फिलहाल सिर्फ 3 साल पुरानो कारों को मंगाने की अनुमति थी।
- पाकिस्तान के चारों प्रांतों को कृषि आयकर लागू करने की योजना बनानी होगी। टैक्सपेयर की पहचान, पंजीकरण, ऑनलाइन रिटर्न शामिल हैं।
- पाकिस्तान को एक कार्य योजना सार्वजनिक करनी होगी, जिसमें सरकारी तंत्र की कमजोरियों को सुधारने के उपाय बताए जाएंगे।

### कर्नल सोफिया कुरैशी पर मप्र के मंत्री विजय शाह की टिप्पणी पर

## "ऐसा कोई व्यक्ति मेरी पार्टी में होता, तो उसे जीवन भर के लिए निष्कासित कर दिया जाता": चिराग पासवान

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर मप्र के मंत्री विजय शाह द्वारा की गई टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई है। भाजपा के विरोधी लगातार सवाल कर रहे हैं कि पार्टी ने अपने इस नेता के विरूद्ध अब तक कोई एक्शन क्यों नहीं लिया है। अब इस मसले पर चिराग पासवान ने भी बयान दिया है।कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में विजय शाह की टिप्पणी की निंदा करते हुए चिराग पासवान ने सोमवार को कहा कि यदि वो उनकी पार्टी में होते तो उन्हें "जीवन भर के लिए निष्कासित कर दिया जाता।" बिहार में एलजेपी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, "हमें अपने सैन्य कर्मियों पर गर्व है। जो कोई भी उनकी तुलना आतंकवादियों से करता है, वह निंदा का पात्र है। अगर ऐसा कोई व्यक्ति मेरी पार्टी में होता, तो उसे जीवन भर के लिए निष्कासित कर दिया जाता।

## गुयाना के स्पार्टा में भगवान हनुमान की 16 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई

**जॉर्जटाउन (आईएएनएस)**



गुयाना के स्पार्टा के एस्सेकिबो तट पर सीता-राम राधेश्याम मंदिर में भगवान हनुमान की 16 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। इस प्रतिमा की स्थापना आस्था, मित्रता और दृढ़ संकल्प के प्रतीक के रूप में की गई है। गुयाना में स्थापित गई भगवान हनुमान की यह मूर्ति भारत से मंगाई गई है। इसकी स्थापना मंदिर और क्षेत्र के हिंदू समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एस्सेकिबो तट पर स्थापित भगवान हनुमान की यह प्रतिमा सबसे लंबी है। सूकलाल परिवार ने इसे अपने दिवंगत माता-पिता की याद में दान किया था।

## शोपियां में आतंकी गतिविधियों से जुड़े दो आरोपी हथियारों सहित गिरफ्तार



**श्रीनगर (आईएएनएस)**

जम्मू एवं कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकी गतिविधियों से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। शोपियां जिले की पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया, "आतंकवाद के खिलाफ एक उल्लेखनीय अभियान में एसओजी शोपियां, सीआरपीएफ 178 बीएन और 34 आरआर के संयुक्त टीम ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उनकी तलाशी लेने पर 4 हथगोले, 2 पिस्तौल, 43 जिंदा कारतूस और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। दोनों के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की गई। संयुक्त बलों ने पूरे केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादियों, उनके ओवरग्राउंड वर्करों (ओजीडब्ल्यू) और उनके समर्थकों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है।

ये ऑपरेशन सेना, पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जाते हैं। पिछले सप्ताह शोपियां और पुलवामा जिलों में दो लगातार अभियानों में छह आतंकवादी मारे गए थे। मारे गए आतंकवादियों में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का ऑपरेशनल कमांडर भी शामिल था। 22 अप्रैल को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों ने पहलगाम में एक स्थानीय नागरिक सहित 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी। इस आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान-पीओके में घुसकर एयर स्ट्राइक की थी।

## अंतरिम सरकार की अनिश्चितता के बीच नुसरत फारिया को भेजा गया जेल



**ढाका (आईएएनएस)।** बांग्लादेश की जानी-मानी एक्ट्रेस नुसरत फारिया को इनामुल हक नामक एक व्यक्ति की हत्या के प्रयास के मामले में जेल भेज दिया गया है। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक फिल्म में बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का किरदार निभाने वाली फारिया को पुलिस ने रविवार को ढाका हवाई अड्डे पर उस समय हिरासत में लिया था जब वह थाईलैंड जा रही थीं। जुलाई 2024 के आंदोलन से जुड़े इस केस में बाद में उन्हें गिरफ्तार दिखाया गया था।




## एक्ट्रेस शिल्पा शिरोडकर हुई कोविड पॉजिटिव...

उर्वशी रौतेला के कान्स लुक में एक छोटी सी चूक हुई, जब प्रशंसकों ने उनके कॉउचर गाउन पर बगल के पास एक छेद देखा। कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर उर्वशी के पिछले लुक ने अपनी चमक-दमक के लिए सुर्खियाँ बटोरीं। लेकिन जैसे ही उर्वशी ने अपना अगला लुक पेश किया, उन्हें एक गलती का सामना करना पड़ा।



### उर्वशी रौतेला ने करवाई भारत की बेइज्जती!

**कहानी फिल्म जगत की**

उर्वशी रौतेला के कान्स लुक में एक छोटी सी चूक हुई, जब प्रशंसकों ने उनके कॉउचर गाउन पर बगल के पास एक छेद देखा। कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर उर्वशी के पिछले लुक ने अपनी चमक-दमक के लिए सुर्खियाँ बटोरीं। लेकिन जैसे ही उर्वशी ने अपना अगला लुक पेश किया, उन्हें एक गलती का सामना करना पड़ा। अभिनेत्री रविवार को 78वें वार्षिक कान्स फिल्म फेस्टिवल में ओ एजेंटे सीक्रेटो स्क्रीनिंग के दौरान रेड कार्पेट पर चलीं। उर्वशी ने सिल्क और तफ़्ता से बना नाजा सादे कॉउचर का एक ब्लैक गाउन पहना था। हालाँकि, जब उर्वशी ने कैमरों की ओर हाथ हिलाने के लिए अपना हाथ उठाया, तो नेटिज़ेंस ने तुरंत उनकी बाँह के पास एक छेद को नोटिस कर लिया। 'उर्वशी रौतेला-कान्स में फटी हुई ड्रेस पहनने वाली पहली भारतीय?'



### मतदाता सूची को शत प्रतिशत संतुष्टि के करीब बनाएं जिससे इसकी चमक हीरे की तरह बनी रहे

# झारखंड में बनी मतदाता सूची के विरुद्ध एक भी अपील दायर नहीं हुआ : मुख्य चुनाव आयुक्त

● दशम जलप्रपात की बीएलओ का मुख्य चुनाव आयुक्त ने की सराहना

**नवीन मेल संवाददाता**



**नई दिल्ली/रांची।** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज नई दिल्ली स्थित भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) में झारखंड के बूथ लेवल अधिकारियों, बीएलओ पर्यवेक्षकों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं बूथ जागरूकता समूह/ बूथ स्तरीय स्वयंसेवकों के लिए आयोजित दो-दिवसीय क्षमता-निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग भारत के संविधान, लोक प्रतिनिधित्व नियम 1950, निर्वाचन के नियमावली आदि में वर्णित दिशा निर्देशों का अनुपालन करता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों के भ्रमण के क्रम में, वहां के जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे कर्मियों की कार्यशैली को देखने का अवसर मिला ,जिससे प्रभावित होकर एक पहल किया गया है, जिसके तहत देश के विभिन्न राज्यों के बीएलओ को दिल्ली बुलाकर ट्रेनिंग देने का कार्य किया जा रहा है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि झारखंड भ्रमण के दौरान दशम जलप्रपात की बीएलओ दीदियों से मिलने का मौका प्राप्त हुआ उनकी निर्वाचन से संबंधित अपने विषयों की जानकारी अत्यन्त ही प्रभावशाली है। उन्होंने झारखंड में निर्वाचन से संबंधित सभी स्टेकहोल्डर्स के कार्यों की सराहना की साथ ही कहा कि विगत के मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रमों के उपरांत झारखंड में बने मतदाता सूची के विरुद्ध एक भी अपील दायर नहीं हुए है। यह एक सराहनीय उपलब्धि है, लेकिन हमें इस ओर भी सभी मतदाताओं को शिक्षित करना है कि यदि मतदाता सूची से वह किसी प्रकार से असहमत हैं, तो वह जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपील कर सकते है एवं उनके निर्णय के विरुद्ध मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर पर भी अपील की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमें सभी लोगों को शिक्षित करते हुए मतदाता सूची को शत प्रतिशत संतुष्टि के साथ निर्मित करना है जिससे इसकी चमक हीरे की तरह बनी रहे।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का एक उद्देश्य यह भी है कि मतदाताओं के बीच मतदान प्रक्रिया एवं ईवीएम के प्रति किसी प्रकार की गलत धारणा को दूर किया जा सके। ईवीएम एवं विविपैट का मिलान 5 करोड़ बार से भी अधिक किया गया है लेकिन आज तक एक भी गलती नहीं मिली है यह पूरी तरह से सुरक्षित एवं वही परिणाम देता है जो मतदाता चाहते है।

ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग निर्वाचन के समय डेपुटेशन पर अन्य लोगों को समाहित करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी संस्था बन जाती है और 10.5 लाख मतदान केंद्रों पर एक जैसी प्रक्रिया में मतदान सम्पन्न कराती है। मतदान के साथ साथ मतदाता सूची को बनाने के लिए सभी 10.5 लाख बीएलओ एवं राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट साथ में सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्य करते हैं।

दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन प्रतिभागियों को योगाभ्यास, ग्रुप फोटोग्राफ, चुनाव विशेषज्ञ डॉ. शशि शेखर रेड्डी, देव दास दत्ता, चंद किशोर शर्मा, प्रभास दत्ता द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न विषयों पर बिंदुवार प्रशिक्षण देने का कार्य किया गया।

इस अवसर पर महानिदेशक आईआईआईडीईएम राकेश कुमार वर्मा, वरीय उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग, उप निर्वाचन आयुक्त अजीत कुमार, उप निर्वाचन आयुक्त संजय कुमार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार सहित झारखंड के निर्वाचन से संबंधित विभिन्न स्टेकहोल्डर उपस्थित रहे।



● आईआईआईडीईएम में झारखंड के निर्वाचन से संबंधित विभिन्न स्टेकहोल्डर के दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के पहले दिन का आरंभ सभी अभ्यर्थियों को योग का अभ्यास करा कर किया गया।

## राज्यपाल गंगवार से केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज भवन में मुलाकात की। राजभवन की ओर से राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री की इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया है।

## द्वितीय विश्व युद्ध के शहीदों को संजय सेठ ने दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों की स्मृति में सिंगापुर में क्रांजी युद्ध स्मारक का निर्माण किया गया है। सोमवार को उस स्मृति स्थल पर जाकर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सभी अमर बलिदानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर, उन्हें नमन किया।



## जेएससीए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पदाधिकारी सीएम से मिले

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष संजय पांडेय, सचिव सौरभ तिवारी (पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर), कोषाध्यक्ष अमिताभ घोष, मैनेजिंग कमिटी के सदस्य मिहिर प्रितेश टोप्पो, रमेश कुमार, संजय जैन, रत्नेश कुमार सिंह, जिला प्रतिनिधि श्रीराम पुरी और उत्तम कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की।

जेएससीए के पदादिकारियों ने इस मौके पर मुख्यमंत्री को जेएससीए चुनाव से संबंधित पूरी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जेएससीए के सभी निर्वाचित सदस्यों को हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि जेएससीए की नई टीम पूरी ऊर्जा और क्षमता के साथ झारखंड में क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम करेगी।

## अन्नदाता ही भूखा रह जाए तो वह शासन नहीं : राफिया नाज

**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा है कि झारखंड के मेहनतकश किसानों को छह महीने बाद भी उपज का पूरा भुगतान नहीं मिल पाया है। यह राज्य सरकार की अक्षमता और संवेदनहीनता का स्पष्ट प्रमाण है। 36,497 किसानों ने सरकार पर भरोसा करते हुए 5.07 लाख क्विंटल धान की आपूर्ति की, लेकिन उनमें से 9,615 किसानों को आज भी उनका हक नहीं मिला है। भुगतान की प्रक्रिया में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार व्याप्त है। जिसका एक उदाहरण हजारीबाग जिले में ही दो दरों में 40 करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला सामने आया है, जो शासन प्रणाली की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। जब अन्नदाता ही भूखा रह जाए, तो वह शासन नहीं, शर्म है। झारखंड की कृषि व्यवस्था एक गहरे संकट से गुजर रही है। राज्य खाद्य निगम के रिकॉर्ड के अनुसार, अब तक लगभग 128 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है।

## फुफेरे भाई के श्राद्ध में पहुंचे सीएम, पत्नी व मां भी रहीं साथ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी मां रूपी सोरेन और पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सोमवार की दोपहर अपने फुफेरे भाई झारखंड आंदोलनकारी कपूर बागी उर्फ कपूर टुडू के श्राद्ध कर्म में शामिल होने चांडिल के चाकुलिया पहुंचे। उन्होंने कपूर टुडू की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मां रूपी सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने परिजनों से बात की और श्राद्ध कर्म पर सामाजिक रीति-रिवाज का निर्वाह किया।

झारखंड आंदोलनकारी, विस्थापन विरोधी संघर्ष के अग्रदूत और सामाजिक न्याय के पक्षधर कपूर बागी का निधन छह मई की देर शाम ब्रह्मानंद अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया था। वे किडनी समस्या के साथ मधुमेय और उच्च रक्तचाप से ग्रसित थे। सात मई को उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव चाकुलिया स्थित श्मशान घाट में किया गया था। अंतिम संस्कार में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल हुए थे। चार वर्षों में कपूर बागी के दो छोटे भाई किशोर और अनूप का भी किडनी फेलियर से निधन हो चुका है। कपूर बागी पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के भगिना थे।

### सुरक्षा के थे पुख्ता प्रबंध

फुफेरे भाई के श्राद्धकर्म में मुख्यमंत्री के शामिल होने को लेकर पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गये थे। सड़क से लेकर गांव तक सुरक्षा के साथ सुविधा का प्रबंध किया गया था, ताकि श्राद्ध में पहुंचने वालों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। श्राद्ध कर्म में ईचागढ़ विधायक सविता महतो, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, गणेश माहली, रमेश हांसदा, झारखंड आंदोलनकारी ललित महतो, सरायकेला डीसी रविशंकर शुक्ला, एसपी मुकेश कुमार लुणायत समेत कई गणमान्य शामिल हुए।

## जिला मुख्यालयों में झामुमो का विरोध प्रदर्शन 27 को

**रांची।** झामुमो ने केंद्र सरकार द्वारा सरना धर्म कोड/आदिवासी धर्म कोड विधेयक को अब तक स्वीकृति नहीं दिए जाने के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया है। पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पाडेय की ओर से जारी कार्यालय आदेश के अनुसार, 27 मई को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय विशाल धरना का आयोजन किया जाएगा। महासचिव पांडेय ने कहा कि झारखंड विधानसभा से पारित सरना/आदिवासी धर्म कोड विधेयक पिछले पांच वर्षों से केंद्र सरकार के पास लंबित है। केंद्र सरकार द्वारा इस संबंध में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे आदिवासी समुदाय में रोष व्याप्त है।

## नाबालिग से गैंगरेप के बाद हत्या के मामले से चार आरोपी बरी

**रांची।** नाबालिग छात्रा का गैंगरेप के बाद उसकी हत्या करने से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए पोक्सो मामले की विशेष अदालत ने सोमवार को ट्रायल फेस कर रहे चार आरोपियों अंगद सिंह मुंडा, महेंद्र मुंडा, केशव महतो और नरेंद्रनाथ महतो को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। छह साल पुराने मामले में अभियोजन की ओर से 12 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। बावजूद घटना को साबित नहीं किया जा सका। सोनाहातू थाना क्षेत्र के कोटांगदाग गांव में अप्रैल 2019 में नाबालिग छात्रा का शव दुपट्टे से लटके एक वीरान घर से बरामद किया गया था। जांच में पता चला कि नाबालिग से पहले सामूहिक दुष्कर्म किया गया था।

## भाजपा की सैकड़ों महिलाओं ने ली झामुमो की सदस्यता

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा की कार्यसमिति सदस्य अंकिता वर्मा के नेतृत्व मे रांची की सैकड़ों महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ली। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई और पार्टी मे स्वागत किया। साथ ही पार्टी के नीति सिद्धांतों से अवगत कराया एवं संगठन को मजबूत करते हुए राज्य के विकास मे अपना महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु संकल्प दिलाया। सदस्यता लेने वालों मे रानी देवी, सरिता देवी, मधु देवी, सुधा देवी, अनीता देवी, बबीता देवी, लक्ष्मी देवी, आरती देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी, गुड़िया देवी, सरस्वती देवी, धंसरी देवी, मीना देवी, बिजली देवी, सीता देवी, बसंती देवी, सुनीता देवी, सुमन देवी, प्रीति देवी, पूजा देवी, ननकी देवी, किरण देवी, पिंकी देवी, सुमन देवी, गीता देवी, विक्की वर्मा थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम, केंद्रीय सदस्य सह संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता, नयनतारा उरांव, संध्या गुड़िया एवं प्रदीप मिर्धा और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नौ जुलाई की हड़ताल को सफल बनाएंगे : मंच



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नौ जुलाई को होने वाली देशव्यापी मजदूर हड़ताल को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। यह हड़ताल देश की मौजूदा सरकार की गलत कॉर्पोरेट नीतियों के खिलाफ और श्रमिकों की 17 सूत्रीय मांगों को लेकर बुलाई गई है। इस संबंध में सोमवार को भाकपा कार्यालय में ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने पत्रकारों से कहा कि हड़ताल की तैयारियों को लेकर 20 मई को शाम पांच बजे संयुक्त मंच सैनिक बाजार एवं कचहरी चौक दो रैली निकालकर अल्बर्ट एक्का चौक पर सभा आयोजित करेगा। इससे पहले संयुक्त मंच का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगा। मौके पर इंटक के लीलाधर सिंह, एटक के अशोक यादव, एक्टू के शुभेंदु सेन, सीटू के अनिर्बान बोस, प्रतीक मिश्रा, टीयूसीसी के राजेश यादव, बेफी के एमएल सिंह व कनक चौधरी ने हड़ताल को लेकर चर्चा की। सबसे पहले संयुक्त मंच के नेताओं ने 20 मई की देशव्यापी आम हड़ताल को फिलहाल टाले जाने की जानकारी दी। कहा कि देश में हड़ताल की घोषणा और लाखों नोटिस के बावजूद केंद्र समेत कई राज्य सरकारों के संरक्षण में नियोक्ता वर्ग मजदूरों पर हमले जारी रखे हुए हैं। काम के घंटों में मनमानी वृद्धि, न्यूनतम मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा के अधिकारों का उल्लंघन के साथ-साथ ठेका मजदूरों की गैरकानूनी छंटनी आम हो गयी है।

## दुर्गम क्षेत्र के मरीजों को जल्द मिलेगी बाइक एंबुलेंस की सुविधा : डॉ इरफान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों, पहाड़ी क्षेत्रों, जहां अच्छी सड़कें नहीं हैं, वहां के मरीजों को भी अब एंबुलेंस की सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से ऐसे मरीजों के लिए जल्द ही बाइक एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की जाएगी। मरीजों की परेशानियों को देखते हुए फिलहाल प्रथम चरण में 300 बाइक एंबुलेंस खरीदी जा रही है। जिससे दुर्गम गांवों एवं पहाड़ी इलाकों तक भी स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से पहुंच सकेंगी। बाइक एंबुलेंस का एक डेमो वर्जन सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री आवास पर पहुंच गया है। इस बाईक एंबुलेंस को पल्सर बाइक में बनाया गया है।



### बाइक एंबुलेंस का डेमो हुआ पेश

बाइक के बगल में एक बॉक्स बनाया गया है, जिसमें मरीज को लिटाने के लिए एक बेड लगा है। साथ ही मरीज को धूप-बारिश से बचाने के लिए उसमें एक कैनॉपी भी लगी है। इस डेमो वर्जन बाईक एंबुलेंस की अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपयोगिता जांची जाएगी। उसके बाद मामूली फेर बदल या यथारूप इसको पास किया जाएगा। जिसके बाद उसी अनुसार 300 एंबुलेंस राज्य को आपूर्ति की जाएगी।

संचालन और मेंटेनेंस के लिए युवाओं को होगा भुगतान स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि बाइक एंबुलेंस मिलने के बाद उसे उपयोगिता के अनुसार जिलों को वितरित किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि बाइक एंबुलेंस के संचालन की जिम्मेवारी इसके उपयोगी गांवों के युवाओं को ही दी जाएगी। ताकि, वह आसपास के गांवों में जरूरत पड़ने पर मरीजों को अविलंब अस्पताल तक पहुंचा सकें। इसके संचालन व मेंटेनेंस के एवज में सरकार युवाओं को भुगतान भी करेगी। मंत्री ने बताया कि इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा मरीजों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी और युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल का सीधा लाभ राज्य की आम जनता को मिलेगा, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां परंपरागत एम्बुलेंस सेवा पहुंच पाना कठिन होता है। यह निर्णय हमारे सरकार की जनकल्याणकारी सोच और सेवा भाव को दर्शाता है। हम जो कहते हैं, वह करते हैं – यही हमारी कार्यशैली की विशेषता है।

## पेज एक के शेष

### किसानों के बेहतर..

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार भी किसानों के जीवन को बेहतर करने का काम कर रही है। लाह के उत्पादन में कई किसान बेहतर काम कर रहे है। सहकारिता विभाग के 5 एपेक्स सोसाइटी किसानों के उत्पाद को सही बाजार उपलब्ध कराने में जुटी है। इस मौके पर विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीखी, सलाहकार प्रदीप हजारी, आईसीएआर के निदेशक सुजय रक्षित विशेष रूप से मौजूद थे।

**किसान खुद जागरूक हों :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि चाहे वे संस्थान के प्रयास हों या विभाग की योजनाएं, किसानों को इसके लिए खुद को जागरूक करना होगा। किसान खुद को सशक्त बना कर गांव-पंचायत को सशक्त बनाने में अहम भूमिका अदा कर सकते हैं।

### तुर्किये और अजरबैजान...

बैठक में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, आस्था किरण, सदस्य संजीव पोद्दार, पूनम आनंद, रमेश साहू, प्रमोद सारस्वत, मुकेश पांडे, मनोज मिश्रा, अल्तमस आलम, आनंद जालान, एसके अग्रवाल, तेजविंदर सिंह, संतोष अग्रवाल, सुबोध चौधरी, आदर्श अग्रवाल, असित भट्टाचार्य, निलेष चौधरी, दिलीप कुमार, शाहीद पॉल के अलावा पॉल ट्रैवल्स, ईस्टर्न ट्रैवल्स, फन एंड फ्लाइंग, साई टूर एंड ट्रैवल्स, आदर्श ट्रैवल्स, दृष्टि ट्रैवल्स, गोल्डन पीकॉक ट्रैवल्स, मित्तल ट्रैवल्स, सूर्या ट्रैवल्स (जमशेदपुर) के ऑपरेटर्स उपस्थित थे। यह जानकारी प्रवक्ता सुनील सरावगी ने दी।

**तुर्किये और अजरबैजान से जुड़ी कारोबारी संस्थाओं से कारोबार नहीं करें :** एफजेसीसीआई के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने राज्य के उद्यमियों से तुर्किये और अजरबैजान से इंपोर्ट-एक्सपोर्ट के बॉयकॉट करने की भी अपील की। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण है कि भीषण भूकंप से तबाही के दौरान जिस समय हजारों की संख्या में तुर्किये के नागरिक मारे गए थे, उस समय सबसे पहले भारत ने तुर्किये को राहत सामग्री, डॉक्टर, नर्स, पैरा मेडिकल स्टाफ, मेडिकल इक्विपमेंट पहुंचाया था। इस देश ने जब मौका आया, तब भारत की सद्भावना का लाभ उठाकर युद्ध के समय आतंकवाद का समर्थन किया। उनका यह रुख भारत की संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों पर आघात है। देशभक्त होने के नाते हम सभी व्यापारियों का फर्ज बनता है कि हम तुर्किये और अजरबैजान से जुड़ी कारोबारी संस्थाओं से कारोबार नहीं करें। एफजेसीसीआई के अध्यक्ष ने कहा, हम भारतीय नागरिकों और व्यापारियों से इन दोनों देशों की यात्रा का बहिष्कार करने की अपील करते हैं। चैंबर अपने सभी टूर ऑपरेटर्स और अन्य स्टेकहोल्डर्स के समन्वय से इस अभियान को गति देगा। हमारे इन प्रयासों से इन देशों की अर्थव्यवस्था विशेषकर उनके टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर प्रभवित होगी।

### संघर्ष में पाक की...

बैठक के दौरान समिति के सभी सदस्यों ने सोशल मीडिया पर मिसरी की आलोचना पर एकमत होकर विरोध जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग की निंदा करते हुए विदेश सचिव की पेशेवर कार्यशैली की सराहना की। ज्ञात हो कि 6 मई 2025 की रात को शुरू होने के बाद 10 मई को भारत और पाकिस्तान ने सभी सैन्य कार्रवाइयों को रोकने का आपसी समझौता किया था।

### स्वर्ण मंदिर था पाकिस्तान...

हम पूरी तरह से तैयार थे, क्योंकि हमें पहले से ही इसकी आशंका जताई थी। मेजर जनरल शेषाद्री ने कहा कि भारतीय सेना पेशेवर बल है, जिसने गंभीर उकसावे के बावजूद हमेशा एक संतुलित और मापे हुए तरीके से जवाब दिया। उन्होंने कहा, हमने सटीक हथियारों के साथ केवल आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया, ताकि कोई नागरिक क्षति न हो, इस तथ्य को पाकिस्तानी सेना ने भी ऑपरेशन के दौरान स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना के पास भारत के अंदर हमला करने के लिए कोई वैध लक्ष्य नहीं है और न ही उसके पास भारतीय सशस्त्र बलों का सामना करने का साहस या क्षमता है। इसलिए, वह आतंकवाद को एक राष्ट्रीय नीति के रूप में इस्तेमाल करके अपनी धरती से लांच किए गए मानव रहित हवाई हथियारों का सहारा लेता है। मेजर जनरल शेषाद्रि ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइलें लांच और फायर की गईं। भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों, नागरिक आबादी केंद्रों को भी नहीं बख्शा गया। भारतीय सशस्त्र बल और सेना के वायु रक्षा गनर पाकिस्तान के सभी हवाई खतरों को विफल करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान ने फिर से आतंकवादियों का सहारा लिया, तो उसका अवश्य ही नाश होगा। याद रहे कि 'ऑपरेशन सिंदूर' केवल स्थगित किया गया है, खत्म नहीं हुआ है। उसका विकराल रूप अभी बाकी है।

### 'वन रैंक वन पेंशन'...

सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले लाभों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के स्वतः संज्ञान लेने के पहले विभिन्न हाईकोर्ट के जजों ने भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। विभिन्न हाईकोर्ट के जिन जजों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी उनमें जस्टिस एम विजयराघवन, जस्टिस एम सुब्रमण्यम, जस्टिस आलोक कुमार मुखर्जी, जस्टिस सुरेंद्र कुमार, जस्टिस विकास कुंवर श्रीवास्तव, जस्टिस राजेंद्र कुमार, जस्टिस हेत सिंह और जस्टिस अजीत सिंह शामिल हैं।

# लखनऊ ने हैदराबाद को दिया 206 रनों का लक्ष्य, मार्करम-मार्श ने जड़ी फिफ्टी

**एजेंसी। लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) का 61वां मैच आज सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ के बीच खेला जा रहा है. इस मुकाबले में टॉस जीतकर हैदराबाद ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था. सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) पहले ही IPL 2025 से बाहर हो चुकी है. वहीं, ये मैच लखनऊ के लिए करो या मरो वाला है. अगर हारे तो प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म हो जाएंगी. LSG अभी भी प्लेऑफ़ की दौड़ में बनी हुई है, लेकिन उन्हें अपने शेष तीनों मैच जीतने होंगे. लखनऊ की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए मार्श और मार्करम की फिफ्टी के दम पर 206 रनों का लक्ष्य हैदराबाद के सामने रखा है.

## ऐसी रही लखनऊ की शुरुआत




पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी लखनऊ की शुरुआत बेहद धमाकेदार रही. मिचेल मार्श और एडेन मार्करम ने तूफानी अंदाज में आगाज किया. छक्के-चौके की बारिश की. मिचेल मार्श ने महज 28 गेंदों पर ही फिफ्टी जड़ दी. अपनी इस पारी में उन्होंने 3 चौके और 4 छक्के लगाए. 9 ओवर में ही लखनऊ ने 100 का आंकड़ा भी पार कर लिया था.लेकिन 11वें ओवर में लखनऊ को पहला झटका लगा, जब हर्ष दुबे ने मिचेल मार्श का विकेट झटका. मार्श ने 39 गेंद में 65 रनों की पारी खेली. उन्होंने 6 चौके और 4 छक्के लगाए. लेकिन दूसरे छोर पर मार्करम टिके रहे. लेकिन ऋषभ पंत फिर फ्लॉप रहे. वह नंबर-3 पर बल्लेबाजी के लिए आए लेकिन 7 रन बनाकर ही 12वें ओवर में आउट हो गए. 27 करोड़ी पंत के लिए ये सीजन बेहद खराब रहा है. वहीं, मार्करम ने 28 गेंदों पर अर्धशतक लगाया. ये उनका इस सीजन का 5वां अर्धशतक था. लेकिन 16वें ओवर में एडेन मार्करम का विकेट गिर गया. मार्करम ने 38 गेंद में 61 रनों की तूफानी पारी खेली. वहीं, 18वें ओवर में लखनऊ को चौथा झटका लगा जब बदोनी 3 रन बनाकर आउट हो गए. हालांकि, निकोलस पूरन एक छोर पर टिके रहे. पूरन ने 26 गेंद में 45 रन बनाए और आखिरी ओवर में वो रन आउट हो गए. लखनऊ ने 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 205 रन बनाए। LSG के पास आखिरी चार में पहुंचने का एक मौका है, यदि वे अपने शेष तीनों मुकाबले बड़े अंतर से जीतकर 16 अंक तक पहुंच सके. हालांकि, LSG का नेट रन रेट -0.469 है, जिससे उनके लिए यह लगभग असंभव हो गया है, जब तक कि वे अपने अगले तीनों विरोधियों को पूरी तरह से पराजित न कर दें।

सबसे बड़ा फोकस कप्तान ऋषभ पंत की फॉर्म पर है, जो आईपीएल नीलामी में रिकॉर्ड 27 करोड़ की बोली के बाद से पूरी तरह खराब रही है. पंत ने अब तक 11 मैचों में केवल 128 रन बनाए हैं, उनका स्ट्राइक रेट 100 से भी कम और औसत सिर्फ 12.80 रहा है।

## भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात

**लखनऊ (आईएएनएस)**



भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उनकी यह मुलाकात सीएम योगी के लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर हुई। इस दौरान दोनों के बीच गर्मजोशी से बातचीत हुई और मुख्यमंत्री ने शमी को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, "भारतीय क्रिकेट टीम के प्रख्यात गेंदबाज मोहम्मद शमी से आज लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट हुई।

मोहम्मद शमी ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से ऐसे समय में मुलाकात की है जब पिछले कुछ दिनों में टेस्ट क्रिकेट में उनकी संन्यास की खबरों ने जोर पकड़ लिया था। हालांकि, भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की अफवाहों पर नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए संन्यास की अफवाहों का खंडन करते हुए लिखा था कि ऐसे लोग ही भविष्य बर्बाद कर देते हैं। दरअसल, हाल ही में भारतीय क्रिकेट के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के माध्यम से यह जानकारी दी थी। विराट कोहली से कुछ ही दिन पहले रोहित शर्मा ने भी क्रिकेट के इस सबसे लंबे प्रारूप को अलविदा कह दिया था। इसके बाद शमी के संन्यास की अफवाह फैल गई थी, जिसका तेज गेंदबाज ने खंडन किया। मोहम्मद शमी मौजूदा समय में भारत के सबसे अहम खिलाड़ियों में से एक हैं। वह भारत के लिए अभी तक 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी20 मैच खेल चुके हैं। टेस्ट में उन्होंने 229 विकेट, वनडे में 206 विकेट और टी20 में 27 विकेट चटकाए हैं। वह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की विजेता टीम के भी हिस्से थे। उन्होंने इस टूर्नामेंट में भारत को जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। शमी मौजूदा आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेल रहे हैं, लेकिन इस सत्र में उनका प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा है। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी आईपीएल के बाद जून में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड के लंबे दौरे पर जाएंगे।

## एसीसी टूर्नामेंट्स से भारतीय टीम के हटने की खबर का बीसीसीआई सचिव ने किया खंडन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव देवाजित सैकिया ने कहा है कि एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) से जुड़े टूर्नामेंट्स में भारतीय टीम के भाग लेने के संबंध में किसी भी स्तर पर किसी भी तरह की चर्चा नहीं हुई है। इससे जुड़ी चल रही खबरें काल्पनिक हैं। सोमवार को ऐसी कई खबरें आईं कि भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव को देखते हुए बीसीसीआई एसीसी के आगामी टूर्नामेंट्स, वीमिन्स इमर्जिंग एशिया कप जो जून में होना है, और मेन्स एशिया कप जो सितंबर में होना है, से भारतीय टीम को बाहर रखने का निर्णय एसीसी को भेज सकती है। एसीसी के मौजूदा अध्यक्ष पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी हैं, जो पाकिस्तान सरकार में आंतरिक सुरक्षा मंत्री भी हैं। सैकिया ने आईएएनएस को दिए गए बयान में कहा, "आज सुबह से ही हमें कुछ ऐसी खबरें मिली हैं कि बीसीसीआई ने एशिया कप और महिला इमर्जिंग टीम एशिया कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है, जो दोनों ही एसीसी के इवेंट हैं। ऐसी खबरों में कोई सच्चाई नहीं है।

## इंग्लैंड दौरे से पहले सख्त डाइट और ट्रेनिंग पर सरफराज खान वजन में की भारी कटौती

**नई दिल्ली (एजेंसी)**




अगले महीने होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान ने खूब पसीना बहा रहे हैं और जमकर मेहनत कर रहे हैं। सरफराज फिट होने की राह पर हैं और सख्त डाइट प्लान के जरिए उन्होंने 10 किलो वजन भी घटाया है। एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी साझा की गई है। पिछले साल 2024 में भारत के लिए पदार्पण करने वाले सरफराज ने एक भी विदेशी टेस्ट मैच नहीं खेला है। इस बार उन्हें भी टीम में मौका मिले इसके लिए वह अपनी फिटनेस पर काम कर रहे हैं क्योंकि यही एक चीज में जिसे लेकर उन्हें अकसर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। भारत ए को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैच (30 मई-2 जून को कैंटरबरी में और 6-9 जून को नॉर्थम्प्टन में) और सीनियर इंडिया टेस्ट टीम के खिलाफ एक इंट्रा-स्क्वाड मैच (13-16 जून को बेकेनहैम में) खेलना है। 18 सदस्यीय टीम की घोषणा करते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कहा कि शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन 3 जून को आईपीएल 2025 के समाप्त होने के बाद इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे मैच से पहले भारत 'ए' टीम में शामिल होंगे।

**अल्कराज ने सिनर को हराकर जीता इटालियन ओपन**

## वर्ल्ड नंबर 2 बने सिनर, 26 मैचों की जीत पर लगा ब्रेक

**नई दिल्ली (एजेंसी)**



कार्लोस अल्कराज रविवार को इटालियन ओपन के फाइनल में जैनिक सिनर को 7-6 (7/5), 6-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। उनका यह इस सीजन का तीसरा खिताब है। इसके साथ ही वह वर्ल्ड रैंकिंग में सिनर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे। मोंटे कार्लो में जीत के बाद अल्कराज का यह इस साल का दूसरा मास्टर्स 1000 खिताब है।

सिनर के 26 मैचों की जीत का सिलसिला टूटा सिनर की 26 मैचों की लगातार जीत का सिलसिला टूट गया, जिन्हें पिछली बार भी अल्कराज ने ही चाइना ओपन के फाइनल में हराया था। 2024 की शुरुआत से सिनर को टूर फाइनल में हराने वाले अल्कराज एकमात्र खिलाड़ी हैं। जैस्मीन पाओलिनी ने सिंगल्स और डबल्स जीतने वाली खिलाड़ी बनीं जैस्मीन पाओलिनी ने मोनिका सेलेस के बाद पहली बार इटालियन ओपन में सिंगल्स और डबल्स दोनों का खिताब जीते। उन्होंने सारा एरानी के साथ मिलकर युगल का खिताब जीता और सिंगल्स में कोको गॉफ को हराकर 1985 के बाद रोम में सिगल्स खिताब जीतने वाली पहली इटालियन महिला खिलाड़ी बनीं।

## रोहित शर्मा ने निभाया वादा, युवराज सिंह को गिफ्ट की लेम्बोर्गिनी



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने सोमवार को फैंटेसी क्रिकेट कॉनटेस्टस विजेता को उपहार में लैंबरगिनी उरुस दी। रोहित शर्मा को कई बार मुंबई की सड़कों पर अपनी नीली रंग की लैंबरगिनी में घूमते हुए देखा गया है। उन्होंने एक विजेता को कार की चाबी सौंपी। रोहित शर्मा की लैंबरगिनी कार का रजिस्ट्रेशन नंबर 264 है, जो 'हिटमैन' के लिए बेहद विशेष है। रोहित शर्मा का वनडे प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी 264 रन है, जिसकी तर्ज पर उन्हें कार नंबर मिला। पता हो कि रोहित शर्मा की लैंबरगिनी की कीमत करीब साढ़े चार करोड़ रुपये है, जो सालों से फैंस की पसंदीदा कार रही है।

## द्रविड़ ने ध्रुव जुरेल का किया बचाव मैच में चूकने पर अफसोस जताया

**नई दिल्ली (एजेंसी)**



राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने दबाव में धैर्य बनाए रखने के लिए युवा बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की प्रशंसा की और इस सीजन में टीम की करीबी हार के बावजूद कठिन परिस्थितियों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का श्रेय उन्हें दिया।


रविवार को राजस्थान की हालिया करीबी हार के बाद द्रविड़ ने कहा, 'हर एक मैच में वह 13-14 रन प्रति ओवर का पीछा करना आसान नहीं है। उसने वास्तव में अच्छा खेला, भले ही हमने बीच के ओवरों में कई विकेट खो दिए हों। उसने हमें लक्ष्य के करीब पहुंचाया।' क्रम में मुश्किल स्थिति में जुरेल के स्वभाव की प्रशंसा करते हुए द्रविड़ ने कहा, 'ऐसा नहीं है कि वह सात रन प्रति ओवर की जरूरत के लिए मैदान में उतरा और असफल रहा। यह हमेशा 12-13 रन होता है, कभी-कभी इससे भी ज्यादा। मुझे लगता है कि जुरेल ने हमारे लिए नंबर 5 पर अच्छा प्रदर्शन किया है। इस स्थिति में बल्लेबाजी करना बहुत मुश्किल है। द्रविड़ ने टीम में शामिल युवा भारतीय बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग और संजू सैमसन की तारीफ की और कहा, 'हमने प्रतिभा देखी है। आज फिर से, जायसवाल, वैभव, जुरेल, यहां तक कि संजू और रियान की बल्लेबाजी भी देखी। हमारे पास युवा भारतीय बल्लेबाजों का एक मजबूत समूह है। वे एक साल में और बेहतर हो जाएंगे।'

उन्होंने कहा कि सूर्यवंशी और पराग जैसे खिलाड़ियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मैचों के माध्यम से और अधिक अनुभव प्राप्त होगा। द्रविड़ ने कहा, 'वैभव भारत अंडर-19 सेटअप की तरह बहुत अधिक क्रिकेट खेलेगा। रियान पराग भी।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारत की ऑर्थोपेडिक, कार्डियक इम्प्लांट इंडस्ट्री वित्त वर्ष 2028 तक 5 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



मजबूत घरेलू मांग और बढ़ती निर्यात उपस्थिति के कारण भारत का ऑर्थोपेडिक और कार्डियक इम्प्लांट सेक्टर वित्त वर्ष 2028 तक 4.5 से 5 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह जानकारी सोमवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। केयरएज रेटिंग्स के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 में यह क्षेत्र (निर्यात सहित) 2.4 से 2.7 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। भारतीय इम्प्लांट निर्माता घरेलू बाजार में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और धीरे-धीरे निर्यात बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकांश कोरोनरी और ऑर्थोपेडिक इम्प्लांट उत्पादों के आयात पर केवल 7.5 प्रतिशत सीमा शुल्क के साथ अमेरिका के साथ किसी भी संभावित व्यापार सौदे से टैरिफ में कमी आने की संभावना नहीं है, जिससे घरेलू निर्माताओं के लिए बाजार की गतिशीलता में कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। हालांकि मूल्य सीमा में छूट मिलना एमएनसी की तुलना में घरेलू निर्माताओं के लिए प्रतिस्पर्धी परिदृश्य को बदल सकते हैं। घरेलू इम्प्लांट निर्माताओं की बिक्री वित्त वर्ष 2024 में समाप्त चार वर्षों के दौरान 28 प्रतिशत (निर्यात के लिए 37 प्रतिशत सीएजीआर सहित) सीएजीआर से बढ़ी है, जो इसी अवधि के दौरान एमएनसी के लिए 12 प्रतिशत की बिक्री सीएजीआर से आगे निकल गई है। प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण और सरकार द्वारा स्पॉन्सर्ड बीमा योजनाओं में बढ़ती भागीदारी की वजह से घरेलू संस्थाओं की बिक्री मात्रा में वृद्धि और भी अधिक थी। केयरएज रेटिंग्स के निदेशक क्रुणाल मोदी ने कहा, "भारत का मेडिकल इम्प्लांट क्षेत्र मजबूत घरेलू मांग और बढ़ते निर्यात से प्रेरित होकर मजबूत विकास पथ पर है। पिछले 5-6 वर्षों के दौरान इम्प्लांट के लिए भारत की निर्यात वृद्धि दर इम्प्लांट आयात से काफी आगे निकल गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रति व्यक्ति आय और अफोर्डिबिलिटी में वृद्धि, स्वास्थ्य सेवा के प्रति बढ़ती जागरूकता, बढ़ती उम्रदराज आबादी, स्वास्थ्य सेवा के इंफ्रास्ट्रक्चर में विस्तार और बीमा पेनेट्रेशन में वृद्धि से लंबी अवधि में इम्प्लांट की घरेलू मांग में तेजी आने की उम्मीद है।

प्राइस कैप ने विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उच्च-मार्जिन वाले उत्पादों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला, जिससे उन्हें भारतीय बाजार से अपने कुछ प्रीमियम उत्पादों को बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि, इससे अफोर्डिबिलिटी में सुधार हुआ, खासकर घरेलू कंपनियों द्वारा मैन्युफैक्चर्ड इम्प्लांट के लिए, जिससे उन्हें अपने बाजार हिस्से का विस्तार करने में मदद मिली।

- **सरकारी योजनाओं का सहयोग:** आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से अफोर्डिबिलिटी और बाजार पहुंच में वृद्धि हुई।
- **मजबूत मांग के कारक :** बढ़ती आय, स्वास्थ्य जागरूकता, वृद्ध होती आबादी और बीमा कवरेज से घरेलू मांग में तेजी की उम्मीद।
- **सरकारी बीमा योजनाओं की भागीदारी:** इससे घरेलू कंपनियों की बिक्री मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।
- **स्थिर प्रतिस्पर्धी परिदृश्य :** मूल्य सीमा में किसी छूट से घरेलू कंपनियों को एमएनसीएस की तुलना में अधिक लाभ मिल सकता है।

## सोने की कीमत में तेजी जारी, 1,400 रुपए प्रति 10 ग्राम से अधिक हुआ महंगा



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सोने और चांदी की कीमत में सोमवार को तेजी देखने को मिली। सोने की कीमत एक बार फिर से करीब 94,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी का दाम 96,000 रुपए प्रति किलो के आसपास पहुंच गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 1,484 रुपए बढ़कर 93,785 रुपए हो गया है, जो कि पहले 92,301 रुपए था। 22 अप्रैल को 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर करीब 1,00,000 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी, तब से सोना करीब 6 प्रतिशत सस्ता हो गया है। इसके अलावा 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 85,907 रुपए हो गया है, जो कि पहले 84,548 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 70,339 रुपए हो गया है, जो कि पहले 69,226 रुपए था। इसके उलट चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। चांदी का भाव 1,149 रुपए बढ़कर 95,755 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 94,606 रुपए प्रति किलो था।

## ऑटो और सरकारी बैंकों में आई तेजी, सेक्टोरल शेयरों ने दिखाई मजबूती



**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार के सत्र में सपाट बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 271.17 अंक या 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,059.42 और निफ्टी 74.35 अंक या 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,945.45 पर था। दिन के दौरान ऑटो और सरकारी शेयरों में मजबूती देखी गई। निफ्टी ऑटो इंडेक्स 0.42 प्रतिशत और निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स 1.48 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। इसके अलावा, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, मेटल, रियल्टी, एनर्जी और पीएसई इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। वहीं, आईटी, एफएमसीजी, मीडिया, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। लार्जकैप के उलट मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.08 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। व्यापक बाजार का रुझान सकारात्मक था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,531 शेयर हरे निशान में, 1,565 शेयर लाल निशान में और 177 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। सेंसेक्स पैक में पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, एचयूएल और टाटा स्टील गेनर्स थे। इटरनल (जोमैटो), इन्फोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा, रिलायंस, एशियन पेंट्स, एचयूएल टेक, टाइटन और एक्सिस बैंक लूजर्स थे। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ टेक्निकल एनालिस्ट, रूपक दे ने कहा, "भारतीय शेयर बाजार के लिए आज का सत्र उतार-चढ़ाव भरा रहा।

## भारत का खाद्यान्न उत्पादन वित्त वर्ष 2025 में 6.8% बढ़कर 1,663.9 लाख टन से अधिक रहा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को घोषणा की कि भारत का खाद्यान्न उत्पादन 2024-25 में 106 लाख टन से अधिक बढ़कर 1,663.91 लाख टन हो गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6.83 प्रतिशत अधिक है। चौहान ने कॉन्फ्रेंस में कहा, "2023-24 में देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन करीब 1,557.6 लाख टन था। मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 2024-25 में यह 1,663.91 लाख टन हो गया है। उन्होंने कहा, "2023-24 में रबी फसल का उत्पादन 1,600.06 लाख टन था, जो अब बढ़कर 1,645.27 लाख टन हो गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनके मंत्रालय का लक्ष्य न केवल देश की खाद्यान्न आवश्यकताओं को पूरा करना है, बल्कि भारत को विश्व का खाद्यान्न भंडार बनाना भी है। चौहान ने रविवार को नागपुर में आयोजित किसान सम्मेलन 'कृषि संवाद' में देश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आय बढ़ाने के लिए "एक राष्ट्र, एक कृषि और एक टीम" का नारा दिया।

## जुपिटर वैगन्स का मुनाफा चौथी तिमाही में लगभग 2 प्रतिशत गिरा, आय भी घटी

**मुंबई (आईएएनएस)।** रेलवे के लिए वैगन और उपकरण बनाने वाली कंपनी जुपिटर वैगन्स ने सोमवार को चौथी तिमाही के नतीजे पेश किए। जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी का मुनाफा 1.9 प्रतिशत घटकर 103 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 105 करोड़ रुपए था। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में कर से पहले मुनाफा सालाना आधार पर 8.26 प्रतिशत कम होकर 127.47 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 138.95 करोड़ रुपए पर था।

## आईसीआरए ने इंडियन टेलीकॉम टावर इंडस्ट्री के आउटलुक को 'नेगेटिव' से 'स्टेबल' किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने सोमवार को ग्राहकों से अच्छी कलेक्शन और बकाया भुगतान की प्राप्ति को देखते हुए इंडियन टेलीकॉम टावर इंडस्ट्री के आउटलुक को रिवाइज कर 'नेगेटिव' से 'स्टेबल' कर दिया है। इससे पहले इंडस्ट्री को कुछ दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से भुगतान में देरी के कारण प्राप्तियों में वृद्धि के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि, टावर कंपनियों को लगातार समय पर भुगतान के कारण स्थिति में काफी सुधार हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप प्राप्तियों की अवधि घटकर लगभग 45-60 दिन रह गई है, जो आईसीआरए के नेगेटिव आउटलुक सीमा 80 दिनों से कम है। पिछले बकाया की वसूली के साथ टेलीकॉम टावर इंडस्ट्री की लिक्विडिटी प्रोफाइल बेहतर हुई है और बाहरी ऋण पर निर्भरता कम हुई है, जिससे उद्योग के रिटर्न मेट्रिक्स में सुधार होने की संभावना है। आईसीआरए को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026 में टावर इंडस्ट्री 4-6 प्रतिशत की परिचालन आय वृद्धि दर्ज करेगी।